RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 265
नई दिल्ली, बुधवार, 3 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सौ साल की होने तक काम करूंगी
राष्ट्रीय-9

# अमेरिकी हमले में अल-कायदा का सरगना अल-जवाहिरी ढेर

- काबुल स्थित एक मकान में छिपा था अपने परिवार के साथ
- ओसामा बिन-लादेन के उत्तराधिकारी के तौर पर संभाली थी आतंकी संगठन की बागडोर

**भाषा।** वाशिंगटन

**अफगानिस्तान** में अमेरिकी हवाई हमले में अल-कायदा का सरगना अयमान अल-ज़वाहिरी मारा गया। अमेरिका पर 9/11 को हुए हमलों की साजिश अल-जवाहिरी और ओसामा बिन-लादेन ने मिलकर रची थी। ओसामा बिन-लादेन को यूएस नेवी सील्स ने दो मई 2011 को पाकिस्तान के एबटाबाद में एक अभियान में मार गिराया था।

ज़वाहिरी अमेरिकी कार्रवाई में ओसामा बिन-लादेन के मारे जाने के बाद अल-कायदा का सरगना बना था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) द्वारा काबुल में शनिवार शाम किए गए ड्रोन हमले में ज़वाहिरी मारा गया। ज़वाहिरी काबुल स्थित एक मकान में अपने परिवार के साथ छिपा था। राष्ट्रपति ने कहा, न्याय हुआ और यह आतंकवादी मारा गया। मिस्र के 71 वर्षीय सर्जन जवाहिरी पर 2.5 करोड़ डॉलर का इनाम था। उसने पहले बिन-लादेन की छत्रछाया में काम किया और बाद में उसके उत्तराधिकारी के तौर पर अल कायदा की बागडोर संभाली। 2011 में लादेन के मारे जाने के करीब 11 साल बाद ज़वाहिरी मारा गया। बाइडन ने व्हाइट हाउस में सोमवार की शाम एक संबोधन में कहा कि मैंने ही उस हमले की अनुमति दी थी, ताकि उसे हमेशा के लिए खत्म किया जा सके।

अधिकारियों के अनुसार, ज़वाहिरी एक मकान की बालकनी में था, तभी ड्रोन से उस पर दो मिसाइल दागी गईं। उसके परिवार के बाकी सदस्य भी वहां मौजूद थे, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं आई है केवल ज़वाहिरी मारा गया है। बाइडन ने कहा, 9/11 हमलों की साजिश रचने में उसकी



अयमान अल-ज़वाहिरी की फाइल फोटो

महत्वपूर्ण भूमिका थी..अमेरिकी सरजमीं पर किए सबसे घातक इस हमले में 2,977 लोग मारे गए थे। दशकों तक उसने अमेरिकियों के खिलाफ कई हमलों की साजिश रची। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, अब, न्याय हुआ और यह आतंकवादी सरगना मारा गया है।

दुनिया को अब इस दरिंदे हत्यारे से डरने की जरूरत नहीं है। सीएनएन ने बाइडन के हवाले से कहा, अमेरिका उन लोगों से अमेरिकियों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा, जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। हम आज एक बार फिर यह स्पष्ट करते हैं कि भले ही कितना ही समय लग जाए, भले ही तुम कहीं भी छिपे हों, अगर तुम हमारे लोगों के लिए खतरा हो तो अमेरिका तुम्हें ढूंढेगा और तुम्हारा खात्मा करेगा। बाइडन ने कहा कि यह हमला अमेरिकी खुफिया समुदाय की असाधारण दृढ़ता और कौशल का ही परिणाम है।

उन्होंने कहा, हमारे खुफिया विभाग को इस साल की शुरुआत में ज़वाहिरी का पता चला था.. वह अपने परिवार से मिलने काबुल गया था। बाइडन ने कहा कि 2001 के हमले का शिकार बने लोगों के परिवार वालों को आखिरकार अब सुकून मिला होगा। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2000 में अदन में यूएसएस कोल पर आत्मघाती बमबारी सहित ज़वाहिरी ने कई अन्य हिंसक घटनाओं की भी साजिश रची थी। यूएसएस कोल पर हुए हमले में अमेरिका के 17 नौसैनिक मारे गए थे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के करीब 11 महीने बाद एक महत्वपूर्ण आतंकवाद रोधी अभियान में अमेरिका ने यह सफलता हासिल की है। अफगानिस्तान में युद्ध के बाद करीब दो ( शेष पेज 8 )

# भारत को दो स्वर्ण, एक रजत और मिले

## भारत ने महिला फोर लॉन बॉल्स में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता



राष्ट्रमंडल खेल

**भाषा।** बर्मिंघम

**भारतीय** लॉन बॉल टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में मंगलवार को स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया और पूरे देश को इस गुमनाम से खेल को देखने के लिए प्रेरित भी किया। भारत की लवली चौबे (लीड), पिंकी (सेकंड), नयनमोनी सैकिया (थर्ड) और रूपा रानी टिर्की (स्लिप) की चौकड़ी ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में 17-10 से हराया। प्रतियोगिता की महिला फोर स्पर्धा में भारत पहली बार उतरा था। भारतीय दल का यह चौथा स्वर्ण है और भारोत्तोलन के ( शेष पेज 8 )

## भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने स्वर्ण बरकरार रखा



**भाषा।** बर्मिंघम

**हरमीत** देसाई ने निर्णायक एकल मुकाबले में अपनी लय कायम रखते हुए जीत दर्ज की और भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने मंगलवार को करीबी मुकाबले में सिंगापुर को हराकर राष्ट्रमंडल खेलों में अपना स्वर्ण बरकरार रखा। दुनिया के 121वें नंबर के खिलाड़ी हरमीत ने तीसरे एकल में 133वीं रैंकिंग वाले झे यू क्लारेंस चीयू को 11-8, 11-5, 11-6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में पुरुषों की टीम स्पर्धा में भारत का यह तीसरा स्वर्ण ( शेष पेज 8 )

## भारोत्तोलक ठाकुर को पुरुष 96 किग्रा वर्ग में रजत पदक

**भाषा।** बर्मिंघम

**भारत** के हैवीवेट भारोत्तोलक विकास ठाकुर ने मंगलवार को यहां 96 किग्रा वर्ग में रजत पदक के साथ राष्ट्रमंडल खेलों का एक और पदक अपने नाम किया। अनुभवी ठाकुर ने कुल 346 किग्रा (155 किग्रा और 191 किग्रा) वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया और इस दौरान अपने लगातार तीसरे राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीता। ठाकुर का राष्ट्रमंडल खेलों में यह दूसरा रजत पदक है। वह 2014 ग्लास्गो खेलों में भी दूसरे स्थान पर रहे थे जबकि गोल्ड कोस्ट में 2018 में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। समोआ के डॉन ओपेलोगे ने कुल 381 किग्रा (171 किग्रा और 210 किग्रा) वजन उठाकर रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता और अपने 2018 के प्रदर्शन के सुधार किया ( शेष पेज 8 )



# बूस्टर डोज अभियान के बाद सीएए के नियम बनेंगे: शाह

- गृह मंत्री ने बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के अनुरोध पर दिया आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल के भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया। इस पर शाह ने उन्हें आश्वासन दिया कि इसके बारे में नियम कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक देने की कवायद पूरी होने के बाद तैयार किए जाएंगे।

सीएए के लिए नियम बनाए जाने से इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। दिसंबर 2019 में संसद द्वारा पारित अधिनियम को नियम तैयार नहीं किए जाने के कारण अभी तक लागू नहीं किया गया है। सरकार ने नियम तैयार न कर पाने के लिए महामारी के प्रकोप का हवाला दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में



विपक्ष के नेता अधिकारी ने शाह से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लगभग 100 नेताओं की एक सूची भी सौंपी, जो कथित रूप से भर्ती घोटाले में शामिल थे, जिसमें राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया है।

घोटाले में शामिल सभी लोगों को बेनकाब करने के लिए व्यापक जांच की मांग करते हुए अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री को विधायकों सहित कुछ टीएमसी नेताओं के लेटरहेड भी दिए, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर रिश्वत लेकर नौकरियों के लिए कुछ नामों की सिफारिश करने के वास्ते किया गया था। उन्होंने शाह से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संसद में उनके कार्यालय में 45 मिनट तक मिलना मेरे लिए सम्मान की ( शेष पेज 8 )

# वैश्विक कारणों से बढ़ रही महंगाई: केंद्र

- राज्यसभा में महंगाई पर चर्चा का जवाब दे रहीं वित्तमंत्री ने किया सरकार का बचाव, कहा- हर जरूरी कदम उठा रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने स्वीकार किया कि महंगाई और मुद्रास्फीति वैश्विक हालात के कारण बढ़ रही है और यह किसी भी देश के काबू की बात नहीं है। विपक्ष की ओर से उठाए गए महंगाई के मुद्दे पर राज्यसभा में चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए लक्षित दृष्टिकोण के साथ सभी जरूरी कदम उठा रही है। इससे पहले चर्चा के दौरान विपक्ष ने सरकार से महंगाई पर नियंत्रण आम आदमी को राहत देने की अपील की।

वहीं भाजपा सांसदों ने कहा कि जो भी महंगाई बढ़ी है वह यूक्रेन-रूस युद्ध जैसे वैश्विक कारकों के कारण बढ़ी है। आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते मूल्य पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि कीमतों में वृद्धि



की बात से कोई इनकार नहीं कर रहा है। सरकार मुद्रास्फीति से निपटने के लिए जमीनी जानकारी के आधार पर, लक्षित दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अन्य उभरती और कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर स्थिति में है।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार एवं रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति को छह प्रतिशत से नीचे लाने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई दर 2 से 6 प्रतिशत के दायरे में रहने की जिम्मेदारी दी हुई है। सीतारमण ने कहा कि डिब्बाबंद और लेबल युक्त खाद्य पदार्थों पर पांच प्रतिशत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लगाने के प्रस्ताव पर जीएसटी परिषद में सभी राज्य सहमत थे और किसी ने इसका विरोध नहीं किया।

वित्त मंत्री ने बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान द्वारा मांगे जा रहे विदेशी कर्ज का हवाला देते हुए कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था ( शेष पेज 8 )

## खाद्यान्नों की कीमतों में वृद्धि चिंताजनक: विपक्ष

**चर्चा** में भाग लेते हुए एमडीएमके सदस्य वाइको ने कहा कि खाद्यान्नों की कीमतों में वृद्धि चिंताजनक है और महामारी के बाद अब आम आदमी महंगाई से प्रभावित हो रहा है। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सदस्य के. रवींद्र कुमार ने घरेलू रसोई गैस की कीमतों में कमी लाने की मांग की वहीं ऑल इण्डिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के एम. थंबीदुरै ने कहा कि महंगाई पर काबू पाने के लिए केंद्र के साथ ही राज्यों की भी भूमिका अहम है। भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी ने सरकार के विभिन्न कदमों की सराहना करते हुए कहा कि भारत के आसपास के देशों को भी देखना चाहिए जो परेशान हैं। हाल ही में कुछ वस्तुओं पर जीएसटी लगाए जाने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद सर्वसम्मति से ( शेष पेज 8 )

# भारतीय मुद्रा में गिरावट नहीं आई: वित्त मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**डॉलर** के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारतीय मुद्रा रुपये में गिरावट नहीं आई है बल्कि यह वास्तव में अपना स्वाभाविक गति से आगे बढ़ रहा है। राज्यसभा में कुछ सदस्यों द्वारा रुपये के मूल्य में गिरावट पर चिंता व्यक्त करने के बाद वित्तमंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए और अस्थिरता की दशा में हस्तक्षेप करेगा। 18 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद पहली बार सुचारू रूप से सदन चलने के दौरान प्रश्नकाल में रुपये बनाम डॉलर के मूल्य की तुलना पर बचाव करते हुए सीतारमण ने कहा कि वास्तव में रुपये का प्रदर्शन बहुत बेहतर है और यह अच्छी दशा में है। मंत्री ने कहा कि भारतीय रुपये के मूल्य को संभालने के लिए आरबीआई अधिक हस्तक्षेप नहीं कर रहा है क्योंकि यह रुपया अपना स्वाभाविक रास्ता खोजने के लिए स्वतंत्र है। मंत्री ने कहा कि आरबीआई की ओर से जो हस्तक्षेप हो रहे ( शेष पेज 8 )

# नेशनल हेराल्ड के दिल्ली समेत 12 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

- कांग्रेस का आरोप, राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई, कहा- मुख्य विपक्षी दलों पर हो रहे हैं हमले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को यहां और 11 अन्य स्थानों पर कांग्रेस पार्टी के स्वामित्व वाले नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र के ठिकानों पर छापेमारी की। यह तलाशी अभियान अखवार के खिलाफ चल रही मनी लांड्रिंग जांच के तहत चलाया गया। कांग्रेस ने ईडी की छापेमारी की निंदा करते हुए इसे 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया और कहा कि यह देश की मुख्य विपक्षी पार्टी पर हो रहे लगातार हमले का ही एक हिस्सा है।

ईडी अधिकारियों ने मध्य दिल्ली में आईटीओ के पास बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित 'हेराल्ड हाउस' में नेशनल हेराल्ड के दफ्तर की तलाशी ली। यह ऑफिस एजीएल के नाम पर पंजीकृत है। यह छापेमारी कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी से पूछताछ के एक सप्ताह बाद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत छापे मारे जा रहे हैं, ताकि यह पता लगाने के लिए अतिरिक्त सबूत एकत्र किए जा सकें कि धन का लेन-देन किसके बीच हुआ। उन्होंने कहा कि इस मामले में विभिन्न लोगों से हालिया पूछताछ के बाद ईडी को मिले नए सबूतों के मद्देनजर कार्रवाई की जा रही है।

जांच एजेंसी ने यहां अपने मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके सांसद बेटे राहुल से पूछताछ के बाद यह छापेमारी की है। सोनिया गांधी से जहां पिछले महीने तीन चरणों में 11 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी, वहीं जून में राहुल गांधी से ईडी ने पांच दिन तक, विभिन्न अंतराल पर, 50 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। ईडी ने मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन बंसल जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,328 | ↑ | 583 | |
| निफ्टी | 17,345 | ↑ | 05 | |
| सोना | 51,877 | ↓ | 289 | /10g |
| चांदी | 58,480 | ↓ | 841 | /kg |

## क्विक न्यूज

### व्हॉट्सएप ने 22 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** व्हॉट्सएप ने जून, 2022 के दौरान 22 लाख से अधिक भारतीयों के खातों पर प्रतिबंध लगाया है। मेटा के स्वामित्व वाले संदेश मंच ने उपयोगकर्ताओं से प्राप्त शिकायतों के आधार पर और उल्लंघनों का पता लगाने के लिए अपने स्वयं के तंत्र के माध्यम से यह कार्रवाई की है। कंपनी ने इससे पहले मई में 19 लाख, अप्रैल में 16 लाख और मार्च में 18.05 लाख खातों पर प्रतिबंध लगाया था। पिछले साल लागू हुए नए सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत, बड़े डिजिटल मंच (50 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं वाले) को हर महीने अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करना, प्राप्त शिकायतों और की गई कार्वाई के विवरण का उल्लेख करना अनिवार्य है। व्हॉट्सएप के प्रवक्ता ने ताजा मासिक रिपोर्ट में कहा, कंपनी ने जून माह के दौरान 22 लाख खातों को बंद किया।

# झारखंड के विधायकों के पास धन असम से आया

- सीआईडी अधिकारियों ने किया हवाला कनेक्शन का खुलासा
- झारखंड के तीन कांग्रेसी विधायक 49 लाख के साथ हुए थे गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**झारखंड** के विधायकों की गिरफ्तारी के मामले ने बंगाल आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के वरिष्ठ अधिकारियों के खुलासे के बाद नया मोड़ ले लिया है। अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता में वाहन से नकदी बरामद हुई लेकिन यह वास्तव में असम से शायद हवाला के रास्ते यहां लाया गया था। पश्चिम बंगाल की सीआईडी ने झारखंड कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल के वाहन को शनिवार को रोका और उसमें से 49 लाख रुपये बरामद करने के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

अधिकारियों के मुताबिक झारखंड के विधायक किसी आदिवासी उत्सव के लिए कपड़े खरीदने के बहाने दो बार कोलकाता आए थे। पहली बार वे 20 जुलाई को आए फिर वे 29 जुलाई को आए, इसके बाद वे यहां से वे गुवाहाटी गए, जहां उन्होंने एक वरिष्ठ भाजपा नेता के माध्यम से असम के मुख्यमंत्री से मुलाकात की और फिर वे वापस कोलकाता लौट आए। अधिकारियों ने कहा कि एक बड़ा षडयंत्र था। कांग्रेस के वे नेता जिन्हें पकड़े जाने के बाद से उनकी पार्टी से निलंबित कर ( शेष पेज 8 )

# तिरंगा अभियान में जोश भरेंगे हाफ मैराथन और बाइक रैली

- लाल किले से संसद तक सांसद निकालेंगे तिरंगा बाइक रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने आजादी के अमृत महोत्सव तथा हर घर तिरंगा अभियान का जश्न मनाने के लिए कई कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंटों में डिस्प्ले पिक्चर को बदलकर तिरंगा लगा दिया तथा लोगों से भी ऐसा करने को कहा है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय बुधवार को सभी दलों के सांसदों के लिए लाल किले से संसद तक तिरंगा बाइक रैली का आयोजन करेगा। हाफ मैराथन 'रन फॉर आजादी' का भी 25 सितंबर को आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी




स्वतंत्रता दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ट्वीटर प्रोफाइल पिक में तिरंगा लगाया।

शिरकत करेंगे। यह जानकारी कार्मिक मंत्रालय ने दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बाइक रैली का आयोजन संस्कृति मंत्रालय की ओर से किया जा रहा है ना कि भाजपा की ओर से। उन्होंने सभी दलों के सांसदों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया और उन्हें सुबह साढ़े आठ बजे लाल किला पहुंचने को कहा। संसदीय दल की बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर नौ अगस्त से 15 अगस्त के बीच आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान पर खासा जोर दिया और भाजपा सांसदों से अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में लोगों को इससे जोड़ने का आग्रह किया। नड्डा ने हर घर तिरंगा अभियान को लोकप्रिय बनाने के लिए पार्टी नेताओं से सुबह नौ बजे से 11 बजे के बीच प्रभात फेरी निकालने और पार्टी की युवा शाखा के नेताओं से बाइक के जरिए तिरंगा यात्रा निकालने को कहा।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से अपने घरों पर 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच तिरंगा लगाने का आग्रह किया है। जोशी ने कहा कि पार्टी के नेता 11 से 13 अगस्त तक बूथ स्तर तक प्रभात फेरी निकालेंगे और इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन रघुपति राघव राजा राम और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन करेंगे। नड्डा ने अपने संबोधन में सांसदों से कहा कि इन कार्यक्रमों के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और उन बूथों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करने का कहा, जहां पिछले चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पार्टी 14 ( शेष पेज 8 )

# नैंसी पेलोसी ताइवान पहुंचीं चीन के साथ तनाव बढ़ा

**एपी।** ताइपे

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी मंगलवार की रात ताइवान पहुंचीं। इसके साथ ही वह स्वशासित द्वीप का दौरा करने वाली अमेरिका की सर्वोच्च अधिकारी बन गई हैं। पेलोसी की यात्रा से चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन दावा करता रहा है कि ताइवान उसका हिस्सा है। वह विदेशी अधिकारियों के ताइवान दौरे का विरोध करता है क्योंकि उसे लगता है कि यह द्वीपीय क्षेत्र को संप्रभु के रूप में मान्यता देने के समान है। चीन ने धमकी दी थी कि यदि पेलोसी ताइवान की यात्रा करती हैं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि ताइवान मुद्दे पर वाशिंगटन का विश्वासघात उसकी राष्ट्रीय विश्वसनीयता को नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से इसका अच्छा नतीजा ( शेष पेज 8 )

# नए नोएडा का मास्टर प्लान बनकर तैयार

## प्राधिकरण में गुरुवार को होगा प्रस्तुत, 210 वर्ग किमी में बसाया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नया नोएडा का मास्टर प्लान 2041 बनकर तैयार हो गया है। इसे 4 अगस्त को नोएडा प्राधिकरण के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ऋतु माहेश्वरी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। ये नया शहर 210 वर्ग किलोमीटर में क्षेत्र में बसाया जाएगा।

दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन के रूप में तैयार होगा। इस दौरान ग्रेटर नोएडा के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सुरेंद्र सिंह और यमुना प्राधिकरण के डॉ अरुण वीर सिंह भी मौजूद रहेंगे। मास्टर प्लान को दादरी-मुंबई डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और उज्जैन समेत कई जगह के लैंड पूलिंग पॉलिसी के अध्ययन के बाद तैयार किया गया है। मिक्स लैंड पूलिंग पॉलिसी के तहत इस इन्वेस्टमेंट रीजन को तैयार किया जाएगा। 4 चरण में इस शहर को बसाया जाएगा। मिक्स इंडस्ट्री के रूप में इसका विस्तार होगा, जिसके अंदर ही सारी चीजें उपलब्ध कराई जाएंगी। इस इंडस्ट्रियल शहर को 24 घंटे संचालित करने की योजना है। यानी, जो भी औद्योगिक इकाइयां लगाई जाएंगी 24 घंटे चलाई जा सकती हैं। पूरी तरह से प्रदूषण फ्री इकाइयों को यहां विस्थापित कराया जाएगा।

ग्रीन इंडस्ट्री के रूप में इसका विस्तार किया जा सकता है। इंवेंटर्स के लिहाज से नया नोएडा को अबुधाबी, दुबई, लंदन, हांगकांग, सियोल, पेरिस, टोक्यो, सिंगापुर, मकाऊ की तर्ज पर बसाने पर जोर दिया जा रहा है। देश के इन कॉरिडोर को जोड़ेगा नया नोएडावेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रे ट कॉरिडोर दादरी से मुंबईइस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लुधियाना से कोलकाता तक वाया खुर्जा से एक एसपीयूआर दादरी तक जाएगी। तीन अर्ली बर्ड प्रोजेक्ट को भी जोड़ेगा। इंटीग्रेटड इंडस्ट्रियल टाउनशिप इन ग्रेटर नोएडामल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बोड़ाकी मल्टीमॉडल लाजिस्टिक दादरी बुलंदशहर के 64 गौतमबुद्ध नगर के 20 यानी कुल 84 गांवों की जमीन लैंड पूल की जाएगी। लैंड पूल नीति के तहत जमीन के मालिक को 5 साल तक अथवा विकसित भूखंड प्राप्त होने तक क्षतिपूर्ति के आधार पर मासिक रूप से मुआवजा 5 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रतिमाह होगा।

पूलिंग में दी गई भूमि का 25 प्रतिशत जमीन के मालिक को दी जाएगी। विकसित जमीन का 80 प्रतिशत औद्योगिक उपयोग के लिए जो कम से कम 450 वर्गमीटर का होगा। बाई-बैक का प्रावधान नहीं होगा। आवंटित भूमि पर मास्टर प्लान, बिल्डिंग बॉयलॉज, स्वीकृत जोनल प्लान लीज डीड की शर्तें मान्य होंगी।



### लोग अपनी जमीन पर फ्लैट बनाकर बेच सकेंगे

लैंड पूलिंग पॉलिसी के मुताबिक जिन लोगों के पास अपनी जमीन है या ऐसे लोगों का समूह नोएडा डेवलपमेंट अथॉरिटी यानी एनडीए से मिलकर लैंड पूलिंग स्कीम के तहत रजिस्टर्ड हो सकते हैं। उन जमीन पर फ्लैट्स बनाकर बेच सकते हैं। सेक्टर के लिए 70 प्रतिशत जमीन एक साथ होना जरूरी है। न्यूनतम 2 हेक्टेयर जमीन इस स्कीम के तहत होनी चाहिए। सेक्टर के लिए 250 से 400 हेक्टेयर जमीन का होना जरूरी है।

# यूपी से हरियाणा का सफर होगा और आसान, यमुना पर नया पुल

*__नोएडा।__ उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच दूरियां लगातार सिमट रही हैं। यमुना नदी पर एक नया पुल बनने जा रहा है। इससे दोनों राज्यों के बीच नजदीकी और बढ़ जाएगी। यह पुल दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए बन रहे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए बनेगा। 2025 तक इस पुल से होते हुए एक्सप्रेस-वे पर वाहन दौड़ने लगेंगे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को आइजीआई एयरपोर्ट दिल्ली और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से कनेक्टिविटी के लिए 31.19 किमी लंबा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बन रहा है।*

*छह लेन का यह एक्सप्रेस-वे हरियाणा में चंदावली गांव के नजदीक से शुरू होकर गौतमबुद्ध नगर में करेल बांगर पर समाप्त होगा। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे पर यातायात संचालन 2024-25 में शुरू होगा। शुरुआत में 25 हजार वाहन दौड़ने का अनुमान है। यह पुल हरियाणा के झुप्पा और गौतमबुद्ध नगर के फलैंदा बांगर के बीच यमुना नदी पर बनेगा। इस पुल के बनने से गौतमबुद्ध नगर और फरीदाबाद के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी। अभी हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच जेवर, झुप्पा में है। दूसरा पुल ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे का है, जबकि दो पुल प्रस्तावित हैं। इसमें एक एफएनजी और दूसरा मंझावली और ग्रेटर नोएडा के बीच है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस.वे के पुल से उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच आवाजाही का एक और विकल्प मिल जाएगा।*



# टॉवर में नहीं रखा जा सका विस्फोटक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● नोएडा पुलिस ने मंगलवार को नहीं दी एनओसी

नोएडा के सेक्टर-93 ए स्थित सुपरटेक के दो अवैध टावर के भीतर विस्फोटक रखने का काम पुलिस से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं मिल पाने के कारण मंगलवार को नहीं हो पाया। सुपरटेक लिमिटेड के दो अवैध टावर (एपेक्स और सियान) को 21 अगस्त को ढहाया जाना है। इस मामले में सोमवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त लव कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस ने ध्वस्तीकरण के लिए अभी तक एनओसी जारी नहीं की है। उन्होंने बताया पुलिस ने ध्वस्तीकरण की काम में लगी कंपनी एडिफिस को अस्थाई आधार पर एनओसी देने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन कंपनी ने अपनी कुछ मजबूरी बताते हुए उसे मंगलवार को लेने से इनकार कर दिया। नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया कि विस्फोटक लाने के लिए एनओसी की व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि टावर गिराने का पूरा काम समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें नियमों का कथित तौर पर उल्लंघन कर नोएडा में बनाए गए सुपरटेक लिमिटेड के 40 मंजिला दो टावर को गिराने की

### डालर की गड्डी दिखाकर ढाई लाख की चपत लगाई

**गाजियाबाद।** शहर में जालसाजों का नया गिरोह सक्रिय हो गया है, जो डालर की गड्डी दिखाता है और इन्हें कैश कराने के लिए मोटे कमीशन का लालच देकर लोगों को चूना लगाता है। गिरोह ने एक व्यक्ति से ढाई लाख रुपये ठग लिए।

पीड़ित ने गड्डी खोलकर देखी तो 20 डालर के एक नोट के नीचे कागज के टुकड़े रखे थे। घटना विजयनगर क्षेत्र में रविवार की है। पीड़ित ने मुख्य आरोपित को मौके से दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। एसएचओ विजयनगर योगेंद्र मलिक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित दिल्ली में रशीद मार्केट का रहने वाला बाबू खान है। इंद्रगढ़ी में कपड़ों की दुकान करने वाले महेंद्र सिंह ने बाबू व एक महिला समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बाबू फेरी लगाते समय उनसे मिलता था। पहले उसने चद्दर बिकवाने की बात कही और फिर एक महिला से मिलवाया, कहा कि इनके पास 26 हजार डालर हैं।

# नोएडा एयरपोर्ट के नजदीक बसेगी फिन सिटी

● हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र अब वित्तीय संस्थान का केंद्र बनेगा। सेक्टर-28 में 100 एकड़ में फिन फाइनेंशियल सिटी विकसित होगी।

प्राधिकरण ने इसकी व्यावहारिकता रिपोर्ट तैयार करने को अर्नेस्ट एंड यंग को जिम्मेदारी सौंपी है। एक माह में सलाहकार एजेंसी का चयन होगा। फिन सिटी पीपीपी माडल पर विकसित होगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में फिन सिटी की घोषणा की थी। यमुना प्राधिकरण इस घोषणा को धरातल पर उतारने में जुट गया है।

बैंक, वित्तीय संस्थान, स्टाक एक्सचेंज आदि को फिन सिटी में जगह दी जाएगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक होने से वित्तीय संस्थानों का रुझान प्राधिकरण क्षेत्र में हो सकता है। प्राधिकरण फिन सिटी के लिए अर्नेस्ट एंड यंग से व्यावहारिकता रिपोर्ट तैयार करा रहा है। सलाहकार एजेंसी के चयन को 15 अगस्त तक आरएफपी रिक्वेस्ट फार प्रपोजल निकाला जाएगा। सलाहकार एजेंसी को फिन सिटी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और निविदा प्रक्रिया पूरी करानी होगी। सीईओ डा अरुणवीर सिंह ने बताया कि एजेंसी चयन के बाद दो माह में डीपीआर तैयार होगी। फिन सिटी को पीपीपी माडल पर विकसित किया जाएगा। सेक्टर-28 में यमुना प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क और डाटा सेंटर पार्क भी विकसित करने जा रहा है।




## भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूजा तिवारी/ शिवम तिवारी LBGHZ00005051413 | फ्लैट नंबर 1093, तीसरी मंज़िल, न्यू एलआईजी फ्लैट्स, कोंडली घरोली, मयूर विहार फेज 3, दिल्ली। जुलाई 29, 2022 | जून 19, 2021 रु. 23,05,679/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 03, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

यह सूचना बैंक ऑफ राजस्थान लि. (यहां इसमें आगे "ईबीओआर" के रूप में संदर्भित) और निम्नवर्णित कर्जदार एवं सह-कर्जदार के बीच किए गए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई एक आवासीय ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने आदेश दिनांकित 12 अगस्त, 2010 के अनुसार, ईबीओआर तथा आईसीआईसीआई बैंक लि. (यहां इसमें आगे "बैंक" के रूप में संदर्भित) के समामेलन की स्कीम को स्वीकृति प्रदान कर दी है। तदनुसार ईबीओआर के सभी उपक्रम बैंक में एक चालू कारोबार के रूप में अंतरित तथा निहित हो गए हैं और इस प्रकार बैंक की सम्पत्तियां, सम्पदाएं, आस्तियां, स्वत्वाधिकार, हित और प्राधिकार हो गए हैं।

निम्नवर्णित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा ईबीओआर से प्राप्त किए गए आवास ऋणों के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों के रूप में श्रेणीबद्ध किए जा चुके हैं। उनको वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (यहां इसमें आगे "अधिनियम" के रूप में संदर्भित) की धारा 13 (2) के तहत एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर भेजी गई थी, जो तथापि उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम/ऋण खाता संख्या एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमन चावला, नीलू चावला, सी-26 बी, पश्चिम पुरी, रोड नंबर 33 के सामने, पंजाबी बाग एक्सटेंशन, दिल्ली-110063 आरबीडीईएल00001865559 | एच नंबर 1-ए 1 7767, वार्ड नंबर पंद्रह, राम नगर, पहाड़ गंज, नई दिल्ली, दिल्ली -110006 | 01-07-2022 रू. 8,30,199/- | 31-07-2020 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 03 अगस्त, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यह सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। उक्त कर्जदार/रों ने उनके द्वारा प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित सूचना भेजी गई थी, जो बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम/ऋण खाता संख्या (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संजय सिंह, अर्चना सिंह, बी-452, गली नंबर 5, भू तल, मजलिस पार्क, आदर्श नगर, दिल्ली-110033/ क्यूजैडजैडआरएच00004999445 | सम्पत्ति सं. 180, ब्लॉक ए, द्वितीय तल, खसरा नंबर 23, मजलिस पार्क, दिल्ली - 110033 | 29-06-2022 रू. 12,95,669/- | 08-02-2022 |
| 2. | सत्यनाम सिंह, रविन्दर कौर, प्लॉट नंबर 139, प्रथम तल, रविनगर, दिल्ली-110018/ क्यूजैडडीईएल00005013495 | प्लॉट नंबर डब्ल्यूजैड-119, पुराना प्लॉट नंबर 107, द्वितीय तल छत के अधिकारों सहित, रेक्ट. नंबर 32, किला नंबर 20, ग्राम ख्याला, दिल्ली - 110018 | 29-06-2022 रू. 18,13,978/- | 08-02-2022 |
| 3. | शाहरूख खान, शमीम बानो, एच नंबर सी 360, जे जे कालोनी, हस्तसाल रोड, उत्तम नगर, दिल्ली-110059/ क्यूजैडडीईएल00005002770 | मकान नंबर 78, यूजीएफ, दक्षिणी हिस्सा, छत नहीं, केएच नंबर 67/8, 9, ग्राम हस्तसाल, ओम विहार फेज-5, दिल्ली - 110059 | 29-06-2022 रू. 15,28,367/- | 11-10-2021 |
| 4. | सुनील कुमार मिश्रा, विजय लक्ष्मी , बी-544, गली नंबर 33, महावीर एन्क्लेव पार्ट 2, दिल्ली, नई दिल्ली-110059/ क्यूजैडडीडब्ल्यूए00005038497 | बी-1/169, द्वितीय तल (बैक साइड), खसरा नंबर 111/10/1 का भाग, स्थित ग्राम पालम कालोनी, महावीर एन्क्लेव के नाम से ज्ञात, दिल्ली - 110059 | 29-06-2022 रू. 15,10,524/- | 08-02-2022 |
| 5. | ज्योति शुक्ला, जितेन्द्र शुक्ला, 3/3, प्रथम तल, सनलाइट कालोनी 1, जंगपुरा, दिल्ली-110014/ क्यूजैडडीडब्ल्यूए00005016557 | डब्ल्यूजैड-203 ए, द्वितीय तल (बैक साइड) केएच नंबर 65/1/2 एवं 2/1, गली नंबर 3, साध नगर, ग्राम पालम कालोनी,, नई दिल्ली - 110045 | 29-06-2022 रू. 13,79,900/- | 09-08-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 03-08-2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# ट्रक चालकों से लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

● पिस्तौल दिखाकर ट्रक में भरा हुआ माल लेकर हो जाते थे फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की कसना थाना पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। यह शातिर लुटेरा अपने गैंग के साथियों के साथ मिलकर माल से भरे हुए कंटेनर और ट्रकों को अपना निशाना बनाता था और चालकों को गन पाइंट पर लेकर ट्रक में भरा हुआ माल लेकर फरार हो जाया करता था। पुलिस इसके साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

कासना थाना पुलिस ने मंगलवार को सिरसा गोलचक्कर के पास से एक शातिर लुटेरे शरीफ को गिरफ्तार किया है। यह दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस ने इसको चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

यह लुटे हुए माल को सस्ते दामों पर बेचकर अवैध धन अर्जित करता था। दरअसल 20 अक्टूबर 2021 को एक कंटेनर चालक मोबाइल कंपनी होलीटेक से मोबाइल पार्ट्स लोड करके रामपुर में ओपो के वेअरहाउस ले जा रहा था लेकिन तभी रास्ते में ही कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी को रोक लिया और पिस्टल दिखाते हुए उसकी गाड़ी में रखे हुए सभी मोबाइल पार्ट्स को एक अन्य गाड़ी में रख कर फरार हो गए।

कासना पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया और आरोपियों की तलाश में जुट गई। 23 अक्टूबर 2021 को कासना थाना पुलिस ने इस लूट का खुलासा करते हुए मोहित, निषाद और विशाल को गिरफ्तार कर लिया। तब इसमें शरीफ, दिलशाद और नसरुद्दीन के भी नाम सामने आए।

पुलिस ने इन दोनों को भी कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि एक अन्य आरोपी अलाउद्दीन ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। लेकिन शरीफ लगातार फरार चल रहा था। जिसे मंगलवार चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। यह लोग गिरोह बनाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे।

# राष्ट्रीय पक्षी को राजकीय सम्मान संग अंतिम विदाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

वैशाली स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन से टकराकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। पुलिस ने राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक तिरंगा ओढ़ाकर राष्ट्रीय पक्षी का विधि.विधान से अंतिम संस्कार किया। वैशाली पुलिस चौकी प्रभारी अमिताभ सिंह ने बताया, यह वाकया सोमवार शाम करीब 7 बजे का है।

मेट्रो ट्रेन अपनी स्पीड पर थी। अचानक इस दौरान मोर इंजन से टकरा गया और उसकी मौत हो गई। चौकी प्रभारी अमिताभ सिंह स्टाफके साथ मौके पर पहुंचे। मोर के अवशेषों को एकत्रित किया। इसके बाद एक सफेद कपड़ा और स्ट्रेचर मंगवाया। मृत मोर को तिरंगा ओढ़ाया गया। इसके बाद पुलिसकर्मी स्ट्रेचर पर शव को रखकर नजदीक के अंबेडकर पार्क में पहुंचे। यहां गड्ढा खुदवाकर मोर को दबा दिया गया।



### निमार्णाधीन भवन से गिरकर मजदूर की मौत

नोएडा। सेक्टर-80 स्थित कंपनी के निमार्णाधीन भवन से सोमवार रात मजदूर नीचे गिर गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेक्टर-80 में एक कंपनी के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां पर 36 वर्षीय श्रीकांत शर्मा काम करता था। वह रात करीब आठ बजे भवन से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में सेक्टर-50 के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। श्रीकांत आजमगढ़ का रहने वाला था।

# कमिश्नरेट रिस्पांस टाइम में 13वीं बार अव्वल

● प्रतिदिन लगभग डायल-112 के माध्यम से 400 से 450 तक शिकायतें प्राप्त होती है

**पाययिर समचार सेवा।** नोएडा

पूरे प्रदेश में यूपी.112 के रिस्पांस टाइम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने लगातार 13 वीं बार पहला स्थान प्राप्त किया है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर वर्ष 2021 जुलाई माह से अभी तक रिस्पांस टाइम में पहले स्थान पर काबिज है। डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साह ने बताया कि यूपी 112 के रिस्पांस टाइम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर एक बार फिर अव्वल आई है। गत जुलाई माह में यूपी 112 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को तीन बार पीआरवी ऑफद डे का खिताब भी मिल चुका है। जुलाई माह में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के शहरी क्षेत्र में पीआरवी का एवरेज रिस्पांस टाइम 5 मिनट 4 सेकंड रहा तथा देहात क्षेत्र में पीआरवी का रिस्पांस टाइम 6 मिनट 54 सेकंड का रहा।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर शहर व देहात क्षेत्र का का जुलाई माह का एवरेज रिस्पांस टाइम 6 मिनट 13 सेकंड का रहा है। डीसीपी ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग यूपी 112 के माध्यम से 400 से 450 तक शिकायतें प्राप्त होती हैं जिनका पीआरवी द्वारा समय पर पहुंचकर निस्तारण करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि गत जुलाई माह में 17909 सूचनाएं प्राप्त हुई जिन पर पीआरवी द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों को सहायता प्रदान की गई।

डीसीपी ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में 6 महिला पीआरवी चलती है। पीड़ितों को समय पर सहायता मिल सके इसके लिए पीआरवी कर्मियों को समय.समय पर 18 दिवसीय फ्रेशर तथा प्रत्येक 6 माह के अंतराल में सभी पीआरवी कर्मियों को नौ दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स पुलिस लाइन में कराया जाता है।



## संक्षिप्त समाचार




नोएडा मीडिया क्लब पहुंचें फिल्मी सितारें।

### नोएडा पहुंची झोलाछाप की स्टार कास्ट

**नोएडा।** मंगलवार को नोएडा के सेक्टर 29 में स्थित नोएडा मीडिया क्लब में वेब सीरीज झोलाछाप की स्टार कास्ट पहुंची। जिसमें फिल्म जगत के मशहूर कॉमेडियन मुस्ताक खान, चितरंजन त्रिपाठी और महक मनवानी सहित सीरीज के निर्देशक ज्योति प्रकाश भी पहुंचे। सीरीज के बारे में बताते हुए निर्देशक ने कहा कि यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। देश में नीम हकीम और झोलाछाप डॉक्टर गांवों और छोटे कस्बों में जागरूकता की कमी का किस तरह फायदा उठाते हैं, उसी पर आधारित हास्य और व्यंग की ये सीरीज उड़ीसा की एक सच्ची घटना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि आज भी गांवों और छोटे कस्बों में लोगों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर भरोसा ना होकर झोलाछाप डॉक्टरों पर ही उम्मीद रहती है। जिससे समाज में कई तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं।

### बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में युवती के साथ रेप करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक दिन पहले अरोपी ने सेक्टर.27 के ओयो होटल में युवती के साथ रेप किया था। पीड़िता ने बताया था कि आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने और इंटरव्यू का झांसा देकर होटल में बुलाया। उसके साथ मारपीट कर रेप किया। पीड़िता व आरोपी सहबाज एक दूसरे से पहले से ही जानते थे। रेप के बाद आरोपी ने पीड़िता की बहन को भी धमकी दी थी। युवती ने आरोप लगाया था कि युवक ने फोन पर अपना नाम सागर बताया था। लेकिन होटल में बातचीत के दौरान पता चला कि उसका नाम सागर नहीं शहबाज है। जिसके बाद उसने युवती से रेप किया। विरोध करने पर उसने युवती के साथ मारपीट की और जान से मारने के धमकी दी। पुलिस ने सहबाज को अट्टा पीर के पास से गिरफ्तार किया। वे भागने की फिराक में था। बताया गया कि दोनों पहले से ही एक दूसरे को जानते थे। और फोन पर नौकरी दिलाने की बात हुई थी।

### होटल में चल रहा था जुआ, 11 लोग गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-11 के एक होटल में जुआ खेलते 11 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 1 लाख 13 हजार रुपये और 156 ताश के पत्ते मिले। ये सभी नोएडा और दिल्ली बार्डर के आसपास के इलाकों के रहने वाले हैं। कई दिनों से पुलिस को शिकायत मिल रही थी। जुआ का ये खेल सेक्टर.11 के हरि इंटरनेशल होटल में चल रहा था। पुलिस होटल के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। यहां हार जीत का खेल हो रहा था। जिसे ताश के पत्तों से खेला जाता है। पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। मिथुन पुत्र सोहनवीर सिंह, संदीप पुत्र रणवीर, विवेक गोयल पुत्र सुनील गोयल, अंकित पुत्र रोहताश सिंह, वैभव पुत्र मनोज कुमार, आदित्य पुत्र रमेश चंद, जितेन्द्र कुमार पुत्र सूरजमल, अंकित पुत्र लखन, सार्थक पुत्र राजेश कुमार, फैजल पुत्र जाहिद, राहुल चौहान पुत्र धर्मसिंह चौहान को गिरफ्तार किया गया।

### स्कूलों में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**नोएडा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गौतम बुद्ध नगर के नेतृत्व में जनपद के सभी विद्यालय में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। अशोक यादव मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष ने बताया कि देश को स्वतंत्रता प्राप्त किए हुए 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद इकाई गौतम बुध नगर द्वारा सभी परिषदीय विद्यालयों में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस मौके पर अमृत महोत्सव समारोह राष्ट्रभक्ति देशभक्ति के प्रसंगों के साथ.साथ भारत को स्वतंत्रता दिलाने वाले बलिदानी वीरों के शौर्य, पराक्रम, वीरता, त्याग, बलिदान से छात्र-छात्राओं अध्यापकों व जनमानस को अवगत कराया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मंकीपॉक्स से निपटने की पुख्ता तैयारी

## तीन सरकारी व 3 निजी अस्पतालों में आइसोलेशन रूम किए गए सुरक्षित

● एलएनजेपी में 20, जीटीबी व अंबेडकर अस्पताल में 10-10 कमरे आरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




मंकीपॉक्स के मरीजों और उनके संपर्क में आए लोगों के लिए केंद्र सरकार की ओर से पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों में 21 दिन का आइसोलेशन, मास्क पहनना, हाथ साफ रखना, घावों को पूरी तरह से ढककर रखना और उनके पूरी तरह से ठीक होने का इंतजार करना शामिल है।

राजधानी दिल्ली में मंकीपॉक्स के बढ़ते मरीजों को देखते हुए दिल्ली सरकार भी सर्तक हो गई है। उसने संक्रमण को रोकने के लिए तैयारियां तेज कर दी है। इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने तीन सरकारी और तीन निजी अस्पतालों में आइसोलेशन रूम सुरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। उसने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में 20 आइसोलेशन रूम, गुरुतेग बहादुर अस्पताल व डॉ.बाबा साहेब अम्बेडकर अस्पताल में 10-10 आइसोलेशन कमरे और कैलाश दीपक अस्पताल, एमडी सिटी अस्पताल व बत्रा हॉस्पिटल तुगलकाबाद में भी 10-10 आइसोलेशन कमरे आरक्षित करने को कहा है। जरुरत पड़ने पर अस्पतालों में और आइसोलेशन रूम्स बढ़ाएं जाएंगे। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केजरीवाल सरकार की तैयारियों को विस्तार से साझा करते हुए कहा कि देश में अभी मंकीपॉक्स के बहुत ज्यादा मामले सामने नहीं आए है उसके बावजूद वह किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। दिल्ली सरकार मंकीपॉक्स का संक्रमण रोकने के लिए लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा मंकीपॉक्स एक संक्रामक रोग है लेकिन इससे डरने की नहीं बल्कि सावधानी बरतने की जरुरत है। उनकी सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और इस बीमारी से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हालात को देखते हुए कई अस्पतालों में आइसोलेशन रूम की व्यवस्था की है। मंकीपॉक्स के संदिग्ध व पुष्टि मामलों के इलाज के तीन प्रमुख सरकारी अस्पतालों लोक नायक अस्पताल में गुरु तेग बहादुर अस्पताल और डॉ बाबा साहब में आइसोलेशन रूम की व्यवस्था की गई है। साथ ही 3 निजी अस्पताल जिसमें विकास मार्ग एक्सटेंशन स्थित कैलाश दीपक अस्पताल, मॉडल टाउन स्थित एमडी सिटी अस्पताल व तुगलकाबाद स्थित बत्रा अस्पताल में भी पृथक रूप की व्यवस्था की गई है। इन सभी अस्पतालों में संक्रमण से लड़ने के लिए वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्था की गई है।

### स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देश

गत 21 दिनों के भीतर मंकीपॉक्स से प्रभावित देशों की यात्रा का इतिहास रखने वाले किसी भी उम्र का व्यक्ति जिसमें सूजे हुए लिम्फ नोड्स, बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द या कमजोरी के साथ गहरे दाने होना आदि के लक्षण देखने को मिलते है वह मंकीपॉक्स से संक्रमित संदिग्ध हो सकता है। आमने-सामने एक्सपोजर, त्वचा या त्वचा के घावों के साथ सीधे शारीरिक संपर्क या संक्रमित द्वारा इस्तेमाल की गई सामग्री जैसे कपड़े, बिस्तर या बर्तन के संपर्क में आने से यह बीमारी फैल सकती है।

# एसीबी जांचों में देरी पर एलजी नाराज

● सतर्कता निदेशालय और विभागों को भ्रष्टाचार की शिकायतों पर समय और प्रक्रिया सुनिश्चित करने के दिए सख्त निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना ने अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा एवं सतर्कता निदेशालय की जा रही प्रक्रियात्मक चूकों और देरी का संज्ञान लिया है। उन्होंने संबंधित प्रशासनिक विभागों द्वारा अपने अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों की जांच हेतु एजेंसियों द्वारा मांगी गई जानकारियों को समय पर उपलब्ध नहीं कराने पर नाराजगी जाहिर की है। उपराज्यपाल ने इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के संबंधित अधिकारियों द्वारा एक वर्ष से अधिक समय से लंबित सभी मामलों के लिए स्पष्टीकरण मांगते हुए विभाग से ऐसे लंबित मामलों की सूची कारण सहित उपराज्यपाल सचिवालय में भेजने को कहा है। उन्होंने सतर्कता निदेशालय समेत सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि जांच के लिए भेजे गए सभी मामलों पर गंभीरता से विचार, यथोचित प्रक्रिया एवं मामलों का विवेकपूर्ण अध्ययन करके उसे निश्चित समय सीमा के अन्दर कार्यवाही के लिए भेजें। एलजी द्वारा यह निर्देश तब जारी किए गए, जब उन्होंने पाया कि सरकारी अधिकारियों के कथित भ्रष्टाचार के मामले, जो उनके सामने लाए गए हैं उनमें संबंधित विभागों और एजेंसियों द्वारा तथ्यों के साथ रिपोर्ट पेश नहीं की गई है और इसमें बेवजह देरी की गई है। कई मामले वर्ष 2012-2017 से जांच के लिए लंबित हैं, वहीं कईयों में संबंधित प्रशासनिक विभाग ने अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत नहीं की थी। वहीं कुछ मामलों में सतर्कता विभाग ने स्वीकृति प्रदान करने के लिए विरोधाभासी सिफारिशें प्रस्तुत की थीं। उपराज्यपाल ने सतर्कता विभाग को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि भ्रष्टाचार निरोधक शाखा द्वारा शिकायत संबंधी अनुरोध उनके विचार के लिए तभी पेश किए जाएं जब संबंधित प्रशासनिक विभाग आरोपी अधिकारियों के खिलाफ उचित छानबीन कर अपनी टिप्पणी फाइल पर दे दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रशासनिक विभाग की टिप्पणियों को रिकार्ड कर यह सुनिश्चित किया जाए कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा सिफारिशें यथासंभव एक दूसरे से अलग और विरोधाभासी न हों। इससे जहां एक ओर मामलों का त्वरित निपटान सुनिश्चित होगा वहीं दूसरी ओर शिकायतकर्ता के साथ-साथ प्रतिवादी को भी न्याय मिल सकेगा।

# पापड़ में रखा था डॉलर, हवाई अड्डे पर धरा

● बैंकॉक जा रहा था, 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की हाई सिक्योरिटी चेकिंग के बाद भी लोग सोने, विदेशी मुद्रा और मादक पदार्थों की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इतना नहीं सुरक्षा एजेंसियों से बचकर निकलने के नायाब तरीके भी खूब ढूंढते हैं लेकिन सुरक्षा कर्मियों की पैनी नजर से बच नहीं पा रहे हैं।

ताजा मामला भारतीय मूल के एक ऐसे यात्री का सामने आया है जो बैंकॉक जाते समय 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य के अमेरिकी डॉलर पापड़ के पैकेट के अंदर छिपाकर ले जा रहा था। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के एक अधिकारी ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-तीन पर सुरक्षा जांच के दौरान यात्री को सुबह लगभग पांच बजे रोका गया। कुल 19,900 अमेरिकी डॉलर (मौजूदा मूल्य पर लगभग 15.5 लाख रुपए की कीमत) यात्री के सामान में मसाले के बक्से के अंदर और पापड़ के पैकेट की परतों के बीच छिपा कर रखे हुए मिले।

व्यक्ति को उसकी एअर विस्तारा उड़ान से नीचे उतार कर सीआईएसएफ के कर्मियों ने सीमा शुल्क अधिकारियों को सौंप दिया। व्यक्ति को इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा ले जाने के लिए वह वैध प्रमाण नहीं दे सका था।

# बस दुर्घटना में सेंट्रल विस्टा परियोजना के 24 मजदूर घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मजदूरों को सेंट्रल विस्टा परियोजना स्थल ले जा रही निजी बस और क्लस्टर बस के बीच मध्य दिल्ली के पटेल नगर इलाके में टक्कर हो गई।

इस दुर्घटना में 24 मजदूर घायल हो गए। इसके अलावा निजी बस के चालक और क्लस्टर बस के तीन यात्रियों सहित चार और लोग भी चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना की जानकारी मंगलवार सुबह नौ बजे मिली थी। मजदूरों को नए संसद भवन निर्माण स्थल पर ले जा रही बस पटेल नगर में मुख्य यातायात लाइट पर पीछे से क्लस्टर बस से टकरा गई।

निजी बस के चालक जगमोहन सहित कुल 28 लोग घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने बताया कि घायलों को पहले पटेल नगर के सरदार पटेल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में क्लस्टर बस में सवार तीन घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# सीयूईटी परीक्षा के दूसरे चरण का प्रवेश पत्र जारी

**नई दिल्ली** । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एटीए) ने विश्वविद्यालय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी (स्नातक) के दूसरे चरण के लिए मंगलवार को प्रवेश पत्र जारी किए। इस बीच, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने कहा कि स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों के लिए सीयूईटी एक सितंबर से 11 सितंबर तक आयोजित होगी।

सीयूईटी-यूजी परीक्षा चार, पांच और छह अगस्त को आयोजित होगी। इसके पहले चरण के तहत 15 से 20 जुलाई के बीच 160 शहरों के 247 केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई थी। तिथि बदलने को लेकर उन कुछ परीक्षार्थियों के अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

# वैवाहिक वेबसाइटों को महिला आयोग ने भेजा नोटिस

● महिलाओं के साथ धोखाधड़ी और उत्पीड़न की घटनाओं का लिया संज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली महिला आयोग ने मीडिया में वैवाहिक पोर्टल पर महिलाओं के साथ धोखाधड़ी की कई घटनाओं के सामने आने पर स्वतः संज्ञान लेते हुए वैवाहिक साइटों को नोटिस जारी किया है।

दिल्ली में एक मामला सामने आया था जिसमें एक व्यक्ति को देश भर में 100 से अधिक महिलाओं को कथित तौर पर वैवाहिक साईट पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर शादी का प्रस्ताव देने और फिर उनसे पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले ओडिशा में भी एक मामला सामने आया था जिसमें एक पुरुष ने पिछले कुछ वर्षों में वैवाहिक पोर्टलों पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर 27 अलग-अलग महिलाओं से शादी की थी। इस संबंध में आयोग ने एक जांच शुरू की है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने कई वैवाहिक साइटों को नोटिस जारी कर उनसे जानकारी मांगी है । आयोग ने साइटों द्वारा अपने महिला उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और नकली प्रोफाइल बनाने से रोकने के लिए किए गए विभिन्न सुरक्षा उपायों की जानकारी देने के लिए कहा है। आयोग ने यह पूछा है कि क्या इन पोर्टलों पर प्रोफाइल बनाने के लिए आधार कार्ड/किसी अन्य फोटो पहचान दस्तावेज की आवश्यकता है। इसके अलावा आयोग ने फर्जी प्रोफाइल बनाने, सूचना छिपाने, यौन उत्पीड़न, ब्लैकमेलिंग, जबरन वसूली आदि के संबंध में पोर्टल को प्राप्त शिकायतों की जानकारी के साथ-साथ ऐसी शिकायतों से निपटने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण भी मांगा है। आयोग ने 2018 के बाद से साइटों द्वारा ब्लैकलिस्ट किए गए प्रोफाइल की संख्या के साथ प्रोफाइल को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया की भी जानकारी देने को कहा है। इसके अलावा, आयोग ने पोर्टलों को ऐसे लोगों से महिला की पहचान गुप्त रखने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा जिनके साथ वह बात नहीं करना चाहती है। आयोग ने कुछ डेटिंग साइटों का उदाहरण भी दिया है जहां केवल महिला ही बातचीत शुरू कर सकती है।

# एनडीएमसी प्रमुख स्थानों पर लगाएगी तिरंगा, इमारतों को करेगी रोशन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 12 से 15 अगस्त के बीच शहर के अहम स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएगी और प्रमुख इमारतों और सड़कों को तिरंगे की रोशनी से सजाएगी। यह पहल हर घर तिरंगा अभियान के तहत होगी और इन गतिविधियों से संबंधित प्रस्ताव को पिछले सप्ताह ही परिषद की बैठक में मंजूरी दी जा चुकी है।

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि नगर निकाय की सभी इमारतों के अलावा प्रमुख गोल चक्करों, विंडसर प्लेस, तीन मूर्ति , सरदार पटेल मार्ग, शांतिपथ और खान मार्केट सहित सड़कों और अन्य प्रमुख स्थानों पर भी तिरंगा फहराया जाएगा।

उन्होंने कहा, हम स्वतंत्रता दिवस से पहले एनडीएमसी की प्रमुख इमारतों के साथ-साथ सेंट्रल पार्क की रेलिंग, 11 मूर्ति टी प्वाइंट के बिजली के खंभों और सरदार पटेल मार्ग को तिरंगे के रंग की रोशनी से सजाएंगे।

यह व्यवस्था आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 12 से 15 अगस्त के लिए होगी। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।



स्वतंत्रता दिवस को लेकर आम लोगों में उत्साह है। चौक चौराहों पर तिरंगे बेचे जा रहे है।

# रामलीला और दुर्गापूजा में साफ सफाई पर रहेगा जोर

## ईटीपी लगाना अनिवार्य, डीपीसी ने नियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना राशि पांच लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया

● खुले स्थान 24 प्रति वर्ग मीटर, 15 दिनों के लिए 60 रुपये, 30 दिनों के लिए जमा करना होगा

संजय राय। नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित होने वाले रामलीला, दुर्गापूजा जैसे किसी भी ऐसे समारोह, जिसमें खाना बनाने और द्रव्य अपशिष्ट का निपटान शामिल होगा। वहां पर ड्रफ्यूलेंट ट्रीटमेंट प्लांट (इटीपी) लगाना अनिवार्य होगा।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सोमवार को अपने एक आदेश में इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर रोजाना की जुर्माना राशि पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रूपये करने का निर्देश दिया है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण को अनुसार, धार्मिक-मनोरंजनात्मक समारोह जैसे रामलीला, दुर्गा पूजा आदि के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के खुले स्थान 24 रुपये प्रति वर्ग मीटर (15 दिनों तक की बुकिंग के लिए) से 60 रुपए प्रति वर्ग मीटर तक के (30 दिनों से अधिक की बुकिंग के लिए), धरोहर राशि के रूप में जमा करना होगा।

जो कि पूरी तरह से वापस की जाने योग्य है। बिना किसी प्रभार के बुकिंग हेतु उपलब्ध हैं और बुकिंग प्रभार में कोई वृद्धि नहीं की गई है। डीपीसीसी के उपरोक्त निदेशों को लागू करने के लिए डीडीए ने हाल ही में रामलीला, दुर्गापूजा आदि जैसे विभिन्न समारोह हेतु डीडीए के ओपन स्पेस, समाज सदनों के अस्थायी आबंटन के लिए प्रक्रिया और भुगतान संरचना को सरलीकृत करने हेतु नीति के संबंध में दिनांक 29 जुलाई को एक स्पष्टीकरण जारी किया । जिसके तहत स्टॉल में खाना बनाने और बर्तन धोने की अनुमति नहीं होगी। आवेदक को संलग्न प्रपत्र में यह शपथ पत्र अपलोड करना होगा कि डीपीसीसी के 13 दिसंबर 2019 के निदेशों का अनुपालन किया जाएगा। यदि आवेदक डीपीसीसी के उस निर्देश का उल्लंघन करता है तो आवेदक पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा पांच लाख रुपए की यह राशि बुकिंग के समय ही बैंक गारंटी के तौर पर जमा कराई जाएगी और आयोजन के बाद इसे वापस लौटा दिया जाएगा। केवल उसी स्थिति में जब्त की जाएगी जब डीपीसीसी के दिसंबर 2019 के आदेश का उल्लंघन होगा।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित सक्सेना, शशि सक्सेना, ए-130, एन.आर. नगर, डी.डी.ए. फ्लैट्स, नई दिल्ली-110008 / LBDEL00001150173 | बी-80, द्वितीय तल, ग्रीन फील्ड कालोनी, फरीदाबाद-121001 | 01-07-2022 रू. 4,49,278.07 /- | 07-04 -2022 |
| 2. | हरि प्रसाद सिंह, पंकज कुमार सिंह, एसई-426, शास्त्री नगर, गाजियाबाद-201002 / LBNOD00000577504 | एसई-426, शास्त्री नगर, गाजियाबाद-201001 | 01-07-2022 रू. 1,67,292 /- | 07-04 -2022 |
| 3. | जगप्रीत सिंह, गंभीर कंस्ट्रक्शन्स, ए-5 239 (कोठी) प्रथम तल, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 / LBDEL00001710865 | प्लॉट नंबर 239, प्रथम तल, ब्लॉक ए-5, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 | 01-07-2022 रू. 7,93,669 /- | 11-04 -2022 |
| 4. | जगप्रीत सिंह, भूपेन्दर कौर, ए-5 239 (कोठी) प्रथम तल, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 / LBDEL00001710865 | प्लॉट नंबर 239, प्रथम तल, ब्लॉक ए-5, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 | 01-07-2022 रू. 7,93,669 /- | 11-04 -2022 |
| 5. | सुनील खांटवाल, ललिता खांटवाल, ए-538, सेक्टर-47, नोएडा-201301 / LBNOD00002105305 | फ्लैट नंबर क्यू-202, द्वितीय तल, टावर क्यू, अजनारा ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा-201307 | 01-07-2022 रू. 22,31,389 /- | 11-03 -2022 |
| 6. | महेश चन्द्र खुल्वे, बबीता खुलावे, 1/268-6, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद-201001 / LBGHZ00001996033 | एमआईजी फ्लैट नंबर एम/6, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 1/268-6, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद-201010 | 01-07-2022 रू. 1,86,896 /- | 31-07 -2020 |
| 7. | मंजू, राजीव कुमार, ए 61, अशोक नगर, शाहदरा, नई दिल्ली-110093 / LBDEL00002881373 | फ्लैट नंबर एम-302, तृतीय तल, आनंद धाम, तुलसी निकेतन के सामने, परगना लोनी, केएच नंबर 454/1 444/2 एम, ग्राम ब्रह्मपुर उर्फ भोपुरा, गाजियाबाद-201001 | 01-07-2022 रू. 10,71,135 /- | 06-12 -2021 |
| 8. | राहुल, शिल्पा कुकरेजा, मकान नंबर 205 एलआईजी फ्लैट्स, सरिता विहार, साउथ दिल्ली-110076 / LBFDB00004913847 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 160, तृतीय तल, मदनपुर खादर, सरिता विहार, दिल्ली-110076 | 01-07-2022 रू. 7,39,820 /- | 06-04 -2022 |
| 9. | शशि गौड़, पंकज भाटी, एच नंबर डी-67, आजाद कालोनी अजरोंदा सेक्टर-15 ए, एस्कोर्ट्स नगर, फरीदाबाद-121007 / LBFDB00002370853 | फ्लैट नंबर 37, चतुर्थ तल, ब्लॉक बी-18, पाकेट-1, सेक्टर-34, रोहिणी, दिल्ली-110085 | 01-07-2022 रू. 6,54,239 /- | 06-04 -2022 |
| 10. | शाहिद अली, हाजी साबिर, ग्राम महाराज पुर, गाजियाबाद-201010 / LBDEL00001395269 | प्लॉट नंबर 141, जी एफ, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद-201001 | 01-07-2022 रू. 2,47,730 /- | 11-04 -2022 |
| 11. | राज कुमार देवल, रचना देवी, 5 सी, ब्लॉक एमयू, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034 / LBDEL00003674164 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 5 सी, द्वितीय तल, ब्लॉक एमयू, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110088 | 01-07-2022 रू. 7,26,884 /- | 06-04 -2022 |
| 12. | राज कुमार देवल, रचना देवी, 5 सी, ब्लॉक एमयू, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034 / LBDEL00003674173 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 5 सी, द्वितीय तल, ब्लॉक एमयू, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110088 | 01-07-2022 रू. 6,46,875.07 /- | 06-04 -2022 |
| 13. | राज कुमार देवल, रचना देवी, 5 सी, ब्लॉक एमयू, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034 / LBDEL00003744522 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 5 सी, द्वितीय तल, ब्लॉक एमयू, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110088 | 01-07-2022 रू. 3,02,074.07 /- | 06-04 -2022 |
| 14. | कविता रानी कुमार, नितिन कुमार, फ्लैट नंबर 102, मैत्री अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 / LBDEL00002831037 | फ्लैट नंबर 14, भू तल, ब्लॉक-डी, पाकेट-12, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 01-07-2022 रू. 15,09,607.95 /- | 03-02 -2022 |
| 15. | कविता रानी कुमार, सुरिन्दर कुमार, फ्लैट नंबर 102, मैत्री अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 / LBDEL00002831037 | फ्लैट नंबर 14, भू तल, ब्लॉक-डी, पाकेट-12, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 01-07-2022 रू. 15,09,607.95 /- | 03-02 -2022 |
| 16. | कविता रानी कुमार, परीक्षित कुमार, फ्लैट नंबर 102, मैत्री अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 / LBDEL00002831037 | फ्लैट नंबर 14, भू तल, ब्लॉक-डी, पाकेट-12, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 01-07-2022 रू. 15,09,607.95 /- | 03-02 -2022 |
| 17. | कविता रानी कुमार, नितिन कुमार, फ्लैट नंबर 102, मैत्री अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 / LBDEL00002823292 | फ्लैट नंबर 14, भू तल, ब्लॉक-डी, पाकेट-12, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 01-07-2022 रू. 21,90,166.65 /- | 03-02 -2022 |
| 18. | कविता रानी कुमार, सुरिन्दर कुमार, फ्लैट नंबर 102, मैत्री अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 / LBDEL00002823292 | फ्लैट नंबर 14, भू तल, ब्लॉक-डी, पाकेट-12, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 01-07-2022 रू. 21,90,166.65 /- | 03-02 -2022 |
| 19. | कविता रानी कुमार, परीक्षित कुमार, फ्लैट नंबर 102, मैत्री अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 / LBDEL00002823292 | फ्लैट नंबर 14, भू तल, ब्लॉक-डी, पाकेट-12, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 01-07-2022 रू. 21,90,166.65 /- | 03-02 -2022 |
| 20. | विनय अरोड़ा, अनुराधा अरोड़ा, 151, प्रथम तल, गौड़ होम्स, एलीगेंट ब्लॉक-ई, गोविंद पुरम, गाजियाबाद-201001 / LBDEL00001822560 | अपार्टमेंट नंबर 151, प्रथम तल, गौड़ होम्स, एलीगेंट ब्लॉक-ई, गोविंद पुरम, गाजियाबाद-201001 | 01-07-2022 रू. 8,51,346.23 /- | 11-04 -2022 |
| 21. | विनय अरोड़ा, अनुराधा अरोड़ा, 151, प्रथम तल, गौड़ होम्स, एलीगेंट ब्लॉक-ई, गोविंद पुरम, गाजियाबाद-201001 / LBDEL00002431494 | अपार्टमेंट नंबर 151, प्रथम तल, गौड़ होम्स, एलीगेंट ब्लॉक-ई, गोविंद पुरम, गाजियाबाद-201001 | 01-07-2022 रू. 8,213 /- | 31-01 -2018 |
| 22. | कैलाश कुमार, नरेन्द्र कुमार, सी 39 सी, ब्लॉक सी, ओल्ड स्लम क्वार्टर्स, पश्चिम पुरी, नई दिल्ली-110063 / LBDEL00002373025 | फ्लैट नंबर 30, द्वितीय तल, एलआईजी, सेक्टर-34, पाकेट-3, ब्लॉक ए-2, रोहिणी, दिल्ली | 29-06-2022 रू. 10,41,896 /- | 02-04 -2022 |
| 23. | बृजेश राव, एच नंबर 262, तृतीय तल, सेक्टर-19, ब्लॉक-बी, द्वारका, दिल्ली-110075 / LBDEL00005480110 | फ्लैट नंबर टी-1, प्लॉट नंबर 140, 141, तृतीय तल मय छत, सुखीजा विहार, ग्राम सिरसी, सिरसी रोड, जयपुर-302012 | 29-06-2022 रू. 20,97,618 /- | 06-04 -2022 |
| 24. | दलीप कुमार, श्वेता, 587 बी/1, बी/6, एफएफएल/साइड, गोविंद पुरी, नई दिल्ली-110019 / LBGUR00001938923 | फ्लैट नंबर 1004, 10वां तल, टावर एच 1, यूनिटेक, यूनिहोम्स फेज-2, प्लॉट नंबर जीएचपी 0001, सेक्टर-117, नोएडा-201305 | 29-06-2022 रू. 24,25,109 /- | 11-04 -2022 |
| 25. | दीपक कुमार, सीमा, एच नंबर बी-1/6, पीएचवाई आयानगर एक्सटेंशन आया नगर हौज खास, साउथ दिल्ली, दिल्ली-110047 / LBDEL00002904482 | फ्लैट नंबर बी/108, प्रथम तल, बिल्डिंग टावर बी के नाम से ज्ञात, मोती सिटी, स्थित केएच नंबर 502, खाता नंबर 02, औरंगाबाद गडाना, परगना जलालाबाद, तहसील मोदीनगर, गाजियाबाद-201204 | 29-06-2022 रू. 11,74,982.32 /- | 06-04 -2022 |
| 26. | सुरेन्द्र सिंह, श्वेता, 194, एमआईजी पाकेट-2, डीडीए फ्लैट्स, सेक्टर ए-10, नरेला, दिल्ली-110040 / LBDEL00002446891 | फ्लैट नंबर ए-507, 5वां तल, ब्लॉक ए, "मैक्सहाइट्स ड्रीम होम्स" सेक्टर-61, ग्राम नांगल कलां, सोनीपत-131310 | 29-06-2022 रू. 10,60,280.4 /- | 06-04 -2022 |
| 27. | विवेक चौहान, पी-24, तृतीय तल, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2, एंड्रयूजगंज, दिल्ली-110017 / LBDEL00005312320 | फ्लैट नंबर 24, तृतीय तल, ब्लॉक-पी, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2, दिल्ली-110049 | 29-06-2022 रू. 22,21,584 /- | 06-04 -2022 |
| 28. | पंचशील गौतम, सोनिया गौतम, बी-1034, एमआईजी फ्लैट्स, ईस्ट ऑफ लोनी रोड, दिल्ली-110093 / LBNOD00002422242 | फ्लैट नंबर 1207, 12वां तल, टावर-टी 4, ब्लॉक-बी, यूनिबेरा टावर्स, प्लॉट नंबर जीएच-16 एफ, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा-201307 | 29-06-2022 रू. 20,96,097.77 /- | 07-06 -2021 |
| 29. | पंचशील गौतम, सोनिया गौतम, बी-1034, एमआईजी फ्लैट्स, ईस्ट ऑफ लोनी रोड, दिल्ली-110093 / LBGHZ00004868725 | फ्लैट नंबर 1207, 12वां तल, टावर-टी 4, ब्लॉक-बी, यूनिबेरा टावर्स, प्लॉट नंबर जीएच-16 एफ, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा-201307 | 29-06-2022 रू. 75,198.77 /- | 07-06 -2021 |
| 30. | विवेक चौहान, शीला चौहान, पी-24, तृतीय तल, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2, एंड्रयूजगंज, दिल्ली-110049 / LBDEL00004222711 | फ्लैट नंबर 24, तृतीय तल, ब्लॉक-पी, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2, दिल्ली-110049 | 29-06-2022 रू. 20,17,727 /- | 06-04 -2022 |
| 31. | विवेक चौहान, शीला चौहान, पी-24, तृतीय तल, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2, एंड्रयूजगंज, दिल्ली-110049 / LBDEL00005882116 | फ्लैट नंबर 24, तृतीय तल, ब्लॉक-पी, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2, दिल्ली-110049 | 29-06-2022 रू. 11,97,466 /- | 06-04 -2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 03-08-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# गुरुग्राम में सीएनजी के दामों ने डीजल को पीछे छोड़ा

## सीएनजी के दाम हुए 92 रुपये प्रति किला

### हजारों स्कूल कैब चालकों के सामने रोजी रोटी को लेकर संकट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**गुरुग्राम** में लगातार सीएनजी के दाम बढ़ते जा रहे हैं। अब तो सीएनजी ने यहां डीजल को भी पीछे छोड़ दिया है। यहां सीएनजी 92 रुपये प्रति किलो हो गई है, जो कि दिल्ली से 17 रुपये महंगी है। लगातार बढ़ रहे सीएनजी के दामों से स्कूल कैब ड्राइवर्स ने नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध किया।

गुरुग्राम में सीएनजी के दामों ने 92 का आंकड़ा पार कर लिया है। इससे साफ है कि आने वाले कुछ दिनों में यह आंकड़ा शतक को पार कर जाएगा। कैब चालकों का कहना है कि सरकार ने सीएनजी चलाई इसलिए थी, ताकि जनता को सस्ती दरों पर साधन उपलब्ध हो। अब सरकार दिन प्रतिदिन जिस प्रकार रेटों में बढ़ोतरी कर रही है, उससे लगता है कि सरकार सीएनजी के साधनों को सड़क से हटाकर लाखें लागों को बेरोजगार करना चाहती है। सरकार को सभी कैब चालकों को राहत देते हुए सीएनजी पर सब्सिडी देनी चाहिए। क्योंकि सीएनजी के दाम बढ़ाने से गुरुग्राम की आम जनता की जेबों पर असर पड़ रहा है। अगर दिल्ली की बात करें तो वहां में सीएनजी गुरुग्राम से 17 रुपये सस्ती है। अगर सरकार गुरुग्राम में सीएनजी के दामों को कम नहीं करती है तो जल्द ही गुरुग्राम के हजारों कैब चालक अपनी मांगों को लेकर अगली रणनीति तैयार करेंगे। भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक ईकाई भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ की स्कूल कैब चालक ईकाई ने सीएनजी के दामों के 92 रुपये पार करने पर जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुग्राम के कैब चालक एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से कोरोना महामारी के कारण सभी स्कूल कैब चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। अब जब दो साल के बाद हमारी रोजी रोटी शुरू हुई है तो गुरुग्राम में सीएनजी के दामों ने आसमान छू लिया है। जिस कारण उनके खर्चे भी नहीं निकल पा रहे हैं। ऐसे में यहां सीएनजी के दामों में कमी की जाए।

भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि गुरुग्राम की जनता पूरे देश में सबसे ज्यादा मंहगी सीएनजी अपने वाहनों में डलवाने को मजबूर है। योगेश शर्मा ने कहा कि भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ हरियाणा सरकार से मांग करता है कि सीएनजी के दामों में केवल गुरुग्राम में इतना इजाफा करना कहीं ना कहीं गुरुग्राम की जनता के साथ विशेषकर प्राईवेट ट्रांसपोर्ट में कार्यरत श्रमिकों के साथ धोखा है। महेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार बिना देरी के बढ़े हुए दामों को वापस ले। इस अवसर पर देवेन्द्र सैनी सैनीखेडा, विरेन्द्र कटारिया, ओमप्रकाश कटारिया, सुरेन्द्र कुमार, विजय टांक, जोगिन्दर, अमित, दिनेश जैन, अमित कुमार अम्मू, महेश त्यागी सहित काफी संख्या में स्कूल कैब चालक उपस्थित रहे।

# प्रशासन की मिलीभगत से सोहना बीजेपी उम्मीदवार ने चुनाव लड़ा



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते आप नेता अनुराग ढांडा।

**गुरुग्राम।** प्रशासन की मिलीभगत नहीं होती तो बीजेपी की सोहना उम्मीदवार अंजू बाला चुनाव ही नहीं लड़ती। प्रशासन की लापरवाही से एक ऐसे उम्मीदवार को चुनाव लड़वाया गया, जिसका आठवीं कक्षा का सर्टिफिकेट फर्जी है। प्रशासन ने सुनवाई नहीं की। आम आदमी पार्टी ने हाईकोर्ट में शिकायत की। यह बात आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने मंगलवार को यहां पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही सोहना चेयरपर्सन की शपथ पर रोक लगी और प्रशासन को जांच का आदेश मिला। सोहना से बीजेपी चेयरपर्सन उम्मीदवार का आठवीं कक्षा का सर्टिफिकेट फर्जी है। इसकी पुष्टि राजस्थान के संबंधित स्कूल द्वारा एफआईआर करवाने से हो गई है। वहीं संबंधित बीजेपी चेयरपर्सन उम्मीदवार का जो असली आठवीं का सर्टिफिकेट है, उसमें वो फेल है। फरीदाबाद के एक स्कूल में आठवीं कक्षा में वे फेल हैं। उनका स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट तक उसी स्कूल में है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद प्रशासन का ढीला रवैया है। जानबूझकर आरोपी उम्मीदवार अंजू बाला को समय दिया जा रहा है। जांच पूरी होने तक शपथ पर रोक लगाई गई है, लेकिन प्रशासन कोई भी कार्रवाई करने में टालमटोल कर रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास तमाम दस्तावेज मौजूद हैं और उनके आधार पर प्रशासन कार्रवाई कर सकता है।

आप नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि बुधवार को फिर जिला प्रशासन ने सोहना बीजेपी उम्मीदवार को बुलाया है। मांग है कि जल्द से जल्द दोषी उम्मीदवार पर कार्रवाई की जाए। नहीं तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर प्रदर्शन करेगी।आम आदमी पार्टी के संगठन मंत्री प्रवीण प्रभाकर गौड़, सह संगठन मंत्री धर्मेंद्र खटाना, दक्षिणी जोन संयोजक वीर सिंह सरपंच आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत मंत्री से गऊशाला में पंचायती फंड से आर्थिक सहायता मांगी



ग्राम पंचायत सिलानी के पूर्व सरपंच ओमप्रकाश प्रदेश पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली को मांग पत्र देते हुए।

**सोहना।** प्रदेश पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली से ग्राम पंचायत सिलानी ने पंचायती पैसे से गऊशाला में आर्थिक मदद किए जाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पंचायत मंत्री से मांग पत्र देकर अनुमति मांगी है। प्रदेश पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली शहर के निवास देवी सिंह पंवार के निवास पर पहुंचे थे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिलानी के ग्रामीण और गांव में बनी गऊशाला कमेटी के प्रधान मौजूद थे। कमेटी प्रधान ओपी यादव ने पंचायत मंत्री को बताया कि गऊशाला में वर्तमान में 1700 गोवंश है। गुरुग्राम नगर निगम द्वारा पकड़े जाने वाली गायों को यहां की गऊशाला में छोड़ दिया जाता है। गाय की संख्या अधिक होने के कारा गऊशाला आर्थिक संकट में चल रही है। दानीदाता गऊशाला में आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा करके वाही-वाही लूटकर चले जाते हैं, लेकिन बाद में पलटकर नहीं देखते। ऐसे दानी सज्जनों में नेता लोग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गऊशाला में आय का कोई ऐसा संसाधन नहीं है। यहां कार्य करने वाले मजदूरों का समय पर वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत के निवर्तमान सरपंच ओमप्रकाश ने बताया कि पंचायत फंड में काफी पैसा है। यदि ऐसा कोई नियम हो जिसके माध्यम से पंचायत के फंड से गऊशाला में आर्थिक मदद की जा सके। इस अवसर पर गऊशाला और ग्रामीणों के मांग पत्र को लेने के बाद पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि राशि को तब्दील करने का कोई रास्ता निकालने का प्रयास किया जाएगा। जिसको लेकर जल्द की ग्राम पंचायत को सूचित कर दिया जाएगा।

### एलिवेटेड टोल पर जल्द लागू होगी बढ़ी हुई नई दरें

**सोहना।** गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर टोल वसूली में वृद्धि होने से आम लोगों की जेब पर जल्द ही कैची चलेगी। एनएचआई की तरफ से घामडौज टोल पर वृद्धि किए जाने की घोषणा कर दी गई है। जल्द ही पर बढ़ी हुई नई दरों के आधार पर वाहन चालकों से वसूली की जाएगी। गुरुग्राम से सोहना के बीच एलिवेटेड मार्ग पर फर्राटे भरकर सफर करने वाले वाहन चालकों की जेब पर आर्थिक संकट बढ़ने वाला है। जानकारी के अनुसार एलिवेटेड मार्ग पर एनएचआई ने 40 से 50 फीसदी की वृद्धि की है। टोल वृद्धि के साथ ही सरकारी और गैर सरकारी वाहन चालक किराए में बढ़ोतरी करते हुए यात्रियों से वसूली करेंगे। इसके साथ-साथ गुरुग्राम से सोहना के बीच माल ढोहने वाले वाहनों की किराया में भी वृद्धि होगी। गुरुग्राम से सोहना के बीच हरियाणा रोडवेज से लेकर राजस्थान, उत्तर प्रदेश हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश रोडवेज और गुरुग्राम सिटी समेत सोसायटी की बसें भी दौड़ रही हैं। जिनके किराया में वृद्धि होने की पूरी संभावना है। टोल एजेंसी घामडौज के प्रबंधक रंगेश मिश्रा ने बताया कि एलिवेटेड के टोल वसूली में एनएचआई ने टोल फीस में वृद्धि की घोषणा कर दी है। लेकिन उनके पास अभी तक कोई आदेश नहीं आए हैं। आदेश आने पर नियमों का पालन करना होगा।

### राष्ट्रीय ध्वज के रचयिता पिंगली वेंकैया को श्रद्धांजलि दी



**गुरुग्राम।** जिला में राष्ट्रीय ध्वज के रचयिता स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया की जयंती के अवसर पर आज से हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों की शुरूआत की गई है। इस दौरान 15 अगस्त तक जिला के सभी विभागों की ओर से विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी कड़ी में आज भारत के तिरंगे झंडे के डिजाइनर पिंगली वेंकैया के जन्मदिवस पर राजकीय विद्यालयों में भाषण, चित्रकला तथा कविता उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को तिरंगे झंडे के महत्व के बारे में अवगत करवाते हुए उन्हें भारतीय ध्वज संहिता के बारे में बताया गया। इसके साथ ही स्कूलों की प्रार्थना सभा में पिंगली वेंकैया के जीवन के बारे में बताया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भांगरोला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्याथिज्यों को बताया गया कि महान स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया देश के लिए एक ऐसा झंडा बनाना चाहते थे जो देश के इतिहास को दर्शाएं, उसकी आत्मा को दर्शाए। इसके बाद उन्होंने साल 1916 से 1921 तक दुनियाभर के कई देशों के राष्ट्रीय झंडों का अध्ययन किया। करीब पांच साल बाद विजयवाड़ा में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में पिंगली वेंकैया ने महात्मा गांधी को लाल-हरे रंग के झंडे का डिजाइन दिखाया। तब गांधीजी के सुझाव पर उन्होंने शांति का प्रतीक सफेद रंग को राष्ट्रीय ध्वज में शामिल किया।

### पानी की बल्क आपूर्ति शुल्क में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा बल्क में आपूर्ति किए जाने वाले ताजे पीने के पानी के लिए टैरिफको मौजूदा दरों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ संशोधित किया गया है। घरों और उद्यागों में सप्लाई किए जाने वाले, दोनों कनेक्शनों के लिए बल्क जल आपूर्ति का शुल्क उपयोगकर्ताओं को पहले 10 रुपये पेय करना होता था। अब मौजूदा बल्क जल आपूर्ति शुल्क में वृद्धि होने पर उपयोगकर्ताओं को अब 10.5 रुपये प्रति किलोलीटर के हिसाब से पेय करना होगा और संशोधित दाम अप्रैल, 2022 से लागू हो जाएगी। जीएमडीए के प्रावधान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2019-20 से शुरू होने वाले प्रत्येक वित्तीय वर्ष के पहले दिन बल्क जल आपूर्ति और सीवरेज उपयोगकर्ता शुल्क की दरों में 5 प्रतिशत वृद्धि की जा सकती है। जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता, इंफ्रा-2 डिवीजन अभिनव वर्मा ने बताया कि इससे पहले कोविड महामारी को ध्यान में रखते हुए 1 अप्रैल 2020 के बजाय 1 दिसंबर 2020 में दरों को अंतिम बार संसोधित किया गया था। वहीं वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2021 में दरों को री-इम्प्लीमेंट किया जाना था, लेकिन कोविड महामारी की दूसरी लहर में कोविड संक्रमण को देखते हुए दरों में 5 प्रतिशत तक की प्रस्तावित वृद्धि वर्ष 2021-22 में नागरिकों के लाभ के लिए माफकर दिया गया है। नाममात्र दर संशोधन एक स्वीकार्य प्रक्रिया और मानदंड है, जिसे उपलब्धता, खपत, जल संसाधन आदि जैसे कई कारकों के आधार पर माना जाता है। वर्तमान में जीएमडीए द्वारा बसई और चंदू बुढेड़ा स्थित अपने दो जल शोधन संयंत्रों से शहर भर में प्रतिदिन कुल 540-550 एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। इस क्षमता को और बढ़ाने के लिए जहां जीएमडीए से पानी की आपूर्ति नहीं है, उन क्षेत्रों में पेयजल पाइपलाइन स्थापित करने के लिए भी काम चल रहा है। इसके अतिरिक्त, जीएमडीए सीवरेज शुल्क भी प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 5 प्रतिशत वृद्धि के लिए उत्तरदायी हैं, लेकिन इस वर्ष इस संबंध में कोई और वृद्धि नहीं की गई है।

# गुरुग्राम में होंगे सम्मेद शिखरजी के दर्शन, तैयार हो रहा है कृत्रिम पहाड़



गुरुग्राम स्थित जैन बारादरी में तैयार किया जा रहा सम्मेद शिखरजी।

## चार अगस्त को सप्तमी के दिन 23वें भगवान पार्श्वनाथ को मिला था मोक्ष

**गुरुग्राम।** सम्मेद शिखरजी यानी पार्श्वनाथ पर्वत। वैसे तो यह पर्वत झारखंड में स्थित है, लेकिन इस बार इस पर्वत पर जाकर नमन करने वाले जैन समुदाय के लोगों के लिए हूबहू कलाकृति गुरुग्राम में तैयार की जा रही है। यहां पर बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सभी इस पर्वत पर चढ़कर अपनी आस्था को प्रदर्शित करेंगे। इस पर्वत की विशेषता यह है कि यहां पर जैन समुदाय के 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों को यहीं पर मोक्ष मिला है। इसलिए यह पर्वत जैन समुदाय के लिए आस्था का बड़ा स्थल है।

जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट के मुताबिक इसी सम्मेद शिखरजी का यहां जैकबपुरा स्थित जैन बारादरी में आगरा के आर्टिस्ट अजय जैन शंटी द्वारा एक मॉडल तैयार किया जा रहा है। यह लघु सम्मेद शिखर सिर्फ दूर से देखने के लिए नहीं, बल्कि इसमें चढ़ाई भी की जा सकेगी। श्रद्धालु दर्शन भी कर सकेंगे। करीब 15 दिन की मेहनत से यह पूरा सम्मेद शिखरजी यहां तैयार किया जा रहा है। इसमें लोहे, फट्टों का फ्रेम बनाकर उस पर टाट, पीओपी और रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां शीतल नाला और गंधर्व नाला भी बनाया जा रहा है। अभय जैन के मुताबिक जिस तरह से सिखों के लिए अमृतसर में गोल्डन टेम्पल श्रीहरमिंदर साहिब आस्था का केंद्र है, मुस्लिमों के लिए मक्का मदीना है, उसी तरह से जैन समुदाय के लिए सम्मेद शिखरजी आस्था का बड़ा केंद्र है। मंदिर के प्रधान नरेश जैन, उप-प्रधान रविंद्र जैन, महामंत्री अशोक जैन, सह-मंत्री जिनेंद्र जैन और कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन ने बताया कि राष्ट्रसंत वात्सल्य सरोवर मुनि श्री 108 विहर्ष सागर जी महाराज का ससंघ चातुर्मास चल रहा है। महाराजश्री का ही यह विचार है कि इस बार शिखरजी के दर्शन भक्तों को गुरुग्राम में ही कराएं जाएं। भक्त वहां जाने जैसा यहां महसूस करें। इसलिए यह सब तैयारियां की जा रही हैं।

## झारखंड में 4430 फुट ऊंचा है शिखरजी पर्वत

**उन्होंने** बताया कि झारखंड राज्य के गिरिडीह जिले में छोटा नागपुर पठार स्थित शिखरजी विश्व का सबसे महत्वपूर्ण जैन तीर्थ स्थल है। यह पहाड़ 4430 फुट ऊंचा है, जो कि झारखंड का सबसे ऊंचा स्थान है। शिखरजी जैन अनुयायियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। यहां हर साल लाखों जैन श्रद्धालु और अन्य पर्यटक पहुंचते हैं। शिखरजी 27 किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला है। इसमें 9 किलोमीटर में चढ़ाई है। 9 किलोमीटर में दार्शनिक स्थल और 9 किलोमीटर क्षेत्रफल वापसी का है।

# गुरुग्राम विवि में शुरू होंगे छह नए पैरा-मेडिकल कोर्स

## विश्वविद्यालय और पवित्रा इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के बीच एमओयू साइन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



पैरा-मेडिकल कोर्स को लेकर एमओयू साइन के बाद फाइलों का आदान-प्रदान करते गुरुग्राम विवि के कुलपति व पवित्रा इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के अधिकारी।

**रोजगार** की असीम संभावनाओं को देखते हुए पैरामेडिकल के क्षेत्र में विद्यार्थियों की रूचि दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। जो विद्यार्थी पैरामेडिकल के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, उन सबके लिए गुरुग्राम विश्व विद्यालय ने एक अच्छी पहल की है।

मंगलवार को गुरुग्राम विवि ने पवित्रा इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के साथ एक एमओयू साइन किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जीयू की तरफ से कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह और पवित्रा इंस्टिट्यूट ऑफहेल्थ साइंसेज की तरफ से डॉ. धनंजय कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत पैरामेडिकल के क्षेत्र में रूचि रखने वाले जीयू के छात्रों के लिए गुरुग्राम के दमदमा रोड, भोंडसी, में स्थित पवित्रा इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के परिसर में गुरुग्राम विश्वविद्यालय का एक ऑफ साइट परिसर खोला है। पवित्रा इंस्टिट्यूट में खोले गए गुरुग्राम विश्वविद्यालय के इस ऑफ साइट परिसर में विवि के छात्र पैरामेडिकल क्षेत्र से संबंधित डिप्लोमा इन ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, बीएससी इन ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, बीएससी इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी, बीएससी इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी आदि कोर्स कर सकेंगे।

बता दें कि गुरुग्राम मेडिकल हब के तौर पर देश-विदेश में अपनी पहचान बना रहा है। यहां पर बने बड़े-बड़े हॉस्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफके लिए अन्य राज्यों से मैनपावर आउटसोर्स किया जाता है। ऐसे में प्रदेश की प्रतिभाओं को ही तैयार करके उन्हें बेहतरीन प्रोफेशनल्स के रूप में निखारा जाए तो रोजगार के लिए उनके पास अपार संभावनाएं होंगी। इसी उद्देश्य से गुरुग्राम यूनिवर्सिटी अब केवल इंडस्ट्री के मांग के अनुसार रोजगारपरक कोर्सेज पर ज्यादा ध्यान दे रही है, जिनके करने के बाद विद्यार्थियों को अच्छे रोजगार के अवसर मिल सकें। जीयू के प्रवक्ता ने बताया कि इन सब पैरामेडिकल कोर्सेज में विद्यार्थी जल्द ही ऑनलाइन आवेदन कर पाएंगे। गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि जीयू छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।

# आबादी क्षेत्र की तंग गलियों के बीच दमकल कार्यालय में असुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



अग्निशमन विभाग को सोहना में बना खंड कार्यालय।

**तंग** गलियों के बीच स्थित शहर का अग्निशमन विभाग कार्यालय असुविधाओं के कारण अपनी बेबसी पर आसू बहा रहा है। पानी टैंक से लेकर तंग रास्ता और उसके ऊपर लटकती बिजली की तारें दमकल गाड़ी के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बने हुए हैं। कार्यालय को गुरुग्राम-अलवर, तावडू-पलवल मार्ग के साथ लगती सरकारी जमीन पर स्थापित करने की मांग की जाएगी।

शहर के वार्ड-5 की फ्रेंडस कॉलोनी को जाने वाले तंग रास्ता के बीच स्थापित अग्निशमन विभाग के खंड कार्यालय को आबादी क्षेत्र होने से दमकल कर्मियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अग्निशमन विभाग कार्यालय को जाने वाला रास्ता मात्र आठ फुट चौड़ा तथा गड्ढे बने होने से गाड़ी को निकलना मुश्किल हो जाता है। अग्निशमन विभाग की गाड़ी को 150 मीटर लंबा रास्ता तय करने में पांच से सात मिनट लगते हैं। यदि रास्ते में बाइक या स्कूटी खड़ी होने पर रास्ता पार करने में 10 से 15 मिनट का समय लगता है। जबकि आग की घटना पर काबू पाने में तीन से पांच मिनट देरी होने पर भी बहुत बड़ा हादसा घटित हो जाता है।

## मात्र 200 वर्गगज में स्थापित कार्यालय

**वर्तमान** समय में खंड का अग्निशमन कार्यालय 150 से 200 वर्गगज जमीन पर चल रहा है। जमीन की कमी होने के कारण यहां पानी के टैंक नहीं बन सके। गाड़ी को जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ने पर किसी सरकारी ट्यूबवेल या जनस्वास्थ्य विभाग से पानी भरने की मदद ली जाती है।


फायर स्टेशन प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि जल्द ही उच्चाधिकारियों को खंड कार्यालय को शहर के मुख्य मार्गों के साथ स्थापित करने की मांग की जाएगी। जिसके लिए जल्द ही एक फाइल तैयार करके पत्र भेजा जाएगा।

# मोबाइल झपटने के तीन आरोपियों को 10-10 साल कैद

**गुरुग्राम।** मोबाइल छीनाझपटी के मामले की सुनवाई करते हुए मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जसवीर सिंह की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर 3 आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की कैद व 25-25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषियों को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। 16 अगस्त 2017 को अनिल यादव ने शिवाजी नगर थाना पुलिस में शिकायत दी थी कि वह शांति नगर से राजीव चौक के बीच सडक़ किनारे खड़ा था। उसी दौरान 3 युवक आए और उसका मोबाइल छीन ले गये। शिवाजी नगर पुलिस थाना ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ झपटमारी का मामला दर्ज कर लिया। जांच के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इन आरोपियों की पहचान सौराब, राशिद व इशा के रुप में हुई थी। गवाहों के आधार पर अदालत ने तीनों आरोपियों को सजा सुना दी।

# परिषद ने 25 निजी संस्थानों को 80 लाख रुपये संपत्ति कर के नोटिस दिए

एन रोहिल्ला। सोहना





परिषद सोहना कार्यालय की फोटो।

**नगर** परिषद ने अपने दूसरे चरण में 25 निजी संस्थों को करीब 80 लाख रुपये बकाया संपत्ति कर के नोटिस जारी किए हैं। इससे पहले नगर परिषद ने नौ सरकारी विभागों को एक करोड़ 27 लाख रुपये के नोटिस जारी किए थे। परिषद विभाग अभी अन्य निजी संस्थानों को नोटिस देने की तैयारी कर रही है।

नगर परिषद प्रशासन वर्ष 2022-23 में अपने बकाया संपत्ति कर की वसूली करने में जुट गया है। परिषद की तरफ से दूसरे चरण में 25 निजी संस्थानों को नोटिस दिए हैं। जिन पर वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक का बकाया संपत्ति कर है। दूसरे चरण में दिए नोटिसों में सबसे ज्यादा शहर के वार्ड-3 में बनी जीएलएस सोसायटी पर नौ लाख 37649 रुपये का संपत्ति कर है। दूसरे नंबर पर जीएलएस सोसायटी पर आठ लाख 91633 रुपये है। दोनों ही सोसायटियों पर वर्ष 2022-23 का बकाया संपत्ति कर है। जिन 25 निजी संस्थानों को बकाया संपत्ति कर के नोटिस दिए हैं, उनमें यूनिवर्सिटी, कॉलेज, वर्ल्ड व निमन स्तर के स्कूल, होटल और पेट्रोल पंप शामिल हैं। इससे पहले नगर परिषद नौ अलग-अलग सरकारी विभागों को एक करोड़ 27 लाख रुपये के बकाया संपत्ति कर के नोटिस जारी किए थे।

## दो करोड़ 7 लाख के नोटिस

**नगर** परिषद बीते 10 दिन में दो चरणों में सरकारी विभाग और निजी संस्था समेत 34 नोटिस वितरण किए हैं। जिनमें दो करोड़ 7 लाख रुपये का बकाया संपत्ति कर दर्शाया गया है। पिछले वर्ष भी नगर परिषद की तरफ से करीब ढाई करोड़ रुपये के बकाया संपत्ति कर जमा कराने के लिए नोटिस दिए थे। वर्ष 2021-22 में परिषद को नोटिस और बिना नोटिस के एक करोड़ दो लाख रुपये का संपत्ति कर की वसूली हुई थी।

नप के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह ने बताया कि इस वर्ष संपत्ति कर की वसूली में किसी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। संपत्ति कर जमा न कराने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। नोटिस देने के बावजूद कर जमा न करने वालों पर केस भी दर्ज किया जाएगा।

# बालक मितांश ने अपने साथ साइकिल का भी मनाया जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अपनी साइकिल का जन्मदिन मनाते हुए आरती करता बालक मितांश।

**साइकिल** की सवारी ने जिंदगी का मतलब समझाया-कई बार गिरकर उठना भी सिखाया, उस खुशी का अंदाजा मत लगाओ-जो मुझे साइकिल चलाने में आया। साइकिल के प्रति कुछ इसी तरह की दीवानगी है बालक मितांश में। अपने जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मितांश ने अपनी साइकिल का भी जन्मदिन मनाया। उसकी सजावट की। कलावा भी बांधा और फिर पूजा-अर्चना की।

अशोक विहार फेज-3 निवासी विनय कुमार एवं पूनम सहराय के बेटे मितांश का साइकिल प्रेम इतना गहरा है कि उसने अपनी साइकिल का जन्मदिन मनाया। यह साइकिल उसे ठीक एक साल पहले उसके जन्मदिन पर माता-पिता की ओर से गिफ्ट में मिली थी। आज के दौर में जहां बच्चे इंटरनेट की दुनिया से जुड़कर महंगी बाइक और कारों के शौकीन हो रहे हैं, वहीं मितांश ऐसे सब बच्चों से अलग साइकिल का कद्रदान है। स्कूल वाले दिन वह शाम के समय और छुट्टी वाले दिन अलसुबह उठकर वह साइकिल चलाने की इच्छा पूरी करता है। मितांश के लिए साइकिल सिर्फ घूमने-फिरने का नहीं, बल्कि फिटनेस का भी माध्यम है। साइकिलिंग करके मितांश अपने दोस्तों को भी फिटनेस का संदेश देता है। मितांश का मतलब प्रिय मित्र होता है। इसलिए उसमें प्रेम की भावना भी अधिक है। आजादी के 75वें साल में देश आजादी का अमृत महोत्सव भी इस साल मना रहा है। इसी अभियान से प्रेरित मितांश ने अपनी साइकिल पर तिरंगा झंडा लगाकर देशभक्ति भी दिखाई है। दूसरों को अपने घरों, वाहनों पर तिरंगा लगाने के लिए जागरुक करने का भी उसका यह एक तरीका है। मितांश कहते हैं कि हर हाल में हमें अपने देश से प्यार होना चाहिए। देश के प्रति सम्मान होना चाहिए। बेटे के तिरंगे और साइकिल के प्रति प्रेम को लेकर मितांश की मां श्रीमती पूनम सहराय कहती हैं कि यह सब गुण उसमें गॉड गिफ्टिड हैं। परिवार के प्रति भी वह बहुत गहराई से सोचता है। अभी से ही उसमें परिवार में एकता बनाए रखने की जो सोच है, वह इस उम्र के बच्चों में कम ही दिखाई देती है।

# बीके अस्पताल में मरीजों को नहीं मिलती पूरी दवाइयां

## डॉक्टर द्वारा लिखी दवाइयों में से एक भी नहीं मिल रही, बाहर से खरीदने को लोग हो रहे मजबूर


बीके अस्पताल में दवा के लिए लाइन में लगे मरीज।

**कविता।** फरीदाबाद

**घंटों** लाइन में लगने के बाद चिकित्सक द्वारा लिखी दवाइयों में से मात्र एक दवा ही मिली है। मुझे तो एक भी दवा नहीं मिली। ऐसी ही कुछ बातें बीके अस्पताल के दवा काउंटर के बाहर मरीजों से सुनने को मिली। जब पायनियर संवाददाता द्वारा पड़ताल करने पर मालूम हुआ कि चिकित्सकों द्वारा लिखी जाने वाली करीब 60 प्रतिशत दवाइयां नहीं मिल रही हैं।

जिस कारण मरीजों को मेडिकल स्टोर संचालकों के हाथों लुटने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं रेबिज के इंजेक्शन भी गत 13 जुलाई से यहां समाप्त है।

बादशाह खान सिविल अस्पताल में दवाइयों का स्टॉक पूरा होने के दावे पायनियर पड़ताल में खोखले साबित पाए गए। पिछले दिनों अस्पताल प्रबंधन ने दावा किया था कि दवाइयों का स्टॉक पूरा है। लेकिन जब दवा काउंटर से दवा लेकर लौट रहे मरीजों से बातचीत की, तो खुलासा हुआ कि अस्पताल में कई तरह की दवाइयां समाप्त है। कुछ दवाइयां तो ऐसी है, जो पिछले पांच से छह महीने से आ ही नहीं रही है।



**डेढ़ घंटे में एक दवा :** एनएच- एक निवासी चंदन ने बताया कि उसके पैर में सूजन थी। रूम नम्बर-19 में कार्ड पर दवाइयां लिख दी। लंबी लाइन में लगने के बाद पांच दवाओं में से मात्र एक बी कॉम्प्लेक्स ही मिली।



**दांत की दवा नहीं :** नंगला इंक्लेव निवासी संगीता ने बताया कि दांत में दर्द होने पर कमरा नम्बर 19 में दिखाया तो चिकित्सक ने चार दवाइयां लिख दी, लेकिन कार्ड पर लिखी एक भी दवाई मिली।



**बीपी शुगर की दवा नहीं :** लक्ष्मी देवी ने बताया कि पीत की थैली में पत्थरी है। रूम नम्बर 18 में दिखाने पर चिकित्सक द्वारा लिखी पांच दवाओं में से मात्र तीन ही मिली है। शेष दवा बाहर से लेने को कहा गया है।



**बुखार, खांसी और जुकाम :** मयंक ने अपने चाचा को रूम नम्बर तीन की डॉक्टर को दिखाया। वे सर्दी, खांसी और जुकाम से पीड़ित हैं। जिस पर चिकित्सक ने सीरप और कुछ दवाइयां लिखी, लेकिन दवा काउंटर से उन्हें मात्र दो ही दवाईयां मिली हैं।

## एसआरएस स्कूल में नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का शुभांरभ

**फरीदाबाद।** सेक्टर-88, ग्रेटर फरीदाबाद में स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट का शुभांभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व क्रिकेटर और द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित सरकार तलवार, फरीदाबाद डिस्ट्रिक्ट के बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव संजय सपरा, विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रिंसीपल कृष्णा मिश्रा, विद्यालय के मैनेजर तेजप्रकाश पांडेय, शिक्षाविद सीएल गोयल और विशेष मेहमान के रूप में जीपी जिंदल, प्रमोद गोयल उपस्थित थे।

# यात्री सेवा समिति ने दिए रेलवे स्टेशन की खामियां दूर करने के आदेश


ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से बातचीत करते यात्री सेवा समिति के चेयरमैन रमेश चन्द्र रत्न और कमेटी के अन्य सदस्य।


ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर अधजले पेड़ की जड़ देखते और स्टेशन मास्टर को इसे हटाने के लिए आदेश देते यात्री सेवा समति के चेयरमैन रमेश चन्द्र रत्न।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ओल्ड** फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर दी जा रही सुविधाओं का यात्री सेवा समिति ने मंगलवार को जायजा लिया। समिति के 19 सदस्यीय टीम को दौरे के दौरान स्टेशन पर कई खामियां मिली। जैसे प्लैटफार्म पर कई जगह से समतल नहीं था, जिसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए, साथ ही बैंच की कमी मिली। वहीं फूड स्टॉल पर नमकीन-बिस्किट के ब्रॉडेंट पैकेट न मिलने पर नाराजगी जताई। टॉयलइ और स्टेशन परिसर की बेहतर सफाई व्यवस्था से खुश होकर 10 हजार रुपये अवार्ड देने के लिए भी कहा।

चेयरमैन रमेश चंद्र रत्न ने सबसे पहले प्लैटफार्म नंबर-1बी का निरीक्षण किया। टीम में एडीआरएम अनिरुद्व सिंह, सीनियर डीसीएम बसंत कुमार, फरीदाबाद रेलवे स्टेशन मास्टर एके गोयल समेत अनेक स्थानीय अधिकारी मौजूद थे। टीम को प्लैटफार्म पर कमी मिली। प्लैटफार्म कई जगह से समतल नहीं है, जिससे की यात्रियों के गिरने का डर रहता है।

यह कमी चेयरमैन को सबसे अधिक खली। चेयरमैन ने इस कमी को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह में ठीक करने के आदेश दिए। फिर टीम ने पेयजल व्यवस्था को चेक किया। पानी शीतल मिला। इसके बाद टीम प्लैटफार्म नंबर-दो पर पहुंची। टीम ने यात्रियों से बात की। यात्रियों ने सब ठीक बताया, लेकिन चेयरमैन ने बैठने के लिए बैंच की कमी देखी।

प्लैटफार्म पर पंखों की भी कमी देखी। चेयरमैन ने तुरंत निर्देश दिए गए कि ढाई दर्जन बैंच और दो दर्जन पंखे लगाए जाएं, ताकि यात्रियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। वहीं उन्होंने फूड स्टॉलों की भी चेकिंग की। टीम का नो बिल नो पेमंट पर खास फोकस रहा। इसके अलावा टीम ने स्टॉल संचालकों से मेडिकल, लाइसेंस भी चेक किया। स्टॉल पर सब ठीक मिला, लेकिन स्टॉल पर ब्रॉडेंट बिस्किट व नमकीन के पैकेट नहीं मिले। इस पर चेयरमैन ने स्टॉल संचालकों को ब्रॉडेंट कंपनी के नमकीन व बिस्किट बेचने के लिए कहा।

### सीसीटीवी कैमरों में मिली खामियां

**वेटिंग** रूम बेहतर बना हुआ है, लेकिन उसके अंदर बने बेबी फिडिंग रूम में कमी मिली। फिडिंग रूम पर स्टीकर नहीं लगा था, जिससे ये पता नहीं चल पाया कि फिडिंग रूम कहां है। इसके अलावा मेज भी नहीं दिखी। इन समस्याओं को समाधान भी जल्द करने को कहा। वहीं स्टेशन परिसर पर सीसीटीवी की भी कमी मिली। चेयरमैन ने सीसीटीवी भी लगाने के आदेश दिए।

### मुफ्त जल सेवा की सरहाना

**प्लैटफार्म** नंबर-2 पर सर्व सेवा सहयोग संघ की ओर से की जा रही फ्री जल सेवा को देखकर टीम सदस्य बेहद खुश हुए। जब उन्हें ये पता चला कि 20 सालों से 20 से 22 लोग जल सेवा कर रहे हैं तो यह सुनकर टीम सदस्य दंग रह गए। उन्होंने तुरंत स्थानीय अधिकारियों से कहा कि संघ को प्रशस्ति पत्र दिया जाए, साथ ही वाटर कूलर और इनके बैठने के लिए जल्द से जल्द पंखे का बंदोबस्त किया जाए।

## फर्जी कागजातों पर बैंक से वाहन लोन लेने वाला गिरोह गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 के पुलिस अधिकारी।

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिन्दर सिंह की टीम ने वाहनों के फर्जी कागजात तैयार करके बैंक से कार लोन करवाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सतेंद्र उर्फ सत्ता उर्फ विक्रांत, जितेंद्र, हरसिमरत, राहुल तथा आरिफ का नाम शामिल है। आरोपी राहुल यूपी के मुजफ्फरनगर एरिया का रहने वाला है वहीं अन्य चारों आरोपी फरीदाबाद के निवासी हैं। उपनिरीक्षक भूपेंद्र की अगुवाई में क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए 25 जुलाई को आरोपी सतेंदर को आई10 गाड़ी सहित काबू किया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह कार उसने फर्जी तरीके से कागजात तैयार करके लोन पर ली थी। आरोपी को बीपीटीपी थाने लाकर उसके खिलाफ फर्जी कागजात तैयार करके धोखाधड़ी करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

आरोपी को अदालत में पेश करके 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं। वह दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों के आधार कार्ड से फर्जी कागजात तैयार करते थे और बैंक से लोन पर गाड़ियां खरीदते थे और उन्हें बिना कागजी कार्यवाही के सस्ते दामों पर आगे बेच देते थे। आरोपी से पूछताछ के पश्चात आरोपी की शिनाख्त पर वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी के साथियों अन्य चार साथियों को गिरफ्तार किया गया। जिन्हे मामले में गहनता से जांच के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया।

गिरोह का मुख्य आरोपी जितेंद्र है जो पहले एचडीएफसी बैंक में लोन डिपार्टमेंट में काम करता था। जहां से उसे पता चला कि लोग फर्जी कागजात तैयार कर कैसे लोन पर कार खरीदते हैं। आरोपी ने इस प्रकार फर्जी कागजात बनाकर लोन पर कार खरीदने की योजना बनाई। आरोपी ने 2 साल पहले बैंक की नौकरी छोड़ दी। फर्जीवाड़ा करके आरोपी 8 गाड़ियां तथा एक बुलेट मोटरसाइकिल खरीद चुके थे। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से 3 कार, एक बुलेट मोटरसाइकिल तथा 3.88 लाख रुपए नकद बरामद किए जा चुके हैं। आरोपियों के कब्जे से 5 कारों की बरामदगी अभी बकाया है जिसे जल्द ही बरामद किया जाएगा।

## वेतन न मिलने पर वन अधिकारी के दफ्तर पर प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** पांच महीने से मजदूरी नहीं मिलने पर वन मजदूरों ने जिला वन मंडल अधिकारी के कार्यालय के सामने बाईपास रोड पर प्रदर्शन किया और जमकर नारे लगाए। वन विभाग के अधिकारियों की दोहोरी कार्यप्रणाली से नाराज हुए बैठे मजदूरों ने विभाग के अधिकारियों को जमकर कोसा।

वन मजदूर यूनियन हरियाणा, जिला कमेटी फरीदाबाद ने डीएफओ फरीदाबाद के कार्यालय जाकर अपना विरोध दर्ज किया। सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने वन विभाग के आला अधिकारियों पर मजदूरों का शोषण करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि पीसीसीएफ पंचकूला के साथ 2 मई को हुए समझौते को डीएफओ का कार्यालय लागू नहीं करता है। यहां के रेंजर, दरोगा, की ठेकेदारों के साथ मिलीभगत है। जबकि इस समय सब जगह सीजनल वर्क चल रहा है। बरसात के मौसम में वृक्षारोपण होता है। सरकारी नर्सरी से आम लोगों को पौधे वितरित करके खाली जगह पर वृक्षारोपण कराया जाता है। काम की अधिकता होने के बावजूद वन विभाग के अधिकारी पुराने मजदूरों को काम से निकाल देते हैं।

# आम आदमी पार्टी की बैठक

## कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें : पकंज गुप्ता


निगम चुनाव को लेकर हुई बैठक में भाग लेते आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, साउथ जोन के अध्यक्ष वीर सिंह सरपंच और पार्टी के कार्यकर्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगर** निगम चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी जिला कार्यकारिणी एवं विधानसभा के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक नीलम बाटा रोड स्थित होटल ओला में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथी के रूप से आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता एवं साउथ जोन के अध्यक्ष वीर सिह सरपंच ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान धर्मबीर भड़ाना ने की। बैठक में राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने वार्ड कि समस्याओं को लेकर निगम चुनाव प्रभारियों के साथ बात कि तथा आगे कि रणनिति के बारे में चर्चा की। कार्यकर्ताओं को सबोंधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने कहा कि जिले एवं विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता पार्टी के विस्तार एवं नीतियों को लेकर बहुत मेहनत से कार्य कर रहे हैं। नगर निगम पार्षद एवं मेयर के चुनाव सिंबल पर लड़े जाएंगे। जिसके लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस लें और लोगों के बीच जाकर पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। इसी के साथ भाजपा सरकार पर तंज कस्ते हुए उन्होने कहा कि बीजेपी सरकार ने फरीदाबाद का विकास नहीं, विनाश किया है। विपक्ष का कोई भी नेता, कोई भी पार्टी जब इनके विकास कार्यों की पोल खोलता है, तो उसको ई डी व विजिलेंस का डर दिखाया जाता है।

## डॉ. कृष्णकांत गुप्ता एमडीयू के सदस्य मनोनीत

**फरीदाबाद।** अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर राजवीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैचूट11 के प्रावधानों के तहत विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। बतौर कार्यकारी परिषद सदस्य डॉ. कांत की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से 2 वर्ष के लिए की है। परिषद में विवि एवं संबंधित महाविद्यालयों के प्रगति और सुचारू रूप से संचालन के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए जाते हैं एवं कुछ फैसलों का अनुमोदन भी किया जाता है। डॉ. कांत के नामांकन पर अग्रवाल महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान देवेंद्र गुप्ता, उप-प्रधान वासुदेव गुप्ता ने बधाई दी।

# संगठन के हर कार्यकर्ता के साथ संवाद जरूरी : ओम प्रकाश धनखड़

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुट जाएं कार्यकर्ता : धनखड़


सेक्टर 12 स्थित कन्वेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि संगठन के हर कार्यकर्ता के साथ संवाद करना बहुत जरूरी है। उन्होंने संवाद को ही जीत का मंत्र बताते हुए कहा कि संवाद से न केवल संगठन मजबूत रहता है बल्कि चुनाव जीतना भी आसान हो जाता है। धनखड़ ने मंगलवार को फरीदाबाद के कन्वेंशन हॉल में आयोजित शक्ति केंद्र प्रमुखों की जिला स्तरीय कार्याशाला में इस बात पर संतोष भी जताया कि भाजपा के शक्ति केंद्र प्रदेश में मजबूत स्थिति में हैं। इस मौके पर उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान, जिला पंचायत चुनाव व नगर निगम चुनाव को लेकर शक्ति केंद्र प्रमुखों को अभी से तैयारियों में जुट जाने को कहा। कार्यशाला में संगठन प्रदेश महामंत्री रविन्द्र राजू, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि हमारे लिए हमेशा देश सर्वोपरि है। धारा 370 को तोड़ना और जम्मू कश्मीर का भारत में विलय करना तथा भारत को परमाणु शक्ति से सम्पन्न करने की बात हम जनसंघ के समय से करते आ रहे हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाना हमारा एजेंडा रहा है।

कार्यशाला में श्री धनखड़ ने शक्ति केंद्र प्रमुखों को उनके दायित्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बूथ प्रमुख का सबसे पहला काम अपने बूथ को मजबूत करना है। बूथ पर वोट प्रबंधन अच्छा है तो आप बूथ नहीं हार सकते। उन्होंने कहा कि त्रिदेव के साथ पन्ना प्रमुख और बूथ समिति को सक्रिय करना बहुत जरूरी है।

## हत्या के प्रयास में चार वर्ष से फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना सदर बल्लभगढ़ प्रबंधक नवीन कुमार की टीम ने हत्या की कोशिश के मामले में 4 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अरुण उर्फ मोंटी बल्लभगढ़ के दयालपुर गांव का रहने वाला है।

आरोपी ने वर्ष 2018 में अपने ही पड़ोसी के साथ झगड़े में हत्या की नियत से देसी कट्टे से फायरिंग कर दी थी जिसमें एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए सर्वोदय अस्पताल सेक्टर 8 में ले जाया गया था। जिस वारदात पर परिवार की तरफ से शिकायत मिलने पर हत्या की कोशिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपी को थाना पुलिस टीम ने सेक्टर 12 के क्षेत्र से गिरफ्तार कर शामिल तफ्तीश किया है।

# किसानों को प्राकृतिक खेती से होंगे फायदे : डॉ पंकज



**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला के तहत कृषि तथा किसान कृयाण विभाग द्वारा फरीदाबाद में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती पर जागरुकता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन लघु सचिवालय के कांफ्रेंस रूम में उप कृषि निदेषक की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें 120 पूर्व सरपंच, ग्राम प्रधान, नम्बरदार व प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

डॉ. पंकज, फैसिलिटेटर भारत सरकार द्वारा क्रार्यकम की शुरुआत की गई। डॉ पंकज ने किसानों को प्राकृतिक खेती से होने वाले फायदे बताये। डॉ. राजेश लाठर कृषि वैज्ञानिक पंचकुला द्वारा विस्तार से प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। उन्होनें बताया कि आजकल हमारे खेतों की मिटटी ज्यादा रासायनिक खादों के प्रयोग से अस्वस्थ व बिमार हो गई है। मिटटी में सूक्ष्म जीवों की संख्या बहुत कम होती जा रही है।

सूक्ष्म जीवों की कमी की वजह से कार्बनिक पदार्थों की कमी व असंतुलित कार्बन नाईट्रोजन अनुपात, पीएच मान का असामन्य स्तर, खराब जल प्रति धारण क्षमता, पोशक तत्वों की कमी, रासायनिक उर्वरकों के अविवेकपूर्ण और असंतुलित उपयोग से मृदा प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। उन्होनें मिटटी और मानव का स्वास्थ का सीधा सम्बन्ध है। जो मिटटी में होगा वही फल सब्जी उपज में आएगा। पोषण तत्वों की कमी मिटटी में होने के कारण गुण्वत्ता की कमी फल तथा सब्जियो में आएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजली, सुरक्षा को लेकर विधायक को सौंपा मांग पत्र


तिगांव के विधायक राजेश नागर को ज्ञापन देते सेक्टर 89 के पुरी अमन विला ऑलिव कोर्ट के निवासी।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 89 स्थित पुरी अमन विला ऑलिव कोर्ट के निवासियों ने विधायक राजेश नागर को अपनी मांगों को लेकर एक पत्र सौंपा। निवासियों ने कहा कि उन्हें बिजली और सुरक्षा की समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिन्हें जल्द ही दूर कराया जाए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उनके क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति एक बहुत बड़ी समस्या है, बिजली की कमी के कारण उन्हें दैनिक कार्य करने में भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुरी के अधिकारी बिजली उपलब्ध ना होने की बात कहते हैं जिसके कारण उन्हें हफ्ते में एक से दो रात तो बिना बिजली के ही गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने विधायक से अपना प्रयास कर उन्हें भरपूर बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। निवासियों ने विधायक राजेश नागर को एक मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि उनके क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर स्ट्रीट लाइट नहीं जलती हैं जिससे यहां शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है। इसके कारण कोई भी दुर्घटना अथवा सुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ जाता है। अंधेरी सड़क पर रात को गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं रहता है। इसलिए मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइट का प्रबंध अति शीघ्र कराया जाए। निवासियों ने कहा कि पुरी अमन विलास में रहने वाले करीब 350 परिवार बिजली की कमी और सुरक्षा के घटते एहसास के कारण परेशान हैं, जिसके हल के लिए वह विधायक राजेश नागर की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र में सभी समस्याओं को दूर करने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास जारी हैं। प्रिया गर्ग, गौरव गोयल, बालकिशन गोयल, नीरज कुमार झा, पारस वालिया, अजय भाटिया, रोहित त्रिपाठी, अजीत सिंह, लखपत तोमर, किशोरीलाल आहूजा, गौरव पांडे, देवेंद्र रावत, राकेश, सुशील कुमार सिंह, प्रदीप धनखड़, दीपक, धीरज मालानी, जगपाल सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन


पंजाब एण्ड सिंह बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्राहक को लोन का मंजूरी पत्र देते जोनल मनेजर सरदार हरिंदर सिंह।

**फरीदाबाद।** एनआईटी 5 स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक रोहित बैसला ने बुधवार को समस्त शाखाओं के प्रबंधकों के साथ मिलकर नीलम बाटा रोड स्थित होटल आकाश में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान पंजाब एंड सिंध बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक ने सात करोड़ रुपये के 16 मंजूरी पत्र ग्राहकों को सौंपे। बैंक ने 1.51 करोड़ के 11 इन प्रिंसिपल मंजूरी पत्र भी दिए, जो जल्दी ही सैंशन किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य प्रबंधक रहे नफे सिंह ने बैंक द्वारा देश की उन्नति में जो यागदान दिया है। उसके बारे में लोगों को बताया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पंजाब एंड सिंध बैंक से जुड़ने का आग्रह किया। वहीं बैंक के जोनल मैनेजर सरदार हजिंदर सिंह ने ग्राहकों को पंजाब एंड सिंध बैंक की सेवाओं के बारे में जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया।

## मानक मंथन कार्यक्रम का किया आयोजन




**फरीदाबाद।** भारतीय मानक ब्यूरो ने एक अगस्त को फरीदबाद शाखा कार्यालय में मानक मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभा रानी, प्रमुख फशाका ने की तथा कार्यक्रम में स्टार वायर इंडिया लिमिटेड, बंसल स्टील एंड पावर लिमिटेड और प्रॉम्प्ट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मानक 17876: 2022 (स्टेनलेस स्टील वेल्डेड पाइप और सामान्य सेवाओं के लिए ट्यूब - विशिष्टता) पर तकनीकी चर्चा हुई। ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट आईएसओ 4957 के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। अंत में, स्टार वायर इंडिया लिमिटेड तथा बंसल स्टील एंड पावर लिमिटेड को आल इंडिया फर्स्ट लाइसेंस दस्तावेज प्रदान किया गया। सभी प्रतिनिधियों ने भारतीय मानक ब्यूरो की इस नई पहल को सराहा।

## कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर विधायकों को सौंपे ज्ञापन



**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने हरियाणा सरकार पर कर्मचारियों का शोषण करने, तानाशाही एवं वायदा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार पालिका, परिषद, व नगर निगम एवं अग्निशमन विभाग में कार्यरत पार्ट वन के कर्मचारियों को जबरन हरियाणा कौशल रोजगार निगम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में शामिल होने के लिए ऑफर लेटर देखकर डाक्यूमेंट्स जमा करने के लिए मजबूर कर रही। शास्त्री ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता की अध्यक्षता में विभाग के अधिकारियों के साथ नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की दो दौर की वार्ताएं 10 मई व 28 जून को हो चुकी हैं, दोनों दौर की वार्ताओं में संघ द्वारा मंत्री के समक्ष मांग रखते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम में पालिका परिषदों एवं नगर निगम सहित अग्निशमन विभाग के पार्ट वन कर्मचारियों को शामिल करने के मुद्दे पर अपना विरोध दर्ज करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दे चुका है इस पर मंत्री ने भी मुख्यमंत्री से बात कर जल्द ही इसका समाधान करने का भरोसा दिलाया था लेकिन दो अगस्त से सभी सफाई कर्मचारियों तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम की ओर से मोबाइल पर मैसेज कर ऑफर लेटर भेजते हुए 12 अगस्त तक सभी डॉक्यूमेंट पोर्टल अपलोड करने के लिए कहा गया है। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा आज ऑनलाइन मीटिंग कर इसका डटकर विरोध विरोध करने का निर्णय करेगा यह बात आज संघ द्वारा घोषित आंदोलन 1 अगस्त से 8 अगस्त तक सभी विधायकों के आवास एवं कार्यालयों पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम के तहत कर्मचारियों ने बड़खल विधानसभा की विधायक सीमा त्रिखा के सेक्टर 21 स्थित आवास पर काले झंडे और झाड़ू के साथ जोरदार प्रदर्शन करते हुए उनकी अनुपस्थिति में उनके निजी सचिव हरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा विधायक के निजी सचिव हरेंद्र सिंह ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनका ज्ञापन विधायक तक पहुंच जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 अगस्त, 2022



# शी-बाइडेन टकराव

## नैन्सी पैलोसी की यात्रा

**संभवत:** बाइडेन प्रशासन नैन्सी पैलोसी की ताइवान यात्रा का समर्थन नहीं करता है। मीडिया सोच रहा है कि क्या बाइडेन प्रशासन बीजिंग से नवीनतम टकराव के रास्ते से पीछे हट गया है। खबरों के अनुसार अमेरिकी प्रतिनिधि सदन की अध्यक्ष नैन्सी पैलोसी की हिंद-प्रशांत यात्रा में ताइवान भी शामिल था जिसके चलते चीन ने तीखी प्रतिक्रिया की थी क्योंकि वह ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है। हालांकि, रविवार को ऐसा लगा कि शायद वे इस द्वीप देश न जाएं। उनके कार्यालय ने बयान जारी कर कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर, मलेशिया, दक्षिण कोरिया व जापान की यात्रा करेगा। महत्वपूर्ण रूप से इन देशों की सूची में ताइवान शामिल नहीं था। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के बाद अपने पद के कारण वरीयता की श्रृंखला में तीसरे स्थान पर आने वाली पैलोसी यदि ताइवान की यात्रा करतीं तो यह उस देश के समक्ष चुनौती होती जो दुनिया में अपनी स्वीकार्यता मजबूत करना चाहता है। अमेरिका व भारत समेत अधिकांश देशों ने आधिकारिक रूप से ताइवान को चीन का हिस्सा मान लिया है, हालांकि वे उसके साथ वैसे ही संबंध रखते हैं जैसे किसी संप्रभु देश के साथ होते हैं। इस तथ्य पर गौर किया जाना चाहिए कि चीन ऐसे बयान या आयोजन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है जिससे ताइवान के स्वतंत्र देश के दर्जे का संकेत मिलता है। वैसे पैलोसी ताइवान की यात्रा करने वाली अमेरिकी सदन की पहली अध्यक्ष नहीं होंगी क्योंकि रिपब्लिन न्यूट गिंगरिच ने 1997 में यहां की यात्रा की थी। वे बीजिंग व शंघाई की यात्रा करने के बाद ताइपेई गए थे। आश्चर्य नहीं कि चीन के विदेश मंत्रालय ने गिंगरिच की आलोचना की थी, पर उसकी प्रतिक्रिया निन्दा से आगे नहीं बढ़ी थी।



लेकिन जब ताइवान की तत्कालीन राष्ट्रपति ली तेंग हुई ने 1995 में संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा की तो ड्रैगन सचमुच आगबबूला हो गया। चीन ने मिसाइलें दागीं जो इस द्वीप देश के निकट समुद्र में गिरीं। हालांकि, अमेरिका द्वारा शक्ति प्रदर्शन तथा इस क्षेत्र में दो विमानवाहक युद्धक पोत भेजने के बाद यह संकट टल गया था। लेकिन उस समय चीन आज की तरह मजबूत नहीं था, न ही वह विश्व शांति के लिए वैसा खतरा बना था जैसा आज है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दो आक्रामक विचारधाराओं-राष्ट्रवाद व साम्यवाद को मिला कर खतरनाक मिश्रण तैयार किया है। वैश्विक नेता के रूप में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सबसे पहले इसकी पहचान कर इसके खिलाफ कार्रवाई की थी। यही कारण है कि हालिया वर्षों में ताइवान में बड़ी संख्या में कार्यरत व सेवानिवृत्त अधिकारी तथा कांग्रेस के सदस्य गए हैं। बीजिंग ट्रंप की इस विरासत से पहले से ही नाराज था और ऐसे में पैलोसी की यात्रा की खबरें आईं।

उसकी प्रतिक्रिया बालीवुड नायकों या खलनायकों जैसी है कि 'जो हमसे टकराएगा, चूर चूर हो जाएगा।' कहा जाता है कि शी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को टेलीफोन वार्ता में चेतावनी दी कि ताइवान के मामले पर वे 'आग से न खेलें'। क्या बाइडेन ने इस चेतावनी को गंभीरता से लिया है? हमें अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकती है, पर अमेरिकी विदेश सचिव माइक पोंपियो का यही मानना है। उन्होंने बाइडेन की आलोचना की कि उन्होंने पैलोसी की ताइवान यात्रा का समर्थन नहीं किया। कहा जाता है कि हालीवुड चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के सामने झुक गया और यही स्थिति नेशनल बास्केटबाल असोसियेशन की रही, लेकिन माइक पोंपियो का यह कहना ठीक है कि अमेरिकी प्रशासन की यही स्थिति नहीं होनी चाहिए। लेकिन देखना होगा कि क्या बाइडेन उनकी बात पर ध्यान देंगे?

# बच्चों को 'डार्क वेब' से बचाने हेतु कानून

अनेक अध्ययनों से पता चलता है कि देश में विशिष्ट कानून न होने के कारण 'डार्क वेब' के माध्यम से बच्चों के उत्पीड़न की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ऐसा कानून बनाना आवश्यक हो गया है।



**राहुल कश्यप**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



आनलाइन नेटवर्क से गैजेटों का प्रयोग कर की जाने वाली 'साइबर-आनलाइन' ट्रैफिकिंग को मुख्यत: मानव ट्रैफिकिंग या मानव व्यापार की तरह समझा जाना चाहिए। यह वैश्विक आपदा है। मानव व्यापार अपराध है जो विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मानव व्यापार-विरोधी उपकरणों के अंतर्गत आता है। इनमें 2000 का 'पैलरेमो प्रोटोकाल' तथा 2005 का 'कौंसिल आफ यूरोप कन्वेंशन आन एक्शन अगेंस्ट ट्रैफिकिंग इन ह्यूमन बींग्स' शामिल हैं। यह 2001 की 'कौंसिल आफ यूरोप कन्वेंशन आन साइबरक्राइम' के अंतर्गत भी आता है जो इंटरनेट के माध्यम से किए जाने वाले अपराधों पर पहली अंतरराष्ट्रीय संधि है। बच्चों की साइबर-आनलाइन ट्रैफिकिंग हमारे सामाजिक ढांचे के लिए ज्यादा व्यापक व गंभीर प्रभाव वाली है। 2020 व 2021 में कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान बाल ट्रैफिकिंग का संकट और गंभीर हुआ।

स्कूल व शैक्षिक संस्थान बंद होने तथा परिवारों में बेरोजगारी बढ़ने के कारण मानव व्यापारियों या ट्रैफिकर्स ने आनलाइन-साइबर उपकरणों का सहारा लेकर कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों के समक्ष समस्या और गंभीर कर दी। भारत के पास अभी साइबर-आनलाइन बाल ट्रैफिकिंग की चुनौती से निपटने के लिए उपयुक्त विशिष्ट कानून का अभाव है। 'डार्क वेब' तक आसान पहुंच प्रयोगकर्ताओं की पहचान उजागर नहीं करती है जिससे संवेदनशील आनलाइन टूल्स का प्रयोग कर ट्रैफिकर्स बेरोजगार व कमजोर माता-पिता को अपने बच्चे को अनेक प्रकार के दुरुपयोग के लिए छोड़ने की अनुमति दिला देते हैं। वे नए रोजगार, आमदनी बढ़ाने तथा बेहतर जीवन स्थितियों के झूठे वादों के आधार पर जोखिमग्रस्त परिवारों को अपना निशाना बनाते हैं। महामारी के दौरान इन अवैध गतिविधियों में लिप्त ट्रैफिकर्स के लिए स्थिति आसान हो गई थी। माता-पिता तथा बच्चे ऐसे लालच या आकर्षण के दुष्परिणामों से अनजान रहे।

कोई आश्चर्य नहीं कि भारत में कठोर लाकडाउन व लोगों के आवागमन पर अत्यधिक नियंत्रण के बावजूद अवैध बाल श्रम फलता-फूलता रहा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ ने जून, 2021 में खुलासा किया कि लगभग 160 मिलियन बच्चे बाल श्रम कर रहे थे और पिछले चार वर्षों में यह संख्या 9 मिलियन बढ़ी थी। नई दिल्ली के स्वतंत्र थिंकटैंक 'इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड'-आईसीपीएफ ने 2020 में अपनी रिपोर्ट में भारत में साइबर-आनलाइन ट्रैफिकिंग तथा 'बाल यौन दुरुपयोग सामग्री'-सीएसएएम की उपलब्धता के बारे में खुलासा किया था। आईसीपीएफ ने दुनिया की सबसे बड़ी पोर्नोग्राफिक वेबसाइट पोर्नहब के डेटा का विश्लेषण कर बताया था कि भारत में मार्च, 2020 तक मानव व्यापार में 95 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। यह वृद्धि वेबसाइट पर महामारी-पूर्व की स्थिति की तुलना में राष्ट्रीय लाकडाउन लगने के बाद सामने आई थी।

लाकडाउन के दौरान पोर्नहब द्वारा अपनी प्रीमियम विषयवस्तु के मुफ्त करने के बाद यह स्थिति सामने आई थी। इस वृद्धि का बड़ा हिस्सा बाल अश्लील सामग्री की मांग में वृद्धि के कारण था। आईसीपीएफ के अनुसार बाल अश्लील सामग्री की सार्वजनिक रूप से उपलब्धता प्रति माह 100 शहरों में औसतन पांच मिलियन थी। सीएसएएम विषयवस्तु में दिलचस्पी लेने वाले व्यक्तियों का बहुसंख्य 'स्कूल गर्ल सेक्स' में दिलचस्पी ले रहा था। इसमें विशिष्ट आयुवर्ग की यौन गतिविधियों व स्थानों में दिलचस्पी 200 प्रतिशत बढ़ी थी। अध्ययन से पता चला कि विशिष्ट गतिविधियों, आयु वर्गों व स्थानों, आदि के बारे में विषयवस्तु की मांग कोलकाता, सिलीगुड़ी, हावड़ा, चंडीगढ़, गोहाटी, इंदौर, भुवनेश्वर व चेन्नै जैसे शहरों में सर्वाधिक थी। चाइल्डलाइन इंडिया हेल्पलाइन की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार 2020 में राष्ट्रीय लाकडाउन के दौरान यौन उत्पीड़न के प्रति बच्चों के जोखिम में वृद्धि हुई थी। हेल्पलाइन को उत्पीड़न व हिंसा से संरक्षण से बचाने के लिए 92,000 काल मिली थीं। आईसीपीएफ ने इस अध्ययन के दौरान अनेक संस्तुतियां की थीं जिनसे कानून लागू करने वाली एजेंसियां साइबर-आनलाइन ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए क्या कर सकती हैं। उसने कृत्रिम बुद्धि-एआई औजारों का प्रयोग कर राष्ट्रव्यापरी स्तर पर एक 'सीएसएएम ट्रैकर' बनाने का सुझाव दिया था। इससे सीएसएएम की होस्टिंग, दर्शकों से साझा तथा डाउनलोड का पता लगाने का काम भारत सरकार के वर्तमान साइबर सुरक्षा नेटवर्क से जोड़ना संभव हो सकता था। आनलाइन बाल यौन उत्पीड़कों के बारे में आक्रामक आनलाइन अभियान तथा माता-पिता व बच्चों को शिक्षा देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही संस्तुतियों के आधार पर अपराध रिपोर्टिंग के तरीके भी खोजने होंगे।

आईसीपीएफ ने ऐसी विषयवस्तु देखने वालों लोगों के लिए 'नेशनल सीएसएएम आर्फेंडर्स रजिस्ट्री' बनाने का सुझाव दिया जो सभी इंटरनेट सेवा प्रदाताओं-आईएसपी को दी जाएगी। इसमें सीएसएएम की बिक्री, वितरण व उपभोग करने वाले व्यक्तियों के लिए एक खास समय तक व्यक्तिगत इंटरनेट सेवायें बंद करने का सुझाव दिया। सीएसएएम विषयवस्तु को आईएसपी व सोशल मीडिया मंचों से अनिवार्य रूप से हटाने का काम किया जा सकता है। आईसीपीएफ ने कहा कि भारत को विधिक रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने में पहल करनी चाहिए ताकि सीएसएएम के सृजन, उसकी पैरवी व दर्शकों को हटाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग किया जा सके। बेरोजगार परिवारों और उनके बच्चों के लिए जोखिम अनेक प्रकार से बढ़ गया है। ऐसे में एक विशिष्ट एजेंसी की आवश्यकता है जो कानून के अनुसार आनलाइन शोषण व बाल व्यापार रोकने में पूरी तरह सक्षम हो।

इस संदर्भ में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन-केएससीएफ ने बच्चों को उत्पीड़नकारी स्थितियों से बचाने के लिए 'आनलाइन चाइल्ड सेक्स एब्यूज़ एंड एक्स्प्लायटेशन'-ओक्से बनाने का प्रस्ताव किया है। इसका उद्देश्य विशेष पुलिसिंग इकाइयों का गठन करना है जो प्रभावी जांच से विकृत सामग्री के आनलाइन प्रसारण को रोकने तथा साइबर शोषण को रोकने का काम कर सकें जो मानव व्यापार का कारण बनती हैं। 2021 व 2022 में केएससीएफ ने महाराष्ट्र व केरल में साझेदारी के माध्यम से आनलाइन ट्रैफिकिंग व संभावित मानव व्यापार की पहचान व उसे समाप्त करने का प्रयास किया। इस पहल के परिणाम केरल में सामने आए जहां 472 एफआईआर की गईं और 67 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार महाराष्ट्र में पाइलेट परियोजना के रूप में 'टैक्टिकल रिस्पांस अगेंस्ट साइबर चिल्ड्रेन एक्स्प्लायटेशन यूनिट'-ट्रेस का गठन किया गया। यह भारी मात्रा में आनलाइन उत्पीड़क सामग्री हटाने में सक्षम बना। सीएसएएम की बुराई दूर करने के लिए केएससीएफ ने 'इकाककाप्स साफ्टवेयर' की पहचान की जो बच्चों के खिलाफ इंटरनेट अपराध-आईसीएसी का उत्पाद है। यह अंतरराष्ट्रीय टास्क फोर्स है जिसमें विभिन्न राष्ट्रीय सरकारें आनलाइन उपलब्ध सीएसएएम का पता लगाती हैं। इसके साथ ही केरल साइबर पुलिस केएससीएफ की सहायता से एक ग्रैपनेल टूल विकसित कर रही है जो 'डार्क वेब' में प्रवेश कर उसकी निगरानी करेगा। यह वेबसाइटों, चैट रूमों व अन्य स्रोतों से डेटा एकत्र कर आनलाइन उत्पीड़न व संभावित ट्रैफिकिंग को रोकेगा।

दो राज्य सरकारों के प्रयासों के साथ ही मुंबई के स्कूलों में अनेक कार्यशालायें आयोजित की गई हैं ताकि बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में बताया जा सके। योजना है कि ऐसे ही नेटवर्क अगले तीन सालों में तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश व असम में विकसित किए जाएं। उल्लेखनीय है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां ये अवैध गतिविधियां रोकने के लिए प्रयासरत हैं। नवंबर, 2021 में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने देश में अनेक स्थानों पर छापे मार कर बाल अश्लील सामग्री जब्त की है तथा अनेक लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन इस दिशा में बहुत कुछ करना अभी बाकी है। केन्द्र सरकार को साइबर-आनलाइन बाल व्यापार की बढ़ती महामारी को देखते हुए इस विभीषिका से निपटने के लिए उपयुक्त कानून बनाने चाहिए। अनेक आयाामों वाला कानून 'डार्क वेब' में भी सीएसएएम के सप्लायरों व उपभोक्ताओं को पकड़ सकता है। मुख्य बात सीएसएएम का आनलाइन वितरण रोकना तथा उसे आनलाइन वाइरल होने के पहले ही पकड़ कर नष्ट करना है।

# भारत में बनीं दो महिला राष्ट्रपति

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल थीं और हाल ही में श्रीमती द्रोपदी मुर्मू देश की नई राष्ट्रपति बनी हैं। ये दोनों राष्ट्रपति देश में महिला सशक्तिकरण की प्रतीक हैं, लेकिन वंचितों को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रतीकवाद की आवश्यकता है।

अचानक यह सवाल पैदा हो गया है कि वनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कैसे संबोधित किया जाना चाहिए? जब कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन्हें 'राष्ट्रपत्नी' के रूप में संबोधित किया और बाद में दावा किया कि उनकी जुबान फिसल गई, तो केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यह शब्द अपमानजनक था। यहां तक कि जब पहली महिला अध्यक्ष प्रतिभा पाटिल (2007-2012) ने पदभार संभाला था तो, शिवसेना सुप्रीमो, दिवंगत बाल ठाकरे ने भी उन्हें 'राष्ट्रपत्नी' कहा था, लेकिन पाटिल ने इसे हंसी में उड़ा दिया। आखिरकार, पाटिल को राष्ट्रपति कहकर संबोधित किया गया। महिला राष्ट्रपति को संबोधित करने पर तरीके को लेकर पैदा विवाद सदियों पुराना है। संविधान सभा में सदस्यों ने चर्चा की थी कि क्या एक महिला अध्यक्ष को 'राष्ट्रपति' के रूप में संबोधित किया जाना चाहिए। जवाहरलाल नेहरू ने जोर देकर कहा कि लिंग के बावजूद अध्यक्ष को 'राष्ट्रपति' कहा जाएगा।

प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल एक संपन्न मराठा परिवार से ताल्लुक रखती हैं जिनकी शादी एक राजपूत से हुई है। मुर्मू एक मामूली आदिवासी परिवार से आती हैं। वह एक पिछड़े इलाके में पली-बढ़ी है, जहां सड़क और बिजली नहीं है। वह नंगे पांव अपने स्कूल जाती थीं, और पूरे साल एक जोड़ी कपड़ा पहने रहती थीं। उनका सपना अपने परिवार की सहायता करने के लिए एक नियमित नौकरी पाना था। नियति ने उन्हें पहले राजभवन और अब राष्ट्रपति भवन तक पहुंचा दिया। दोनों राष्ट्रपतियों के लिए आश्चर्यजनक विकल्प थे। एक शिक्षित आदिवासी और एक महिला होना मुर्मू के लिए फायदेमंद था, जबकि गांधी परिवार के प्रति वफादारी प्रतिभा देवी सिंह पाटिल का मजबूत पक्ष था।

दोनों महिलाएं देश के राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर आने से पहले राज्यपाल, विधायक और बाद में मंत्री रह चुकी हैं। पाटिल एक वकील हैं, जबकि द्रौपदी एक पूर्व शिक्षक हैं। संयोग से, दोनों आध्यात्मिक हैं और 1937 में भारत में स्थापित एक आंदोलन, ब्रह्माकुमारियों में अत्यधिक विश्वास रखती हैं। पूजा करने से पहले मुर्मू को पुरंदेश्वरी शिव मंदिर के परिसर में झाड़ू लगाते हुए देखकर लोग चकित रह गए। दिलचस्प बात यह है कि पाटिल ने दावा किया कि बाबा लेखराज की आत्मा, जिनकी 1969 में मृत्यु हो गई थी, ने उनसे 'उनके रास्ते में आने वाली एक बड़ी जिम्मेदारी' के बारे में बात की थी। प्रतिभा देवी सिंह पाटिल महिला सशक्तिकरण में विश्वास करती हैं। उन्होंने विद्या भारती शिक्षण प्रसार मंडल की स्थापना की, जो ऐसा संस्थान है जो अमरावती, जलगांव और मुंबई में स्कूलों व कॉलेजों की एक श्रृंखला चलाता है। उन्होंने श्रम साधना ट्रस्ट भी स्थापित किया है, जो नई दिल्ली, मुंबई और पुणे में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास चलाता है। राष्ट्रपति चुनाव में उतरने से काफी पहले ही श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने एक उड़िया पत्रिका से बातचीत में कहा था, ''पुरुषों के वर्चस्व वाली राजनीति में महिलाओं के लिए आरक्षण होना चाहिए। राजनीतिक दल उम्मीदवारों को चुनकर और चुनाव लड़ने के लिए टिकट बांटकर इस स्थिति को बदल सकते हैं।'' दोनों महिलाएं पारंपरिक हैं, जैसा कि आप शायद ही प्रतिभा पाटिल की कोई तस्वीर उनके सिर पर पल्लू के बगैर देखते हैं। मुर्मू ने एक साधारण सफेद पारंपरिक संथाल झाल साड़ी पहनकर अपना नया काम शुरू किया। पीटीआई ने राष्ट्रपति के एक रिश्तेदार के बारे में जानकारी दी जिसने रिश्तेदार को एक दर्जन साड़ियां नई दिल्ली लाने के लिए कहा था।

पाटिल और मुर्मू दोनों ही आत्मविश्वासी हैं क्योंकि वे शीर्ष पर पहुंचने के लिए संघर्ष करती हैं। दोनों राष्ट्रीय राजनीतिक दलों से आते हैं। कभी चुनाव नहीं हारने वाली पाटिल 30 साल तक विधायक रहीं, विपक्ष की नेता रहीं और बाद में राज्यसभा की उपसभापति (1986-88) रहीं। द्रौपदी, जिनका स्कूल और कॉलेज में उपमान टुडू था, एक बैंक अधिकारी श्याम चरण टुडू से शादी करने के बाद मुर्मू बन गईं। उनके स्कूल शिक्षक ने उनका नाम 'द्रौपदी' रखा था। वह 2000 में रायरंगपुर और 2009 में मयूरभंज से भाजपा विधायक के रूप में चुनी गईं। वह ओडिशा में भाजपा-बीजद गठबंधन के दौरान वाणिज्य, परिवहन, मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्री भी थीं। राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल का राष्ट्रपति भवन में कार्यकाल उस दिन से विवादों में आ गया था, जब से उन्हें उच्च पद के लिए नामांकित किया गया था। उन्होंने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान एक कुलीन महिला जैसा व्यवहार प्रदर्शित किया। अपने परिवार के साथ उनकी विदेश यात्राओं पर सरकारी खजाने के 205 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। मीडिया में ऐसे आरोप सामने आए थे कि उन्होंने पुणे में सेवानिवृत्ति के बाद अपना बंगला बनाने के लिए रक्षा भूमि पर कब्जा कर लिया था। मुर्मू ने कई पारिवारिक त्रासदियों का सामना किया । उन्होंने उत्तराधिकार में अपने पति और दो बेटों को खो दिया। ''एक समय था जब मुझे लगता था कि मैं कभी भी मर सकती हूं।'' उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था। वह ईश्वरीय प्रजापति ब्रह्माकुमारी में शामिल हुईं और योग व ध्यान किया। मुर्मू झारखंड में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाली पहली महिला / आदिवासी राज्यपाल थीं। जैसा कि उनका रिकॉर्ड साबित करता है, वह अपने काम को अच्छी तरह से संभाल सकती हैं। उदाहरण के लिए, उन्होंने जन-जातीय कल्याण को प्रभावित करने वाले दो विधेयक अपनी स्वीकृति देने के बजाय सरकार को लौटा दिए थे। श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने संथाली भाषा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसे 2003 में संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था। संथाल, भारत में तीसरी सबसे बड़ी अनुसूचित जनजाति (एसटी), झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में फैले हुए हैं।

श्रीमती द्रोपदी मुर्मू का उत्थान आदिवासियों के लिए सामाजिक सशक्तिकरण का एक विशेष क्षण दर्शाता है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद मुर्मू ने कहा, ''आज मैं सभी देशवासियों, खासकर भारत के युवाओं और भारत की महिलाओं को विश्वास दिलाती हूं कि इस पद पर काम करते हुए मेरे लिए उनका हित सर्वोपरि रहेगा।कोई यह नहीं मानता है कि सिर्फ इसलिए कि पाटिल पहली महिला राष्ट्रपति थीं, महिलाओं की स्थिति में नाटकीय रूप से सुधार हुआ था। या अब जब मुर्मू पहली आदिवासी राष्ट्रपति बन गई हैं, वह आदिवासी की स्थिति बदलने के लिए जादू की छड़ी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वे दोनों महिला सशक्तिकरण के प्रतीक हैं, लेकिन वंचितों को उच्च पदों के सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रतीकवाद की आवश्यकता है।

## आप की बात

### सोशल मीडिया का दुरुपयोग

**आज** वाकई सोशल मीडिया की हालत बड़ी दयनीय है। बगैर वस्तुस्थिति परख के यूजर्स अंधाधुध पोस्ट फॉरवर्ड कर देते हैं। सालों पुरानी पोस्ट को ताजा बता कर जिस प्रकार सोशल मीडिया का दुरुपयोग होता है, वह चिंतनीय है। सोशल मीडिया वैसे देखा जाए तो बड़ी सुविधा का माध्यम है लेकिन जिस तरह से इसका उपयोग किया जा रहा है उससे लगता है उसे बच्चों का खिलौना मान लिया गया है। पहले माना जाता था कि सोशल मीडिया जनता की आवाज सामने लाने का एक अवसर प्रदान करता है, लेकिन समय बीतने के साथ उसमें विकृतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। इन विकृतियों को रोकने में सोशल मीडिया के सेवा-प्रदाता भी अपनी भूमिका ठीक से नहीं निभाते हैं, जबकि तकनीकी रूप से उनके लिए यह कठिन नहीं है। केरल हाई कोर्ट की कार्यवाही समझने लायक है। इस मामले में न्यायालय ने जिस प्रकार संज्ञान लिया है उसे नजीर बनाया जाना चाहिए। यूट्यूब प्रबंधक को जिस प्रकार जेल भेजा गया है उससे कुकुरमुत्तों की तरह उग आए अन्य प्रबंधकों को कानून की भाषा समझना चाहिए। जब दा-चार लोगों के खिलाफ इस तरह कड़ी कार्यवाही होगी तब इसका दुरुपयोग बंद हो सकेगा।

–**अमृतलाल मारू**, इंदौर

### बर्मिंघम में सफलता

**बर्मिंघम** में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की प्रतिस्पर्धा में भारत एक प्रबल दल के रूप में आगे बढ़ रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था और देश की युवा जनसंख्या को देखते हुए भारत में खेलों का आख्यान एक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है लेकिन क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे कुछ खेलों को छोड़ दें तो भारत में खेल प्रतिभाओं के प्रति बढ़ती दिलचस्पी आवश्यक रूप से समग्र खेल क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन में रूपांतरित नहीं हो रही है। भारतीय खेल क्षेत्र में अत्यधिक जटिलता है क्योंकि भारत में खेलों के विस्तार व प्रबंधन के लिए विविध संगठन जिम्मेदार हैं। इसके साथ ही भारत के खेल क्षेत्र का वृहत आकार और व्यापक जटिलताएं काफी चुनौतियां उत्पन्न करता है। इनमें अधिकारों और उत्तरदायित्व का अस्पष्ट सीमांकन, पारदर्शिता और जवाबदेही में कमी, अपर्याप्त व्यवसायीकरण, पर्याप्त अवसंरचना का अभाव एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाइयां। हालांकि सरकार ने विभिन्न पहलकदमियां शुरू की हैं, जैसे फिट इंडिया, खेलो इंडिया, टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना आदि। हमें अब अवसंरचना में पर्याप्त निवेश करना होगा।

–**सुदर्शन सोराड़ीं**, चम्पावत

### सटीक मतदाता सूची

**भारत** निर्वाचन आयोग ने 1 अगस्त 2022 से मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के वोटर परिचय पत्र को आधार से लिंक करने का श्रीगणेश किया है । निर्देशों के अनुसार 6 बी फार्म भरने के साथ वोटर आईडी व आधार कार्ड की फोटो कॉपी भी संलग्न करना होगा। बीएलओ को गरुड़ ऐप पर भी फार्म 6 बी पडेट करना होगा। बीएलओ शासकीय कर्मचारी है। प्रत्येक बीएलओ के मोबाइल नंबर आयोग की साइट पर रजिस्टर्ड है। सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक काम बिना पेपर के हो ताकि पर्यावरण के साथ-साथ कागज का भी संरक्षण हो । केवल गरुड़ ऐप पर अपडेट करने से आधार लिंक होता है तो मतदाताओं से वोटर आईडी व आधार कार्ड की कापी नहीं लेने तथा 6 बी का फार्म नहीं भरने के संशोधित निर्देश दिए जाने चाहिए। जिससे मानवीय समय व श्रम के साथ कागज की बचत भी होगी। निर्वाचन आयोग को इस गतिविधि के बारे में जन-जागरूकता अभियान भी चलाना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें हिस्सा लेकर मतदाता सूची को सटीक बनाने में योगदान करें।

–**हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**पुराने** मित्र की तरह कांग्रेस नेता मेरे संपर्क में हैं। मैं उस पार्टी में 20 साल से अधिक रहा। वे यहां आने पर मुझसे मिलते हैं।

– **हेमंत बिश्वा शर्मा**
असम के मुख्यमंत्री



**वे** हर विधायक को 10 करोड़ रुपये दे रहे थे। वे मुझे गोहाटी ले जाना चाहते थे जहां मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा के साथ बैठक तय थी।

– **कुमार जयमंगल**
झारखंड कांग्रेस विधायक



**टीएमसी** को उप-राष्ट्रपति चुनाव में भाग न लेने के अपने निर्णय पर पुन: विचार करना चाहिए।

– **मार्गेट अल्वा**
विपक्षी उप-राष्ट्रपति उम्मीदवार

## 841 सरकारी वकील बर्खास्त, 586 नए सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उच्च न्यायालय इलाहाबाद और लखनऊ खंडपीठ के 841 सरकारी वकीलों की सेवा समाप्त कर दी है। वहीं इनकी जगह 586 नए सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति करते हुए सूची भी जारी कर दी है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की मंजूरी के बाद न्याय विभाग के विशेष सचिव निकुंज मित्तल ने सूची जारी की है। अपर महाधिवक्ता विनोद कांत समेत उच्च न्यायालय में तैनात 841 सरकारी वकीलों का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें हटा दिया गया है। इसमें 505 की तैनाती इलाहाबाद हाईकोर्ट में थी और 336 लखनऊ खण्डपीठ में तैनात थे। इसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट में तैनात 26 अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ताओं समेत 179 स्थाई अधिवक्ताओं की छुट्टी कर दी गई। सिविल के 111 ब्रीफ होल्डर और क्रिमिनल साइड के 141 ब्रीफ होल्डर भी हटाए गए हैं। इसके साथ ही 47 अपर सरकारी वकीलों को भी हटाया गया है। नई सूची में प्रयागराज में 366 और लखनऊ पीठ में 220 यानी कुल 586 राज्य विधि अधिकारियों को तैनाती दी गई है। वहीं इस सूची में कुछ अधिवक्ताओं की रैंक में फेरबदल भी किया गया है।

## वकीलों की बर्खास्तगी दुर्भाग्यपूर्णः कांग्रेस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने योगी सरकार द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट और लखनऊ बेंच के 841 सरकारी वकीलों की बर्खास्तगी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। सरकार का यह कहना कि इन सबका पर फॉरमेंस खराब था हास्यास्पद है। भाजपा का यह सिद्धांत है कि वह सत्ता पाने के लिए और चुनावी फायदे के लिए ही किसी को बनाती और हटाती है। हटाए गए वकीलों को निष्प्रयोज्य समझकर बर्खास्त करना उन सभी का अपमान है। उन्होंने योगी सरकार से प्रश्न पूछते हुए कहा कि यदि इन सरकारी वकीलों एवं विधि विभाग में प्रशासनिक कार्यों में नियुक्त किए गए अधिकारियों की दक्षता कम थी तो लंबे समय तक इनको क्यों रखा गया था?

पंचायती राज विभाग

## कामकाज में सुधार को नये पदों का सृजित

**लखनऊ।** पंचायती राज विभाग की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए शासन स्तर पर प्रत्येक जिले के लिए एक-एक अपर जिला पंचायत अधिकारी का पद सृजित किया गया है। यह पद प्रोन्नति के जरिए भरें जायेंगे। इस बावत पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शासनादेश जारी कर दिया है। अपर मुख्य सचिव के स्तर से जारी आदेश के मुताबिक अपर जिला पंचायतराज अधिकारी के नाम से वेतन बैण्ड-2 रुपये 9300-34800 और ग्रेड पे 4600 रुपये में कुल 75 पदों का सृजन किया जाएगा। अपर जिला पंचायतराज अधिकारी के 63 पदों को 12 वर्ष की सेवा वाले सहायक विकास अधिकारी पंचायत के पदों से पदोन्नति द्वारा भरा जाएगा। नए सृजित अपर जिला पंचायत राज अधिकारी प्राविधिक के 8 पदों को सात वर्ष की सेवा वाले सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी प्राविधिक के पदों से पदोन्नति से भरा जाएगा। नव सृजित अपर जिला पंचायत राज अधिकारी पंचायत उद्योग के चार पदों को 12 वर्ष की सेवा वाले पंचायत निरीक्षक उद्योग के पदों से पदोन्नति के जरिये भरा जाएगा।

# दुकानों व प्रतिष्ठानों के लिए वन टाइम पंजीकरण व्यवस्था



### कैबिनेट के फैसले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अब** दुकान और वाणिज्य संस्थान के लाइसेंस का बार बार नवीनीकरण नहीं कराना होगा। इसके लिए पंजीकरण शुल्क को 15 गुना बढ़ाते हुए लाइसेंस को पूरे जीवन के लिए अनुमन्य कर दिया गया है। इसके लिए उप्र दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान नवम संशोधन नियमावली 2022 को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी।

अपर मुख्य सचिव श्रम सुरेश चंद्रा के मुताबिक पहले दुकानों या वाणिज्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस का पांच-पांच साल में नवीनीकरण कराना पड़ता था। इसके लिए प्रतिष्ठान स्वामी को हर बार नवीनीकरण शुल्क जमा कराना पड़ता था। अब ऐसा नहीं होगा। अब एक बार कराया गया पंजीकरण जीवन भर चलेगा। इस लाइसेंस का बार बार नवीनीकरण नहीं कराना होगा। 15 गुना शुल्क के साथ यह लाइसेंस एक ही बार जारी होगा। इस एक मुश्त राशि से जहां सरकार की आय बढ़ेगी तो वहीं व्यवसायी को भी आसानी होगी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में यह भी फैसला लिया गया कि यदि किसी दुकान या प्रतिष्ठान में काम करने वाला केवल एक ही व्यक्ति है, चाहे वह उसका स्वामी ही क्यों न हो, उसे लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं है। यदि संख्या एक से ज्यादा है तो लाइसेंस लेना होगा। इसके लिए शुल्क जमा करना होगा।

उन्होंने बताया कि अगर किसी दुकान या प्रतिष्ठान में काम करने वाला केवल एक ही व्यक्ति है, चाहे वह उसका स्वामी ही क्यों न हो, उसे लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं है। वहीं यह संख्या एक से ज्यादा है तो लाइसेंस लेना होगा। इसके लिए शुल्क जमा करना होगा।

## शकुंतला मिश्रा विवि में चलेगा रक्षा विवि गुजरात का क्षेत्रीय केंद्र

**लखनऊ।** उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेसिंक साइंसेज लखनऊ परिसर में स्थापित होने वाले राष्ट्रीय रक्षा विवि आरआरयू गांधीनगर गुजरात के रीजनल सेंटर का भवन बनने तक रीजनल सेंटर डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि परिसर में स्थित समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय भवन में संचालित किया जाएगा। योगी कैबिनेट की मंगलवार को लोक भवन में आयोजित बैठक में विद्यालय भवन तीन वर्ष के लिए गृह विभाग को निःशुल्क देने के लिए गृह विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के बीच होने वाले एमओयू के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। जानकारी के अनुसार भारत सरकार ने वर्ष 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों तथा पुलिस सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले दक्ष कार्मिकों की उपलब्धता, शोध, प्रशिक्षण एवं आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा जैसे महत्वूपर्ण विषयों के लिए गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विवि स्थापित किया है। विवि के कुलपति की ओर से आरआरयू का रीजनल सेंटर यूपी में स्थापित करने का आग्रह किया था। राष्ट्रीय रक्षा विवि के अस्थाई रीजनल सेंटर के संचालन के लिए व्यय भार का वहन आरआरयू की ओर से वहन किया जाएगा।

## काम कराने से पहले हर फैक्ट्री, संस्थान को देना होगा नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने उत्तर प्रदेश व्यवसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य-शर्त संहिता नियमावली 2022 मंगलवार को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही अब कर्मियों की नियुक्ति से पहले प्रत्येक फैक्ट्री या संस्थान को नियुक्त पत्र देना होगा। खतरनाक प्रकृति के उन कारखानों में अब सेफ्टी अफसर की तैनाती होगी जहां 250 से अधिक कर्मचारी काम कर रहे हैं। ऐसे कारखानों में सेफ्टी कमेटी भी गठित की जाएगी। नई नियमावली में कुछ शर्तों के साथ रात में भी महिलाओं से काम लिया जा सकेगा। वहीं सप्ताह में 48 घंटे से ज्यादा काम लेने पर अतिरिक्त घंटों का दोगुना भुगतान करना होगा। नई नियमावली के तहत जो अधिष्ठान या कारखाने पहले से पंजीकृत न हों, उन्हें नियोजक पोर्टल पर आवेदन करना होगा। उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम-2011 में तय समय सीमा में यदि पंजीकरण नहीं हुआ तो अधिष्ठान को स्वतरू पंजीकृत माना जाएगा। किसी भी कारखाने में 45 साल से अधिक आयु के लोगों का साल में एक बार स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री की अध्यक्षता में राज्य व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड का गठन किया जाएगा।

## सपा प्रत्याशी का पर्चा खारिज, बीजेपी के प्रत्याशियों की निर्विरोध जीत तय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद के उप चुनाव में सपा के प्रत्याशी कीर्ति कोल का पर्चा उम्र कम होने के कारण खारिज कर दिया गया। इससे सपा की जनजातीय मुहिम को झटका लगा है। चुनाव आयोग ने नामांकन पत्रों की जांच में पाया कि सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल ने अपने शपथ पत्र में अपनी उम्र 28 साल दिखाई है जबकि विधान परिषद चुनाव के लिए न्यूनतम उम्र 30 वर्ष निर्धारित की गई है। ऐसे में भाजपा के दोनों प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। सपा ने कीर्ति कोल को मैदान में उतारकर जनजातीय दांव खेला था। सोमवार को ही भाजपा की तरफ से धर्मेंद्र सिंह सैंथवार और निर्मला पासवान के साथ ही सपा की तरफ से जनजातीय समाज से आने वाली कीर्ति कोल ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। पिछले विधानसभा चुनाव में मिर्जापुर की छानबे विधानसभा सीट से कीर्ति कोल सपा की उम्मीदवार थी लेकिन चुनाव नहीं जीत सकी थीं। समाजवादी पार्टी के नेता अहमद हसन के निधन और भाजपा के नेता ठाकुर जयवीर सिंह के इस्तीफे के कारण खाली हुईं विधान परिषद की दो सीट के लिए उपचुनाव होना है। जयवीर सिंह ने हाल में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। सौ सदस्यों वाली विधान परिषद में वर्तमान में भाजपा के 73 सदस्य और सपा के नौ सदस्य हैं जबकि चार निर्दलीय सदस्य, दो सदस्य अध्यापक समूह से और एक-एक सदस्य अपना दल एस, निषाद पार्टी और जनसत्ता दल से है। परिषद में आठ सीटें रिक्त हैं।

## सपा प्रमुख ने 9 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की अपील की



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे 9 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा ध्वज फहराएं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रध्वज को पूरे सम्मान के साथ फहराया जाना चाहिए। राष्ट्रध्वज की पवित्रता एवं गरिमा कायम रहनी चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि स्वेच्छा से प्रत्येक नागरिक को अपने आवास पर राष्ट्रध्वज फहराये। यह खादी का बना हो। राष्ट्रध्वज हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। उस पर हर भारतीय गर्व करता है। अखिलेश यादव ने कहा शहर गांव, अमीर गरीब, किसान श्रमिक, व्यापारी, दुकानदार, सरकारी एवं प्राइवेट संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों, सभी को इस आयोजन में स्वेच्छा से सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अभियान में किसी को भी जुड़ने से बचना नहीं चाहिए। प्रत्येक नागरिक अपना राष्ट्रीय कर्तव्य समझकर इस अभियान में शामिल हो। राष्ट्रध्वज के दिन-रात फहराए जाने पर भी अब कोई प्रतिबंध नहीं है। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर 9 से 15 अगस्त 2022 के बीच नित्य अपने आवास पर राष्ट्रध्वज को ससम्मान फहराये जाने में सहयोग करने का आव्हान किया।

# नागपंचमी का पर्व भारतीय संस्कृति का प्रतीकः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक गांव के युवाओं में खेल के प्रति रुचि जागृत हो, इसके लिए राज्य सरकार ने अनेक कदम उठाये हैं। प्रत्येक गांव में खेल का मैदान, ओपेन जिम का निर्माण एवं प्रत्येक जिला मुख्यालय पर स्टेडियम निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। आज उसी का परिणाम है कि प्रदेश में अब तक 77 स्टेडियम, 68 बहुद्देशीय हाल, 2 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, 39 तरणताल, 18 छात्रावास भवन, 14 सिन्थेटिक हाकी स्टेडियम, 11 कुश्ती हॉल, 11 वेटलिफ्टिंग हॉल का निर्माण किया जा चुका है। प्रदेश में 3 स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, लखनऊ एवं इटावा में संचालित किये जा रहे हैं। नौजवानों के लिए 44 आवासीय क्रीड़ा छात्रावास प्रदेश सरकार संचालित कर रही है।

मुख्यमंत्री आज जनपद गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित परम्परागत कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नागपंचमी का पर्व जीव और जन्तु के प्रति भारतीय संस्कृति के अनुराग और उनके प्रति हम सबके मैत्री व करुणा के भाव को प्रदर्शित करने का एक माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को मिलने वाली खेल किट की राशि को एक हजार रुपये से बढ़ाकर अब ढाई हजार रुपये, आवासीय क्रीड़ा छात्रावास के खिलाड़ियों को भोजन, शिक्षा, प्रतियोगिता में होने वाले व्यय की बढ़ोत्तरी करके डाइट मनी 250 रुपये से बढ़ाकर 375 रुपये प्रतिदिन किया है। आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिये 50 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को 1.50 लाख रुपये प्रतिमाह के मानदेय पर प्रशिक्षण हेतु आबद्ध करने की स्वीकृति प्रदेश सरकार ने दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेल के विकास और प्रोत्साहन हेतु उत्तर प्रदेश खेल विकास और प्रोत्साहन नियमावली-2020 प्रख्यापित की गयी है। इसमें प्रदेश के खिलाड़ियों के लिये तहसील, जिला, मण्डल स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन की व्यवस्था है। इस वित्तीय वर्ष में इस कार्य के लिये 08 करोड़ 55 लाख रुपये की धनराशि की व्यवस्था की है। तहसील स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन के लिये 60 हजार रुपये, जनपद स्तर पर प्रतियोगिता के लिये 5 लाख रुपये तथा मण्डल स्तर पर प्रतियोगिता के लिये 15 लाख रुपये की व्यवस्था वर्तमान में प्रदेश सरकार ने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार राज्य सरकार ने प्रत्येक जनपद में भारत सरकार के सहयोग से 'एक जनपद एक खेल' योजना के अन्तर्गत खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेलों, विश्वकप चैम्पियनशिप, एशियन गेम में प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे राजपत्रित पदों पर नियुक्ति प्रदान करने की नियमावली को भी प्रदेश सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही, ओलम्पिक गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, विश्व कप में भी उत्तर प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार की व्यवस्था भी राज्य सरकार ने की है। ओलम्पिक स्वर्ण पदक में 6 करोड़ रुपये, रजत पदक पर 4 करोड़ रुपये, कांस्य पदक पर 2 करोड़ रुपये एकल वर्ग में प्रदेश सरकार प्रदान कर रही है। ओलम्पिक की टीम स्पर्धा में यह राशि 3 करोड़ रुपये, 2 करोड़ रुपये व1 करोड़ रुपये होगी। एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को डेढ़ करोड़ व कांस्य पदक विजेताओं को 75 लाख रुपये का पुरस्कार की व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार ओलम्पिक में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को 10 लाख रुपये तथा एशियन गेम्स व कॉमनवेल्थ गेम में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को 5-5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है।

## रामगोपाल के पत्र पर शिवपाल ने साधा निशाना कहा, न्याय की लड़ाई अधूरी क्यों

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कुनबे की आपसी लड़ाई फिर सामने आई है। इस बार राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी से विधायक शिवपाल सिंह यादव आमने-सामने है। सपा के राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव की तरफ से सपा के पूर्व विधायक और उनके परिवारीजनों के खिलाफ दर्ज मुकदमों में राहत देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर दिए गए पत्र पर शिवपाल ने ट्वीट कर कटाक्ष किया है। शिवपाल ने अपने ट्वीट में ने लिखा है कि न्याय की लड़ाई अधूरी क्यों है आजम खान, नाहिद हसन, शहजिल इस्लाम और अन्य कार्यकर्ताओं के लिए क्यों नहीं, ट्वीट में शिवपाल ने रामगोपाल यादव की तरफ से मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र को भी अटैच किया



है। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस दौरान पार्टी के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह उनकी पत्नी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र सिंह और उनकी पत्नी और वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा यादव पर लगाए गए सभी झूठे मुकदमों की निष्पक्ष जांच सीबीआई या एसआईटी से कराने की मांग की है। यह भी मांग की कि जांच के दौरान एटा प्रशासन की तरफ से की गई सारी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को रोक दिया जाए।

## अपना दल ने लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त किए मंडल प्रभारी

### ● शुरू किया सदस्यता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपना** दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक रूप से मजबूती प्रदान करने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने मंगलवार कोकैसरबाग स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित पार्टी की मासिक बैठक में 2024 के मद्देनजर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया एवं प्रदेश के सभी 18 मंडलों में सदस्यता प्रभारियों की घोषणा की। श्रीमती पटेल ने कहा कि इन सदस्यता प्रभारियों की देखरेख में ही मंडलों सदस्यता अभियान को जमीन पर धार दी जाएगी और जोन अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। यह प्रक्रिया अक्टूबर महीने तक पूरी कर ली जाएगी। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। केंद्रीय मंत्री ने 2024 की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को 24 घंटे मेहनत करने का मंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में वृहद रूप से सदस्यता अभियान को चलाया जाएगा एवं सभी जनपदों के तुलनात्मक आंकड़ों के आधार पर जिलाध्यक्षों का परफार्मेंश रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा। अपना दल एस के जिलाध्यक्ष का कार्यकाल 2 साल निर्धारित किया गया है। दो साल बाद जिलाध्यक्ष का कार्यकाल स्वतः समाप्त हो जाएगा। श्रीमती पटेल ने डॉ सोनेलाल पटेल की जयंती के अवसर पर 2 जुलाई को प्रत्येक जनपद में शुरू किए गए पौधारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान से समाज व प्रदेश में अच्छा संदेश गया है। यह एक सामाजिक कार्य है। इस तरह के सामाजिक कार्य निरंतर चलते रहना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रतापगढ़ सदर के पूर्व विधायक राजकुमार पाल ने तथा संचालन कार्यवाहक राष्ट्रीय सचिव केके पटेल ने किया।


## परिवहन कार्यालयों में अवांछित लोगों का जमावड़ा न होने देनेंः दयाशंकर

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिये है कि संभागीय/उप संभागीय परिवहन कार्यालय सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किये जाए। उन्होंने कहा कि संभागीयध्उप संभागीय परिवहन कार्यालयों में अत्यधिक भीड-भाड़ हो जाने के कारण अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिसके फलस्वरूप लाइसेंस के कार्य हेतु आने वाले आवेदकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है, जिससे अप्रिय घटनाओं की संभावना बनी रहती है। यह स्थिति उचित नहीं है। सभी परिवहन अधिकारी अपने स्तर से संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। दयाशंकर सिंह ने कहा कि परिवहन कार्यालयों में कार्य के लिए पारदर्शी एवं यथोचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ताकि जनसामान्य को अधिक से अधिक सुविधायें सुगमता से प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि समस्त संभागीय/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारिय यह सुनिश्चित करें कि कार्यालय परिसर के बाहर किसी प्रकार का अतिक्रमण एवं अवांछित तत्वों का जमावड़ा न होने पाये। साथ ही स्थायी लाइसेंस/लाइसेंस नवीनीकरण हेतु आने वाले आवेदकों की सुविधा हेतु सारथी हाल में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था हो एवं इस बात का ध्यान दें कि सारथी हाल में लगे स्काल उचित ढंग से कार्य करें एवं उन पर टोकन संख्या सही रूप से प्रदर्शित हो। दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिये कि संभागीय/उप संभागीय परिवहन कार्यालयों के किस अनुभाग में क्या कार्य होते हैं तथा उसकी क्या फीस निर्धारित है।

### विधान सभा सदस्यों से स्पीकर ने किया संवाद

# हम सबको मिलकर बनानी होगी प्रदेश की बेहतर छविः महाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा** के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि विधान सभा में एक से एक योग्य सदस्य हैं। भाषण देने वालों को भाषण सुनाना सबसे कठिन काम है। इसलिए विधान सभा के प्लेटफार्म का उपयोग करें। आप अपनी प्रतिभा से जनता को आप कैसे लाभ दे सकतें हैं। इस पर काम करने की और जरुरत है। हम 5 साल में उनके हित के लिए अधिक से अधिक विकास के कार्य करायें जिससे जिले में आपकी एक अलग पहचान बनें। साथ ही विधायक इस बात का भी प्रयास करें कि देश और दुनिया में उत्तर प्रदेश की छवि को और कैसे निखारा जा सके।

मंगलवार को विधान सभा अध्यक्ष ने विधान भवन हाल में उन सदस्यों से कही जो व्यवसायिक रूप से इंजीनियरिगं एवं प्रबन्धन के क्षेत्र से जुड़े हुए है। श्री महाना ने कहा कि सीखने की कोई समय सीमा नहीं होती है। हमारी जो संवैधानिक व्यवस्था है उसकी जानकारी आम जनमानस को नही है। हम सबको मिलकर प्रदेश की छवि को बदलने का काम करना है। धीरे-धीरे प्रदेश की छवि बदल रही है, नए विधायकों को और बेहतर बनाने का काम करना है। उन्होनें कहा कि जनता में आप की छवि और योग्यता क्या है। इस पर बहुत कुछ निर्भर करता है। देश और दुनिया में उत्तर प्रदेश का परसेप्शन कैसे बदले और यहां की बेहतरीन छवि बनाने के प्रयास हम सभी को मिलकर करना है। वरिष्ठ विधायक आलम बदी ने कहा कि 66 साल पहले इंजीनियरिंग किया था और भूल गया था कि मैं इंजी हूँ लेकिन आज अध्यक्ष जी ने मेरी प्रतिभा को पहचाना और इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका लाभ विधान सभा और जनता को अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रोटोकाल की तो बात करतें है पर हमें भी उदार होना चाहिए। इस बात पर विचार करना होगा कि हमारा व्यवहार समाज में कैसा है। अपना दल एस की विधायक डॉ सुरभि ने कहा कि उन्होंने अपने क्षेत्र में गूगल ऐप के उपयोग से पाठशलाओं में अध्यापकों की उपस्थिति का अवलोकन किया जो काफी समय से अनुपस्थित थे उन्हें सचेत किया। सपा के विधायक सचिन यादव ने कहा कि अधिकारियों के साथ बैठक के पहले तैयारी करने का लाभ मिलता है। हमे इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है। सपा विधायक अमिताभ वाजपेई ने कहा कि अधिकारी कई बार समस्याओं को हल करने से बचते है और उनकी मंशा रहती है कि जनता विधायक को ही दोषी माने। भाजपा विधायकों में नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि अधिकारियों की तरफ से प्रोटोकाल नही मिलता जिसके कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है पर इधर बदलाव देखने को मिल रहा है। हर्षवर्धन वाजपेई ने सुझाव दिया कि सत्र के दौरान कई बार बिल पास हो जाते है पर सदस्यों को इसे पढ़ने को नही मिलता। संजय कुमार शर्मा ने कहा कि इस बार नई तरह की विधानसभा देखने को मिल रही है लेकिन अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ाने की जरूरत है। अधिकारी अपने पुराने सिस्टम से बाहर नहीं आना चाहते है। अजय सिंह ने अफसरशाही को लेकर चिंता व्यक्त की और कहा कि हमे लकीर की फकीर की परंपरा को बदलना होगा क्योंकि भौगोलिक स्थितियां बदली है जिसमें बदलाव की जरूरत है। शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मेरे भाई अमेरिका से आए थे उन्होंने यहां की विधानसभा और अध्यक्ष से मिलने के बाद उनके व्यवहार की सराहना की और यह भी कहा कि राजनीति में अब धीरे-धीरे बदलाव हो रहा है। विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने कहा कि कम समय में ही अध्यक्ष ने यूपी को एक नई पहचान बनाने का काम किया है। अब देश की विधान सभाओं में बदलाव की चर्चा होगी तो उसमें अध्यक्ष जी का मुख्य भूमिका की चर्चा जरूर होगी। संवाद के कार्यक्रम में अनिल कुमार त्रिपाठी, उमर अली, सुहेब उर्फ मन्नू अंसारी, मुकेश चौधरी, अनुराग सिंह, इंजी. बृजेश कठेरिया, वीरेन्द्र चौधरी सहित अन्य सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिये।

### प्राथमिक शिक्षा पर सीएम के बयान पर कांग्रेस का पलटवार

# गैर कांग्रेसी सरकारों में गिरा बेसिक शिक्षा का स्तर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शिक्षा** व्यवस्था के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस ने यूपी की गैर कांग्रेसी सरकारों को कटघरे में खड़ा किया है। मंगलवार को पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की गैर कांग्रेसी सरकारों में प्राथमिक शिक्षा का स्तर दिनों दिन गिरता गया और प्राईवेट स्कूलों की भीड़ बढ़ती गयी। निजी विद्यालयों को सरकारी संरक्षण मिलता रहा और सरकारी विद्यालय भ्रष्टाचार एवं दुर्व्यवस्था के शिकार होते चले गये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के दौर में जहां प्राथमिक शिक्षा की प्रत्येक कक्षा में एक शिक्षक की नियुक्ति होती थी वहीं आज तमाम विद्यालय एक शिक्षक के भरोसे चल रहें हैं। किसी.किसी विद्यालय में एक शिक्षक एक ही कमरें में, एक साथ दो कक्षाओं के विद्यार्थियों का पढाने को मजबूर हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री द्वारा ष्वर्ष 2017 के पहले 70 फीसदी बच्चों के नंगे पैर स्कूल जाने की बात उनका बड़बोलापन है और वह बयानों से वीर बनने का प्रयास कर रहें हैं। डॉ. पांडेय ने कहा कि लखनऊ में शिक्षकों के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तमाम बड़ी.बड़ी बातें की लेकिन जमीनी हकीकत उनके बयानों से भिन्न है। प्रदेश में शिक्षकों की भारी कमी है। आदर्श व्यवस्था के तहत एक शिक्षक के ऊपर 40 से अधिक बच्चों का बोझ नहीं होना चाहिए, बच्चों की संख्या 121 से 200 के बीच होने पर 5 शिक्षक बच्चों को पढ़ा सकते हैं। लेकिन शिक्षकों की व्यापक कमी के चलते यह महज एक सपना बनकर रह गया है। योगी सरकार ने बीच-बीच में शिक्षा के बजट में व्यापक कटौतियां भी की। वर्ष 2020-21 के शिक्षा बजट में 191 करोड़ रुपए की बड़ी कटौती की गयी थी। योगी सरकार द्वारा शिक्षकों की व्यापक कमी की हो रही आलोचनाओं के दबाव में आयोजित 69 हजार शिक्षकों की भर्ती भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी।

# बन गई वाटिकाएं, हुआ पौधरोपण

● नैमिषारण्य में पर्यावरण सरंक्षण को लेकर रौपे गए पौधे
●हरिशंकरी वाटिका में लगेंगे पीपल, पाकड़, बरगद के पौधे

**संवाददाता।** सीतापुर

**वनमहोत्सव से** शुरू हुए पौध रोपण का सिलसिला अभी निरतंर चलता ही रहेगा जिससे कि पर्यावरण को सरंक्षण दिया जा सके। इसी को लेकर धर्मनगरी नैमिषारण्य में मिश्रिख वन रेंज कुछ महत्वपूर्ण पौधों का रोपण किया गया है। नैमिषारण्य में वनविभाग द्वारा नवग्रह वाटिका, हरिशंकरी वाटिका, और पंचवटी वाटिका बनाकर विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण हुआ। वन विभाग ने नारदानंद आश्रम में चिन्हांकन कर बैरीगेटिंग करके पौधे लगा दिए गए है। आपको बता दें कि हरिशंकरी वाटिका में पीपल, पाकड़, बरगद तीन पौधे एक साथ लगाए जाएंगे, पंचवटी वाटिका में अशोक, बेल, आंवला व बरगद, पीपल सहित पांच पौधे लगाए जाएंगे। नवग्रह वाटिका में नौ पाधै लगेगे जिनमें कुश, लटजीरा, शमी, गुलर, आक, दूब, खैर, ढांक सहित पीपल के पौधो का रोपण होगा, पीपल को गुरू माना गया है, शनि के लिए शमी और केतु के लिए कुश का रोपण होगा क्योंकि नवग्रहों में यह सब शामिल होता है इसीलिए नवग्रह वाटिका नाम रखा है। इस मौके पर डीएफओ ब्रजमोहन शुक्ला, रेंजर महमूद आलम, डिप्टी रेंजर समर सिंह, वन दरोगा मुन्ना लाल मिश्रा, वन दरोगा सुनील त्रिपाठी, वन रक्षक नीरज कुमार, वन रक्षक अनिल यादव सहित तमाम अधिकारीगण मौजूद रहे।



# कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

● रंजिश में हत्या करने का आरोप लगाकर लगाया जाम

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**देर रात** एक अनियंत्रित गति से आ रही कार ने एक बाइक पर जा रहे तीन लोगों को टक्कर मार दी जिससे तीनों की मौत हो गयी। इस घटना से नाराज मृतकों के परिजन ने पुरानी रंजिश में हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए मार्ग जाम कर दिया जिसे अधिकारियों ने काफी प्रयास कर खुलवाया और यातायात प्रारंभ कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गदियन खेड़ा निवासी 80 वर्षीय दूबर गद्दी अपने चचेरे भाई 60 वर्षीय रईस के साथ संडीला के बाजार में अपना खोया लेकर आए थे। यहां भुगतान लेते हुए देर हो गयी तो दूबर का पोता 25 वर्षीय रेहान अली आ गया और तीनों को अपनी बाइक पर बिठाकर वह गदियन खेड़ा के लिए चल पड़ा। जब उसकी बाइक संडीला मल्लावां रोड पर ग्राम जरियारी के पास पहुंची तो पीछे से आ रही कार नं0 यूपी 30 बीसी / 0756 ने इस बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखचे उड़ गए और बाइक सवार दूबर, रईस और रेहान की मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना के बाद ग्रामीण दौड़ पड़े। ग्रामीणों को आता देख कार पर सवार लोग वहां से भाग गए। सूचना मिलने पर मृतकों के परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों शवों को देखकर उन्होंनें जाम लगा दिया और एक पुरानी घटना की रंजिश बताते हैं, हंगामा शुरू कर दिया। मृतक रेहान के पिता बरकत अली का आरोप था कि यह दुर्घटना नहीं, यह हत्या की गयी है। आक्रोशित लोगों का कहना था कि जब तक हत्यारे पकड़े नहीं जाते, तब तक वह जाम नहीं हटाएंगे। पुलिस मौके पर पहुंची और काफी देर समझाने बुझाने के बाद इस जाम को खुलवाया और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष हरिशंकर प्रजापति ने बताया कि सभी आरोपित व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

## क्विक न्यूज

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया नागपंचमी का पर्व

**सीतापुर।** कमलापुर सीतापुर में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है. यहां लोगों ने विधि-विधान से नाग देवता और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की. इस मौके पर विभिन्न जगहों पर दगंल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. ग्रामीण इलाके में पारम्परिक झूले भी लगाए गए. कमलापुर क्षेत्र के गांवों में लोगों ने धूम-धाम से नाग देवता की पूजा-अर्चना की. रुढा, उसरी, महोली महोत्तेपुर, बैकुंठपुर आदि कई जगहों पूजा के साथ-साथ आयोजित की गई.कमलापुर मंडल अध्यक्ष अमर बाजपेई मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. धर्म के जानकरों की मानें तो इस दिन नाग की पूजा करने से सांपों के कारण होने वाला किसी भी प्रकार का भय खत्म हो जाता है. नागपंचमी के दिन नाग देवता को विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाया जाता है इस अवसर आदर्श मिश्र अनिकेत मिश्र अमरीश शुक्ल निशांत शुक्ल अयाश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### करणी सेना के जिला अध्यक्ष थाने में बैठे धरने पर

**हरगांव सीतापुर ।** छात्रा से छेड़छाड़ मामले में छात्रा के भाई की दबंगों ने जमकर पिटाई की थी। जिसके बाद बीच बराव करने आए छात्रा के परिजनों को भीमारा पीटा था। पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट छात्रा पक्ष के लोग सैकड़ों की संख्या में थाने में आधमके और पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन करने लगे। यह मांग थी की संबंधित मामले में पुलिसहीला हवाली कर रही है। आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है कई धाराएं दर्ज नहीं की गई है जो होनी चाहिए थी। छात्रा पक्ष के लोग थाने में धरने पर बैठ गए। हलका इंचार्ज आरडी रावत ने मान मनव्वल की कोशिश की लेकिन बात नहीं बनी। किसकी जानकारी थानाध्यक्ष को दूरभाष पर दी गई। जिस पर उन्होंने दूरभाष के माध्यम से ही करणी सेना के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह से बात की और उन्हें आश्वस्त किया कि सभी उचित मांगे मानी जाएंगी। जिसके बाद वहां से चला गया।

### एबीवीपी सीतापुर जिले की जिला समिति बैठक संपन्न

**सीतापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीतापुर जिले की जिला समिति बैठक आज जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यों को लेकर प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें नगर कार्यकारिणी एवं परिसर इकाई गठन, सदस्यता अभियान, वृक्षमित्र अभियान व स्वतंत्रता दिवस पर होनें वाले एक गांव एक तिरंगा आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बताते चलें अगस्त माह से शुरू हो रहे विद्यार्थी परिषद अभियान को लेकर एबीवीपी सीतापुर जिले द्वारा 75 हजार सदस्यता लक्ष्य लिया गया है जिसको लेकर विस्तृत योजना तैयार की गई। साथ ही अभाविप विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा देश भर में चलाए जा रहे वृक्ष मित्र अभियान पर भी विचार-विमर्श हुआ। स्वतन्त्रता दिवस पर होनें वाले एक गांव एक तिरंगा अभियान के तहत योजना तैयार की गई। बैठक में सीतापुर विभाग के विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला, विभाग प्रमुख जितेंद्र सिंह, विभाग सह प्रमुख मनु शर्मा, विभाग संयोजक आकाश अवस्थी, विभाग सह संयोजक शिवम वर्मा, विभाग छात्रा प्रमुख आस्था गुप्ता, जिला संयोजक विजय शंकर पाण्डेय, जिला सह संयोजक अभिषेक बाजपेई, नगर विस्तारक रमाकांत, महाविद्यालय विस्तारक सोनू व नैमिषारण्य विस्तारक पवन शुक्ला आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### बार एसोसिएशन ने की बैठक, डीएम को भेजा पत्र



**मोहम्मदी-खीरी।** बार एसोसिएशन मोहम्मदी में एक बैठक अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें जिलाधिकारी के नाम एक पत्र उप जिलाधिकारी को दिया गया। जिसमें जमीनों की बढ़ती दरों के विरोध में सभी बैनामा लेखकों और अधिवक्ताओं ने उप निबंधन कार्यालय के कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी पत्र के माध्यम से महामंत्री शाहिद बाबा ने दी।

## आपसी सौहार्द्र एवं शांति व्यवस्था कायम रखने को प्रशासन सतर्क

# आगामी त्यौहारों पर शांति व्यवस्था के लिए कसी कमर

**संवाददाता।** सीतापुर

**आपसी सौहार्द्र** एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के मकसद से आगामी त्यौहारों को लेकर प्रशासन और पुलिस महकमें ने कमर कस ली है। पुलिस न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ड्यूटी चार्ट बना रही है, बल्कि थाना-कोतवालियों में संबंधित क्षेत्रों के सभ्रांत लोगों के साथ बैठकों का आयोजन भी किया जा रहा है। समस्याएं जानकर उनका निराकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह और पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने धर्मगुरुओं से संवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के मुताबिक ही सभी त्योहार मनाएं जाएंगे। कोई नई परंपरा न शुरू करने की अपील करते हुए डीएम ने कहा कि सभी लोग सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्त तैयारियां समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी से उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा जहां से ताजिया निकाले जाते है वहां के मार्गों की साफ-सफाई, बिजली के लटके तारों को ठीक करा दिया जाएगा। डीएम ने कहा हथियारों का प्रदर्शन न किया जाये ऐसी आप सभी लोगों से अपेक्षा है। प्रशासन द्वारा जो भी सहयोग किया जा रहा है उसमें आप सबका सहयोग अपेक्षित है। एसपी सुशील घुले ने कहा पुलिस क्षेत्र में हिस्ट्रीशीटरों व अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रख रही है। आवश्यक जगहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी। हम सभी का दायित्व है कि शांतिपूर्ण व सौहार्द भरे वातावरण में त्योहार मनाएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से जो भी पोस्ट भ्रमित करने हेतु डाली जाती है उन पर कतई ध्यान न दें। सावधान रहें और अन्य को भी सावधान रहने हेतु प्रोत्साहित करें। बैठक में एएसपी उत्तरी डॉ. राजीव दीक्षित, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, सीओ सिटी पीयूष सिंह, एसडीएम सदर अनिल कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आये धर्मगुरू व सम्भ्रान्त नागरिक मौजूद थे। बैठक के बाद जिलाधिकारी अनुज सिंह ने क्या कहा, सुनिए।



# विकास भवन के अधिकारियों का घेराव कर मांगा भुगतान

**संवाददाता।** सीतापुर

**मनरेगा मजदूरी** न मिलने से नाराज श्रमिको ने उस वक्त विकास भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया जब उनको सालों से बकाया मनरेगा भुगतान नहीं मिला, विकास भवन का घेराव श्रमिको के नेता डा. बृज बिहारी के नेतृत्व में किया गया था। सैकड़ो मजदूर पहले तो धरना स्थल पर एकत्र हुए उसके बाद प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी के साथ विकास भवन परिसर के सामने बैठ गए और अपनी बकाया मजदूरी भुगतान को लेकर अधिकारियों को ललकारने लगे, लेकिन उस समय विकास भवन में बने अधिकारियों के कार्यालय खाली पड़े थे। आपको बता दें कि ऐसे बहुत सारे मजदूर है जिनका भुगतान अभी तक नहीं हुआ है, अभी कुछ दिन पहले संगतिन नेत्री ऋचा सिंह के नेतृत्व में मनरेगा का भुगतान न होने पर विकास भवन का घेराव किया था लेकिन अभी भी कोई सुनवाई नहीं हुई है। सोमवार को विकास भवन का घेराव करते हुए मजदूरों को सम्बोधित करते हुए डा. बृजबिहारी ने कहा कि जल्द से जल्द अगर मांगे नहीं मानी जाएगी तो आंदोलन करना पड़ेगा जिसका प्रशासन जिम्मेदार होगा।



### हर घर तिरंगा अभियान में डाक विभाग की महती भूमिका



**लखीमपुर-खीरी।** डाकघरों में तिरंगे झंडे की बिक्री प्रारम्भ जनपद के समस्त डाकघरों में तिरंगे झंडे बिक्री हेतु उपलब्ध करा दिया दिया गया है आज इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल तथा भारत विकास परिषद लखीमपुर खीरी के जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला को 50 तिरंगा झण्डे की प्रथम बिक्री किया। साथ ही उनको संबंधित संगठन के सदस्यों को भी तिरंगा डाकघर से लेने का निवेदन किया। उक्त तिरंगे झंडे की बिक्री हेतु मुख्य विकास अधिकारी से भी मिलकर सभी सरकारी संस्थानों को तिरंगे झंडे डाकघर से लेने हेतु निवेदन किया गया है।

# सीताराम विवाह कथा का हुआ रसपान



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर के त्रिलोक गिरि मार्ग भूतनाथ रेलवे क्रॉसिंग पर आयोजित द्वितीय सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में चतुर्थ दिवस कथाव्यास संजीवनी मिश्रा ने मिथिला नरेश की सुपुत्री सीता मैया व प्रभु श्रीराम के शुभ विवाह की संगीतमयी कथा सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथाव्यास संजीवनी मिश्रा ने अपने मुखारबिंद से सुनाया कि मिथिला नरेश राजा जनक के कठिन प्रण के तहत आयोजित स्वयंवर में वह शिव धनुष जिसे एक से एक महाबली राजा हिला न सके और स्वयंवर में मौजूद मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने ऋषि विश्वामित्र का आदेश मिलते ही क्षण भर में उस धनुष पर प्रत्यंचा चाते हुए उसका भेदन कर दिया। इस दौरान प्रभु श्रीराम, सीता व उनकी सखियों का स्वरूप लेकर बच्चों ने सजीव सियाराम के शुभ विवाह का चित्रण कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

# गौरिया में नागिन ने महिला को डसा, मौत



**ढखेरवा-खीरी।** क्षेत्र के गौरिया गांव में आज सोमवार दोपहर नागिन के डसने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि ग्रामीण दीपू पाण्डेय की पत्नी स्वाती पांडे (35) सोमवार दोपहर अपने घर में काम कर रही थीं। इसी बीच एक नागिन ने उन्हें डस लिया था। स्वाती पांडे कुछ समझ नहीं पाई कि किस जीव ने उन्हें डसा है वह मामले को हल्के में ले कर घरेलू काम करती रहीं क्योंकि उनका पति दीपू पांडे घर पर मौजूद नहीं थे वह एक निजी बस पर कंडेक्टर हैं। स्वाती की हालत खराब होने पर पड़ोस के लोगों ने उन्हें सीएचसी रमियाबेहड़ लेकर गए जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।गौरिया गांव में सोमवार दोपहर महिला स्वाती पांडे को डसने वाली नागिन को सपेरे ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद एक डिब्बे में कैद कर लिया है।

# चौकी की दीवार तोड़ अंदर घुस आया डम्पर



**बेहजम-खीरी।** नीमगांव थाना की चौकी बेहजम में अलसुबह एक ब?ा हादसा होने से टल गया। मंगलवार की सुबह छह बजे चौकी के सभी कर्मचारी जब अपनी बैरक में आराम कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार ओवरलोड गिट्टी से भरा डम्पर चौकी की बाउंड्री वाल और उससे सटे बाथरूम व पेशाब घर सुलभ शौचालय को तो? दिया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई भी पुलिस कर्मी घायल नहीं हुआ। तेज आवाज सुनकर चौकी प्रभारी सुनील बाबू अवस्थी अपने सिपाहियों के साथ ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया।बताते हैं कि ग्वालियर मध्यप्रदेश से गिट्टी भरकर लखीमपुर आ रहे डंपर एमपीएस 7एचबी 8114 जब-जब कस्बे में पुलिस चौकी के नजदीक पहुंचा तो अचानक ड्राइवर की आंख लग जाने के कारण गिट्टी भरे डंपर बिजली का पोल तोड़ते हुए पुलिस चौकी की बाउंड्री लेट्रिन बाथरूम पेशाब घर तोते हुए समरसेबुल की बोरिंग को ध्वस्त कर दिया वहीं वह पुलिस चौकी के गेट से टकरा गया।मामला सुबह 6ः30 बजे की घटना होने के चलते पुलिस स्टाफ नित्य क्रिया पास होने के लिए इसी वक्त प्रयोग में लाया जाता है पर इन दिनों क्षेत्र रात्रि में चोरों की आहट क्षेत्र में होने के चलते पुलिस देर 6 बजे आराम करने के लिए अपने आवासों व बैरक में सो रहे थे जिससे बड़ी अनहोनी घटना घटने से बच गई नहीं तो पुलिस चौकी के कर्मचारियों के साथ बड़ी घटना घट सकती थी।बताते चलें घटना से बड़ी है घट सकती थी क्योंकि पुलिस चौकी की दीवाल की बगल से नाला पानी निकासी के लिए बनाया गया था। जिसको तोड़ते हुए ट्रक के बाय पहिए पिछले नाले में गिरने की वजह से बड़ी घटना घटने से बच गई। ड्राइवर गुरु लाल पुत्र बलजीत निवासी निवासी मोहल्ला पुरानी छावनी ग्वालियर इंद्रजीत पुत्र प्रीतम निवासी ग्वालियर ट्रक को लेकर लखीमपुर गिट्टी उतारने के लिए जा रहे थे। ट्रक चालक को हिरासत में लेकर उसके मालिक को सूचना दी गई और पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर स?क पर जाम लगने से लोगों को दिक्कत भी हुई जिसके आवागमन बाधित न हो।

# पेज एक का शेष

### अमेरिकी हमले...

दशक तक अपने सैनिकों को देश में रखने के बाद अमेरिका ने 11 महीने पहले उन्हें वापस बुला लिया था। न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ज़वाहिरी मिस्र के एक प्रतिष्ठित परिवार से नाता रखता था। उसके दादा रबिया अल-ज़वाहिरी काहिरा के प्रतिष्ठित अल-अजहर विश्वविद्यालय में इमाम थे। उसके एक रिश्तेदार अब्देल रहमान आजम अरब लीग के पहले सचिव थे। ज़वाहिरी ने 1998 में केन्या और तंजानिया में अमेरिकी दूतावासों पर हुए हमलों को अंजाम देने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी। सितंबर 2014 में, ज़वाहिरी ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में पनाहगाहों का फायदा उठाते हुए भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) के गठन की घोषणा की थी। ज़वाहिरी ने तब कहा था, अल-कायदा की एक नई शाखा भारतीय उपमहाद्वीप में कायदा अल-जिहाद का गठन, जिहाद का झंडा ऊंचा करने और भारतीय उपमहाद्वीप में इस्लामी शासन वापस लाने के लिए किया गया है।

### भारत ने...

अलावा किसी स्पर्धा में पहला स्वर्ण भी है। एक समय भारतीय टीम 8-2 से आगे थी लेकिन थाबेलो मुहांगो (लीड), ब्रिगेट कालित्ज (सेकंड), एस्मी क्रूगर (थर्ड) और जोहाना स्नीमैन (स्किप) ने 8-8 से बराबरी कर ली। भारतीय खिलाड़ियों ने संयम बरकरार रखते हुए आखिरी तीन दौर जीते। इससे पहले महिला ट्रिपल में भारतीय टीम ने राष्ट्रमंडल शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड को 15-11 से पराजित किया। भारत की तानिया चौधरी (लीड), पिंकी (सेकंड) और रूपा रानी टिर्की (स्किप) की तिकड़ी निकोल टॉमी (लीड), तायला ब्रूस (सेकंड) और वैल स्मिथ (स्किप) की कीवी टीम से कहीं बेहतर साबित हुई।

### भारतीय पुरुष..

पदक है। मैनचेस्टर में 2002 में हुए खेलों में टेबल टेनिस को शामिल किए जाने के बाद भारत का यह सातवां पदक है। हरमीत और जी साथियान की जोड़ी ने योन इजाक क्वेक और यू इन कोएन पांग की जोड़ी को 13-11, 11-7, 11-5 से शिकस्त देकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। लेकिन दिग्गज शरत कमल अपनी लय को जारी नहीं रख सके। सेमीफाइनल में नाइजीरिया के विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी अरूणा कादरी को हराने वाले शरत पुरुष एकल के पहले मैच में झे यू क्लारेंस चीयू हार गए। सिंगापुर के खिलाड़ी ने उन्हें 11-7, 12-14, 11-3, 11-9 से हराया। विश्व रैंकिंग में 35 वें स्थान पर काबिज जी साथियान ने इसके बाद पांग को 12-10, 7-11, 11-7, 11-4 से हराकर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। हरमीत ने इसके बाद तीसरे एकल मुकाबले में चीयू को हराया। शरत का यह राष्ट्रमंडल खेलों में दसवां पदक है। वह एकल और युगल मुकाबले भी खेल रहे हैं।

### भारोत्तोलक ठाकुर...

जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। फिजी के टेनिएला टुइसुवा रेनीबोगी ने कुल 343 किग्रा (155 किग्रा और 188 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के पांच बार के पदक विजेता ठाकुर स्नैच में तीन प्रयास में 149 किग्रा, 153 किग्रा और 155 किग्रा वजन उठा और वह इस वर्ग के खत्म होने के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रहे थे। क्लीन एवं जर्क में ठाकुर ने 187 किग्रा वजन उठाकर शुरुआत की।

### बूस्टर डोज...

बात है। मैंने उन्हें बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार किस तरह शिक्षक भर्ती घोटाले जैसी भ्रष्ट गतिविधियों में पूरी तरह से डूबी है। उनसे सीएए को जल्द से जल्द लागू करने का भी अनुरोध किया।' अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि सीएए को लागू करना पश्चिम बंगाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जहां बड़ी संख्या में लोग इसके प्रावधानों से लाभान्वित हो सकते हैं। सीएए 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था और 24 घंटे के भीतर 12 दिसंबर को इसे अधिसूचित कर दिया गया था। हालांकि, इसका कार्यान्वयन अटका हुआ है, क्योंकि अभी तक नियम नहीं बनाए गए हैं।

### वैश्विक कारणों...

की बुनियाद मजबूत है। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार कभी भी चर्चा से नहीं बचती है और हमेशा संसद की चर्चा का जवाब देने के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि विकसित और विकसशील देशों की अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था तुलनात्मक रूप से काफी बेहतर है। उन्होंने कहा कि कीमतें बढ़ी हैं, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आंकड़ों और धरातल पर लोगों से बातचीत करके ही महामारी के समय से सरकार ने एक लक्षित रुख अपना रखा है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार केवल अंबानी और अडाणी के लिए काम कर रही है, ऐसा कहना महंगाई की चर्चा को राजनीतिक बनाना है। उन्होंने कहा कि हम सभी, राज्यों और संसद सदस्य के रूप में गरीबों की समस्याओं को कम करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी को लेकर बहुत गलत धारणाएं हैं। उन्होंने कहा कि बैंक चेक से धन निकालने पर कोई जीएसटी नहीं लगाया गया है।

### खाद्यान्नों की...

फैसला करती है। कांग्रेस की रंजीत रंजन ने सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि मौजूदा स्थिति सरकार की गलत नीतियों के कारण बनी है लेकिन वह इसका ठीकरा यूक्रेन युद्ध और कोविड पर फोड़ रही है। उन्होंने दावा किया कि नोटबंदी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था बदहाल हो गई और यह अब तक ठीक नहीं हो पाई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की फौजिया खान ने खाद्य वस्तुओं और दुग्ध उत्पादों से जीएसटी हटाने की मांग की। वहीं रालोद के जयंत चौधरी ने कहा कि खाद्यानों के साथ ही सीमेंट, कृषि उपकरणों जैसे अन्य उत्पादों की कीमतों में वृद्धि पर भी गौर करना चाहिए।

### भारतीय मुद्रा...

हैं वे भारतीय रुपया और अमेरिकी डॉलर से अधिक देश में हो रही अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए अधिक हैं। उन्होंने कहा कि आरबीआई द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप भी भारतीय रुपये के मूल्य में वृद्धि या कमी को निर्धारित करने के लिए नहीं है। बजाय इसके कि अस्थिरता से बचने और इसे अपना रास्ता खोजने की अनुमति देना अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत कई अन्य देशों की तरह, अपनी मुद्रा को बाहरी स्तर पर नहीं बढ़ा रहा है। जिस तरह से और हम रुपया को मजबूत करना चाहते हैं उसमें आरबीआई और मंत्रालय काफी हद तक जुटे हुए हैं। रिजर्व को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में भारतीय श्रमिकों को भारतीय बैंकों में डॉलर भेजने की अनुमति देने के विवेक तन्खा (कांग्रेस) के सुझाव पर, निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त मंत्रालय इस संबंध में कोई आश्वासन नहीं दे रहा, लेकिन वह आरबीआई के सुझाव पर केवल पास कर सकती है।

### नेशनल हेराल्ड...

भी अप्रैल में पूछताछ की थी। नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) द्वारा किया जाता है, और इसकी मूल कंपनी यंग इंडियन है। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले में शामिल कोलकाता स्थित एक मुखौटा कंपनी के परिसर पर भी छापेमारी की गई है। कांग्रेस ने अपने नेताओं के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार देते हुए कहा था कि इस मामले में कोई धनशोधन नहीं हुआ है।

### झारखंड के...

दिया गया। अधिकारियों के हवाले से सूत्रों ने बताया कि भाजपा नेतृत्व द्वारा झारखंड सरकार में दलबदल के लिए संपर्क किया गया था । इसके लिए दलबदल करने वाले प्रत्येक विधायक को 10 करोड़ रुपये देने का वादा किया गया था। सूत्रों के अनुसार इसके अलावा अंसारी को मंत्रालय में मंत्री पद देने का भी वादा किया गया था। सूत्र ने कहा कि विधायकों ने असम में अपने आकाओं से कहा कि 13 और विधायक उनका दलबदल में साथ देंगे, जिसके लिए उन्हें कुछ सांकेतिक राशि की आवश्यकता थी।

### तिरंगा अभियान...

अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भी मनाएगी। भारत के विभाजन के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित होने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि के रूप में सरकार ने हर साल 14 अगस्त को उनके बलिदान को याद करने के लिए विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का फैसला किया था। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी घोषणा की थी। संसदीय दल की बैठक में नड्डा ने मध्य प्रदेश के स्थानीय निकाय के चुनाव सहित हाल के अन्य चुनावों में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन का भी उल्लेख किया। पांच अगस्त को भाजपा के सांसदों की एक बैठक होगी जिसमें छह अगस्त को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर उन्हें महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी।

### नैंसी पेलोसी...

नहीं होगा...अमेरिका के डराने-धमकाने वाले चेहरे ने इसे फिर से दुनिया की शांति के लिए सबसे बड़े खतरे के रूप में दिखाया है। पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल को ले जाने वाला विमान मंगलवार को एक संक्षिप्त पड़ाव के बाद मलेशिया से रवाना हुआ। मलेशिया में उन्होंने प्रधानमंत्री इस्माइल साबरी याकूब के साथ दोपहर का भोजन किया। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार किया था कि क्या पेलोसी यात्रा करेंगी। यात्रा की आधिकारिक तौर पर समय से पहले घोषणा नहीं की गई थी। ताइपे में ग्रैंड हयात होटल के बाहर अवरोधक लगाए गए हैं, जहां कड़ी सुरक्षा के बीच पेलोसी के रुकने की उम्मीद है। राजधानी में दो इमारतों पर एलईडी डिस्प्ले पर स्वागत शब्द लिखे गए हैं जिनमें प्रतिष्ठित ताइपे 101 इमारत भी शामिल है। स्वागत शब्दों में लिखा है,"ताइवान में आपका स्वागत है, स्पीकर पेलोसी। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने मंगलवार को बीजिंग में संवाददाताओं से कहा,"अमेरिका और ताइवान ने उकसावे के लिए मिलीभगत की है।

# ईडी प्रमुख का कार्यकाल बढ़ाए जाने को चुनौती न्यायालय ने केंद्र, सीवीसी से मांगा जवाब

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक का कार्यकाल बढ़ाए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को नोटिस जारी करते हुए केंद्र और केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) से जवाब मांगा। इन याचिकाओं में उस संशोधित कानून को चुनौती दी गई है, जिसके तहत निदेशक के कार्यकाल में पांच साल तक के विस्तार की अनुमति दी गई है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने आठ याचिकाओं पर केंद्र, सीवीसी और मौजूदा ईडी निदेशक सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। कांग्रेस नेताओं-रणदीप सिंह सुरजेवाला और जया ठाकुर तथा तृणमूल कांग्रेस के नेता साकेत गोखले ने भी याचिकाएं दाखिल की हैं।

वकील एम एल शर्मा ने इस मामले पर पहली याचिका दायर की थी। पीठ ने कहा, केंद्रीय कानून एजेंसी को नोटिस जारी किया जाए। मामले को 10 दिन बाद के लिए सूचीबद्ध किया जाए। सुरजेवाला की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने शीर्ष अदालत के फैसलों का हवाला दिया और कहा कि निश्चित कार्यकाल स्वतंत्रता की पहचानै है और इस तथ्य से कि पदाधिकारी को विस्तार मिल सकता है, पद की स्वतंत्रता ध्वस्तै हो जाएगी। सुनवाई के दौरान पीठ को सीवीसी और फेमा कानूनों के तहत ईडी निदेशक की नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में बताया गया। सिंघवी ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के विपरीत, ईडी निदेशक की नियुक्ति करने वाली समिति में केवल कार्यपालिका के लोग शामिल होते हैं। मामले में एक याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि वर्तमान ईडी निदेशक इस साल इस पद पर चार साल पूरे कर रहे हैं, तथा पिछले साल 18 नवंबर को उनकी सेवानिवृत्ति से कुछ दिन पहले एक अध्यादेश जारी किया गया था, जिसमें उनके कार्यकाल को एक और साल के लिए बढ़ा दिया गया था। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई की नेता जया ठाकुर की ओर से अधिवक्ता शशांक रत्नू और वरुण पेश हुए, जिन्होंने इस मामले में एक अलग जनहित याचिका दायर की है। अधिवक्ता एमएल शर्मा, जिन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में याचिका दायर की है, ने कहा कि संवैधानिक योजना का उल्लंघन कर अध्यादेश पारित किया गया था।इस मुद्दे पर कुल आठ याचिकाएं दायर की गई हैं, जिनमें से ज्यादातर में केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) अधिनियम, 2021 को चुनौती दी गई है जिसमें ईडी निदेशक के कार्यकाल को पांच साल तक बढ़ाने का प्रावधान है। ईडी और सीबीआई निदेशकों को पद पर पांच साल तक रहने देने के लिए अध्यादेश लाए जाने के कुछ दिन बाद केंद्र ने 17 नवंबर, 2021 को ईडी प्रमुख संजय मिश्रा के कार्यकाल को 18 नवंबर, 2022 तक बढ़ा दिया था।

# भाजपा सांसद ने दो सदस्यीय महाराष्ट्र सरकार को एक दूजे के लिए बताया: सुले का दावा

**भाषा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) की नेता सुप्रिया सुले ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद ने महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार को एक दूजे के लिए बताया। एक दूजे के लिए 1981 की प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्म का शीर्षक है। सुले की ओर से यह निशाना ऐसे समय साधा गया है जब शिंदे और भाजपा की नई सरकार के सत्ता में आने के एक महीने बाद भी मंत्रिमंडल विस्तार नहीं हुआ है। वर्तमान में, मुख्यमंत्री शिंदे और भाजपा के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य हैं लेकिन उनके विभागों पर अभी फैसला नहीं हुआ है।

पुणे जिले के बारामती से लोकसभा सांसद सुले ने कहा, आज, मैं भाजपा के एक लोकसभा सदस्य से बात कर रही थी जिन्होंने महाराष्ट्र सरकार को एक दूजे के लिए बताया। यह तुलना कुछ ऐसी है जिसके बारे में मैंने कभी नहीं सोचा होगा। सुले ने कहा कि शिंदे और फडणवीस ऐसे समय में सरकार चला रहे हैं, जब राज्य विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें अधिक बारिश के कारण फसलों का नुकसान और किसानों का बढ़ता कर्ज शामिल है। राकांपा नेता ने कहा, पहले (जब महा विकास आघाड़ी सरकार सत्ता में थी), हर जिले के लिए संरक्षक मंत्री की व्यवस्था थी, जिनसे हम संपर्क करते थे और स्थानीय मुद्दे को हल करने के लिए मदद लेते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्रियों की अनुपस्थिति में नई सरकार में भ्रम की स्थिति है और यहां तक कि वरिष्ठ अधिकारी भी बेखबर हैं। इससे पहले शिवसेना ने शिंदे-फडणवीस सरकार का वर्णन करने के लिए एक दूजे के लिए शब्दावली का इस्तेमाल किया था।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र सरकार कुशलतापूर्वक काम कर रही है, मंत्रिमंडल विस्तार जल्द : शिंदे



**पुणे।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि राज्य में भले ही पूर्ण मंत्रिमंडल न हो लेकिन सरकार कुशलतापूर्वक काम कर रही है। उन्होंने जल्द मंत्रिमंडल विस्तार का वादा भी किया। फिलहाल राज्य के मंत्रिमंडल में शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस केवल दो सदस्य हैं। दोनों ने 30 जून को शपथ ली थी। शिंदे से जब मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पत्रकारों से कहा, हम जल्द ही अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। भले ही पूर्ण मंत्रिमंडल न हो, लेकिन सरकार कुशलतापूर्वक काम कर रही है। हमने ऐसे कई निर्णय लिए है जो जनोन्मुखी है। मुख्यमंत्री पुणे के दौरे पर है। इस दौरान उन्होंने पुणे संभाग के अंतर्गत आने वाले पांच जिलों में विभिन्न विकास संबंधी परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की।

### नीलगाय का नाम बदलकर जंगली घोड़ा किया जाए: सपा सांसद

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने का उल्लेख करते हुए मंगलवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि कुछ जानवरों को मारने या पकड़ने की छूट दी जाए तथा नीलगाय का नाम बदलकर जंगली घोड़ा किया जाए। उन्होंने वन्यजीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2021 पर चर्चा में भाग लेते हुए यह मांग की। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से लोकसभा सदस्य हसन ने कहा, मेरे क्षेत्र में जानवर फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। मेरे क्षेत्र में बंदर बहुत है। बंदर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। इसके चलते हमारे यहां के छोटे किसान गन्ना नही बो रहे है। उन्होंने कहा, जंगली सूअर बहुत ज्यादा है, नीलगाय भी है। मेरा आग्रह है कि इनको मारने या पकड़ने की आजादी होनी चाहिए। सरकार से यह आग्रह भी है कि नीलगाय का नाम बदलकर जंगली घोड़ा कर दें तो बहुत आसानी होगी।

### ओमान चांडी ने सबसे लंबे समय तक केरल विधानसभा का सदस्य होने का रिकॉर्ड बनाया

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी ने मंगलवार को सबसे लंबे समय तक राज्य विधानसभा का सदस्य होने का रिकॉर्ड बना दिया। वह 18,728 दिन से अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र पुथुपल्ली से विधायक है। चांडी ने विधायक के तौर पर 51 वर्ष और तीन महीने पूरे करने के साथ ही केरल कांग्रेस (एम) के पूर्व प्रमुख दिवंगत के.एम मणि का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मणि पांच दशक तक अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र पाला से विधायक रहे। इसी तरह चांडी भी बीते 50 से अधिक वर्ष से पुथुपल्ली से विधायक हैं। चांडी 1970 में पहली बार 27 वर्ष की आयु में विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बने थे। इसके बाद से वह एक के बाद एक 11 चुनाव में जीत हासिल कर चुके है। कांग्रेस नेता चांडी (78) दो बार 2004 से 2006 और 2011 से 2016 तक केरल के मुख्यमंत्री रहे।

### उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अवमानना मामले में अपने आदेश को वापस लिया

**देहरादून।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अवमानना के एक मामले में पिछले वर्ष 17 नवंबर को दिए गए अपने एक आदेश को वापस (रिकॉल) ले लिया है। अवमानना का यह मामला केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी) के तत्कालीन अध्यक्ष न्यायमूर्ति एल नरसिम्हा रेड्डी से जुड़ा है और भारतीय वन सेवा के अधिकारी संजीव चतुर्वेदी की ओर से (वापसी की) अर्जी दाखिल किए जाने के बाद अदालत ने यह आदेश दिया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी की ओर से 29 जुलाई को पारित आदेश में कहा गया था, रिकॉल अर्जी के समर्थन में दाखिल किए गए हलफनामे में जो कारण बताए गए है उन्हें देखते हुए 17.11.2021 के आदेश को वापस लिया जाता है। अदालत ने कहा, वापसी के आवेदन को स्वीकार किया जाता है। यह मामला 20 फरवरी 2019 का है जब न्यायमूर्ति शरद शर्मा की एकल पीठ ने सीएटी के तत्कालीन अध्यक्ष रेड्डी को दीवानी अवमानना नोटिस जारी किया था। चतुर्वेदी ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के 19.6.2017 और 21.8.2018 के आदेश की जानबूझ कर आज्ञा नही मानने पर अवमानना याचिका दाखिल की थी।

### देश में 2018-20 के दौरान तेजाब हमले के 386 मामले दर्ज , 62 लोग दोषी करार दिए गए: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि देश में 2018 से 2020 के दौरान महिलाओं पर तेजाब हमले के 386 मामले दर्ज किए गए तथा इस अवधि के दौरान ऐसे मामलों में कुल 62 लोगों को अदालतों द्वारा दोषी करार दिया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने सदन में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2018 में महिलाओं के खिलाफ तेजाब हमले के 131 मामले, 2019 में 150 और 2020 में 105 मामले दर्ज किए गए। मंत्री ने यह जानकारी भी दी कि इस तरह के मामलों में 2018 में 28 लोगों, 2019 में 16 और 2020 में 18 लोगों को दोषी ठहराया गया।

### कांग्रेस ने उत्तराखंड के लिए पीएसी का गठन किया, रावत समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को अपनी उत्तराखंड इकाई के राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) का गठन किया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और प्रदेश अध्यक्ष करण महारा समेत कई वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल के अनुसार, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पीएसी में 14 सदस्य और चार विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल है। उन्होंने इस समिति में हरीश रावत, महारा, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह, भुवन कापड़ी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव (संचार) वैभव वालिया और कई अन्य नेता शामिल है।

### मप्र में ईरान के दंपती को हिरासत में लिया गया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस ने राज्य के विदिशा जिले में एक दुकानदार के साथ विवाद के बाद ईरान के एक दंपति को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव ने बताया कि दंपती 26 जून को एक माह के पर्यटन वीजा पर भारत आया था और ऐसा लगाता है कि वह तय समय से अधिक अवधि तक देश में रहा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार की रात फारसी भाषा बोलने वाले दंपती का एक जौहरी से करेंसी को लेकर झगड़ा हो गया। जौहरी ने आरोप लगाया कि दंपती ने उसे लूटने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जौहरी द्वारा पुलिस को सूचित करने के बाद दंपती को हिरासत में लिया गया जबकि उनके साथ का टैक्सी चालक मौके से फरार हो गया। प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दंपती तेहरान से दिल्ली पहुंचे और उसके बाद मध्यप्रदेश की यात्रा की।

# भाजपा ने वेंकटरमन को डीएम के पद से हटाए जाने की निंदा की

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी श्रीराम वेंकटरमन को अलाप्पुझा के जिलाधिकारी पद से हटाए जाने की आलोचना करते हुए केरल की वाम सरकार पर संगठित ताकतों के दबाव के आगे घुटने टेकने का आरोप लगाया। वेंकटरमन ने बमुश्किल एक सप्ताह पहले ही अलाप्पुझा के जिलाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

वाम सरकार ने एक सड़क दुर्घटना मामले में आरोपी वेंकटरमन का सोमवार देर रात तबादला कर दिया और उन्हें केरल राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया। इस दुर्घटना में 2019 में पत्रकार के एम बशीर की मौत हो गई थी। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि सरकार ने संगठित ताकतों के आगे घुटने टेक दिए और इसके कारण गलत संदेश गया। सुरेंद्रन ने वेंकटरमन को केरल सरकार द्वारा हटाए जाने के कुछ घंटों बाद फेसबुक पर पोस्ट किया, लोगों के एक वर्ग के दबाव के कारण उन्हें (अलाप्पुझा जिलाधिकारी के) पद से हटाना कायरतापूर्ण कदम है। सरकार ने संगठित बलों के सामने घुटने टेककर एक गलत संदेश दिया।

उन्हें सेवा में बहाल किया गया था। अब यह कहना उचित नहीं है कि उन्हें काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस बीच, केरल मुस्लिम जमात ने वेंकटरमन को अलाप्पुझा जिलाधिकारी के पद से हटाने के राज्य सरकार के फैसले का स्वागत किया। वी आर कृष्णा तेजा तटीय जिले के नए जिलाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। वेंकटरमन को 24 जुलाई को अलाप्पुझा का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जुलाई को कार्यभार संभाला था।




पटना में स्वतंत्रता दिवस से पहले परेड के लिए अभ्यास करती महिला रंगरुट

## कल भाजपा में शामिल हो सकते हैं कांग्रेस विधायक कुलदीप बिश्नोई

**चंडीगढ़।** हरियाणा की आदमपुर सीट से विधायक कुलदीप बिश्नोई चार अगस्त को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं। बिश्नोई के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। कांग्रेस ने जून में हुए राज्यसभा चुनाव में बिश्नोई के क्रॉस वोटिंग करने के बाद उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था। सूत्रों ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के छोटे बेटे बिश्नोई भाजपा में शामिल होने से पहले विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं। बिश्नोई ने भी मंगलवार को संकेत दिए कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने ट्वीट किया, चार अगस्त 2022, सुबह 10 बजकर 10 मिनट। इसके बाद उन्होंने ट्वीट किया, नई शुरुआत करने से मत डरिए। इस बार कुछ बेहतर करने का मौका है। हाल के हफ्तों में, बिश्नोई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ बैठकें की थीं।

# सौ साल की होने तक काम करूंगी: आलिया भट्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**बॉलीवुड** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कहा कि यदि आप स्वस्थ और तंदुरुस्त हैं तो आराम करने की जरूरत नहीं। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि वह 100 साल की होने तक काम करेंगी। कुछ महीने पहले अभिनेता रणबीर कपूर से शादी करने वाली आलिया अपनी पहली संतान को जन्म देने वाली हैं। फिलहाल वह हॉलीवुड की अपनी पहली फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा वह एक निर्माता के रूप में अपनी पहली फिल्म डार्लिंग्स की रिलीज की भी तैयारी कर रही हैं। लिहाजा, यह साल अभिनेत्री के लिए बहुत व्यस्त रहने वाला है। आलिया ने यहां फिल्म डार्लिंग्स का गीत जारी होने के मौके पर कहा, यदि आप स्वस्थ और तंदरुस्त हैं, तो आराम करने की जरूरत नहीं है। काम करने से मुझे सुकून मिलता है। यह मेरा जुनून है। यह मेरे मन, मस्तिष्क और आत्मा सबको जीवित रखता है और ऊर्जा देता है। लिहाजा मैं 100 साल की होने तक काम करूंगी।

## जनसंहारक हथियार बन गई है ईडी: कार्ति चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने मंगलवार को दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जनसंहारक हथियार बन गया है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड अखबार के मुख्यालय और कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की। कार्ति चिदंबरम ने आरोप लगाया, ईडी अब जनसंहारक हथियार बन गया है। ईडी की पूरी कार्वाई राजनीतिक विरोधियों को शर्मसार करने या अपमानित करने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि उस लेनदेन को लेकर कार्वाई की जा रही है, जिनका खाता पुस्तिकाओं में उल्लेख है तथा जिनके संबंध में आयकर रिटर्न भी दाखिल किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन मामले की जांच के तहत कांग्रेस के स्वामित्व वाले नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र के मुख्यालय सहित यहां 12 स्थानों पर मंगलवार को छापा मारा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन (निवारण) अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत छापे मारे जा रहे हैं।

# गुजरात विधानसभा चुनाव: आप ने 10 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**भाषा।** अहमदाबाद

**आम आदमी** पार्टी (आप) ने आगामी गुजरात विधानसभा चुनावों के मद्देनजर 10 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है जिसमें उसने आदिवासी, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को शामिल करने का दावा किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित गुजरात में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उम्मीदवारों की सूची सबसे पहले आप ने जारी की है। गुजरात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य भी है। हालांकि, भारत निर्वाचन आयोग ने अभी तक गुजरात विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। राज्य में पिछला विधानसभा चुनाव 2017 के दिसंबर में हुआ था। गौरतलब है कि उम्मीदवारों की यह पहली सूची जारी करने से एक दिन पहले ही आप के राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद केजरीवाल ने गिर सोमनाथ जिले में एक रैली को संबोधित किया और पार्टी के सत्ता में आने पर मासिक बेरोजगारी भत्ता देने और गुजरात के सभी युवाओं को रोजगार देने का वादा किया।

आप की गुजरात इकाई के अध्यक्ष गोपाल इटालिया ने बताया कि उम्मीदवारों की सूची में पार्टी की गुजरात इकाई के उपाध्यक्ष भीमाभाई चौधरी को बनासकांठा जिले के देओदार विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पार्टी की राज्य इकाई के एक अन्य उपाध्यक्ष जगमाल वाला सोमनाथ सीट से चुनाव लड़ेंगे जबकि दो अन्य उपाध्यक्ष अर्जुन राथवा और सागर रबड़ी को क्रमश: छोटाउदेपुर (सु) और बेचराजी सीटों से उम्मीदवार बनाया गया है। इटालिया ने कहा कि आप उम्मीदवारों की दूसरी सूची जल्दी ही जारी करेगी। उन्होंने कहा, उम्मीदवारों के नाम की घोषणा इतनी जल्दी इसलिए की गई है ताकि उन्हें अपने-अपने क्षेत्र के लोगों से मिलने-जुलने का वक्त मिल सके। पहली सूची में हमने ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के उम्मीदवारों को शामिल किया है। सूची के अनुसार, दलित नेता व राजकोट से कांग्रेस के पूर्व नेता वशराम सगाठिया को राजकोट-सूरत ग्रामीण सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। राज्य में आप के सचिव राम धादुक को सूरत शहर के कामराज सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। आप ने संकेत दिया है कि वह गुजरात में संभवत: सभी 182 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।




जम्मू-कश्मीर में एक दुकानदार तिरंगे के बने हुए सामानों को बेचता हुआ

## हिमंत ने झारखंड के विधायक की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी को फर्जी करार दिया

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने झारखंड से कांग्रेस के विधायक द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी को फर्जी करार दिया और विपक्षी दल पर पलटवार करने के लिए बोफोर्स घोटाला मामले का जिक्र किया। कांग्रेस के विधायक कुमार जयमंगल ने झारखंड में सरमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में दावा किया गया है कि पार्टी के तीन विधायकों, जिन्हें बंगाल में लाखों रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया था, ने जयमंगल को भी गुवाहाटी जाने और असम के मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के साथ ही राज्य की जेएमएम नीत सरकार का तख्तापलट करने के लिए सौदा करने का आमंत्रण दिया था। इसबीच असम सरकार के मंत्री पी हजारिका ने असम के मुख्यमंत्री और जयमंगल की एक तस्वीर ट्वीट की और दावा किया कि दोनों नियमित रूप से संपर्क में थे और झारखंड के विधायक के दावे निराधार हैं।

# किसान कर्ज माफी को लेकर लोस में हुई तीखी नोकझोंक

**भाषा।** नई दिल्ली



**किसानों** के कर्ज माफ किए जाने के मुद्दे पर लोकसभा में मंगलवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कर्ज को किसी सरकार ने माफ नहीं किया। सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक सदस्य ने यह पूरक प्रश्न पूछा कि क्या किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कर्ज माफ करने की सरकार की कोई योजना है? इसके जवाब में मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा कि कई दशकों में पहली बार हुआ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मत्स्यपालन और डेयरी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ पहुंचाया है, इससे पहले यह योजना सिर्फ खेती करने वाले किसानों तक सीमित थी।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सुप्रिया सुले और कुछ अन्य विपक्षी सदस्यों ने कहा कि मंत्री इसका जवाब नहीं दे रहे हैं कि क्या किसान क्रेडिट कार्ड के तहत कर्ज को माफ करने की कोई योजना है या नहीं। इस पर रूपाला ने कहा कि विपक्ष कर्जमाफी पर सिर्फ बयानबाजी कर रहा है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसानों के लिए वास्तव में कल्याणकारी काम किया जा रहा है। जब कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने विरोध जताया तो बिरला ने हस्तक्षेप किया और कहा कि उनकी जानकारी के हिसाब से किसी सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण माफ नहीं किया।

# केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में कहा: पश्चिम बंगाल के मंत्री फोन नही उठाते

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री उनका फोन नहीं उठाते जिससे उनके विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पाता है। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एस एस अहलूवालिया के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह टिप्पणी की। अहलूवालिया ने पश्चिम बंगाल के बर्धमान में पीएम दक्ष योजना के लाभार्थियों की संख्या बहुत ही कम होने का उल्लेख करते हुए इसका कारण पूछा। इस पर प्रतिमा भौमिक ने कहा, पश्चिम बंगाल के मंत्री 10-10 बार फोन करने के बाद भी फोन नहीं उठाते। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से सहयोग नहीं मिलने के कारण योजनाओं के क्रियान्वयन में दिक्कत आती है और लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है। इस दौरान भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने पूरक प्रश्न पूछने के दौरान मंत्री प्रतिमा भौमिक की बात का परोक्ष समर्थन करते हुए कहा, फोन नहीं उठाना... यह आदत बन गई है। युवा मामलों के राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक ने भी एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय युवा नीति के क्रियान्वयन के संदर्भ में पश्चिम बंगाल सरकार से सहयोग नहीं मिल रहा है।

# अल कायदा सरगना के काबुल में मारे जाने के बाद निगाहें तालिबान की ओर

**भाषा।** इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान** के काबुल में एक मकान पर अमेरिकी ड्रोन हमले में अल कायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद अफगानिस्तान के तालिबानी शासकों पर अंतरराष्ट्रीय निगरानी तेज हो गई है। साथ ही इस घटना से अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने के तालिबानी सरकार के प्रयासों पर भी असर पड़ेगा। तालिबान ने अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की पूर्ण वापसी के संबंध में 2020 में हुए दोहा समझौते में यह वादा किया था कि वह अलकायदा के आतंकवादियों को पनाह नहीं देगा। अमेरिकी सैनिकों के अफगानिस्तान से जाने के करीब एक वर्ष बाद अल जवाहिरी के मारे जाने ने 9111 के एक मास्टरमाइंड और अमेरिका के वांछित आतंकवादी को सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराने में तालिबानी नेताओं की संलिप्तता के संबंध में सवाल पैदा किए हैं। जिस मकान में अल जवाहिरी मारा गया है वहां करीब ही तालिबान के कई नेता रहते हैं। तालिबान ने शुरूआत में इस हमले को अमेरिका की ओर से दोहा समझौते का उल्लंघन करने वाला दिखाने की कोशिश की।

समझौते में यह भी कहा गया है कि अमेरिका पर हमले की मंशा रखने वाले को तालिबान शरण नहीं देगा। तालिबान ने अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि कौन मारा गया है। पाकिस्तान के एक खुफिया अधिकारी ने कहा, अयमान अल जवाहिरी के मारे जाने ने कई प्रश्न पैदा किए हैं। तालिबान को उसके काबुल में होने के बारे में पता था और अगर उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी तो उन्हें अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। हक्कानी नेटवर्क का गठन जलालुद्दीन हक्कानी ने किया था, यह एक आतंकवादी संगठन है। सोवियत सेना के खिलाफ युद्ध के दौरान जलालुद्दीन हक्कानी अफगानिस्तान के एक विद्रोही कमांडर के रूप में उभरा था।

अमेरिका के विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर काबुल में अल कायदा प्रमुख को रखने और सुरक्षा देकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से की गई प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। वहीं तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने अमेरिका पर दोहा समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। अफगानिस्तान के सरकारी टेलीविजन चैनल में एक खबर में कहा गया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अल जवाहिरी मारा गया है। गौरतलब है कि अमेरिका पर 9111 को हुए हमलों की साजिश अल-ज़वाहिरी और ओसामा बिन-लादेन ने मिलकर रची थी। ओसामा बिन-लादेन को अमेरिका ने 2011 में पाकिस्तान के एबटाबाद में एक अभियान में मार गिराया था। ज़वाहिरी अमेरिकी कार्वाई में ओसामा बिन-लादेन के मारे जाने के बाद अल-कायदा का सरगना बना था।

## हेलफायर मिसाइलः अयमान अल-जवाहिरी के मारे जाने के बाद जिस अमेरिकी हथियार की हो रही चर्चा

**वाशिंगटन।** अलकायदा के प्रमुख अयमान अल-जवाहिरी को अमेरिकी ड्रोन हमले में मार गिराने में गुप्त मिसाइलों हेलफायर का इस्तेमाल होने के संकेत मिले हैं क्योंकि हमले के दौरान कोई विस्फोट नहीं हुआ और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के अनुसार इसमें किसी आम व्यक्ति की मौत भी नहीं हुई। ओसामा बिन लादेन के 2011 में मारे जाने के बाद अलकायदा का नेतृत्व संभालने वाले जवाहिरी (71) को स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजकर 18 मिनट पर अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक सुरक्षित पनाहगाह में कथित तौर पर दो हेलफायर मिसाइलों से मार गिराया गया।

राष्ट्रपति बाइडन ने सोमवार को व्हाइट हाउस से जवाहिरी के मारे जाने की घोषणा करते हुए कहा, इस मिशन की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई थी और अन्य लोगों के हताहत होने के जोखिम की बहुत कम गुंजाइश छोड़ी गई थी। एक सप्ताह पहले, यह पता चलने के बाद कि परिस्थितियां अनुकूल हैं, मैंने मिशन को अंतिम स्वीकृति दी, और यह सफल रहा। उसके परिवार का कोई सदस्य हताहत नहीं हुआ और किसी आम व्यक्ति को भी नुकसान नहीं पहुंचा।

हेलफायर मिसाइलें विशेष रूप से तैयार की गई होती हैं। इन गुप्त मिसाइलों का इस्तेमाल आतंकवादियों को मारने के मकसद से सटीक हवाई हमले करने के लिए किया जाता है। इन्हें दागे जाने पर विस्फोट नहीं होता और नुकसान भी बहुत कम होता है। साथ ही आम लोगों के हताहत होने की गुंजाइश भी कम होती है। ए व्यक्तियों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाए बिना अपने लक्ष्य को भेदने में सक्षम होती हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल में 2019 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) और पेंटागन दोनों ने इस हथियार का इस्तेमाल किया है।

मिसाइल को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में अफगानिस्तान, पाकिस्तान, इराक, सीरिया, सोमालिया, यमन और अन्य स्थानों पर होने वाले अमेरिकी हवाई हमलों में आम लोगों को हताहत होने से बचाने के लिए तैयार किया गया था। द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कई अधिकारियों के हवाले से बताया गया था कि हेलफायर मिसाइल 2011 की से शुरुआत बनाई जा रही थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि समान क्षमताओं वाली एक मिसाइल को पाकिस्तान के एबटाबाद में अल कायदा नेता बिन लादेन को मार गिराने के प्लान बी में रखा गया था। हेलफायर मिसाइल को लेकर गोपनीयता के कारण, इसके बारे में कुछ जान पाना मुश्किल है, जिसमें इसके विकास का घटनाक्रम भी शामिल है। सीआईए, पेंटागन और हेलफायर मिसाइल निर्माता लॉकहीड मार्टिन कॉर्प ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।



## अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद दुनिया अधिक सुरक्षित हुई है : अमेरिका के विदेश मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अल कायदा के सरगना अयमान अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद दुनिया अधिक सुरक्षित हो गई है। विदेश मंत्री ने साथ ही अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर काबुल में अल कायदा प्रमुख को रखने और सुरक्षा देकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से की गई प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका उनके खिलाफ कार्वाई करना जारी रखेगा जो देश, उसके लोगों और उसके सहयोगियों के लिए खतरा हैं। उन्होंने ट्वीट किया, हमने अफगानिस्तान से पैदा होने वाले आतंकवादी खतरों पर कार्वाई करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कदम उठाया है। अल कायदा के सरगना अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद दुनिया अधिक सुरक्षित हो गई है। अमेरिका उनके खिलाफ कार्वाई करना जारी रखेगा जो हमारे देश, हमारे लोगों और हमारे सहयोगियों के लिए खतरा हों। विदेश मंत्री ने कहा कि अल जवाहिरी को अफगानिस्तान में पनाह देकर तालिबान ने दोहा समझौते का घोर उल्लंघन किया है। साथ ही उस आश्वासन के विपरीत काम किया जिसमें उसने कहा था कि वह आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान का इस्तेमाल नहीं होने देगा।

## जवाहिरी की मौत पर चीन ने कहा, दूसरों की संप्रभुता की कीमत पर आतंकवाद रोधी अभियान का करते हैं विरोध

**बीजिंग।** चीन ने अलकायदा नेता अयमान अल जवाहिरी के अफगानिस्तान में काबुल के नजदीक अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे जाने पर मंगलवार को सधी हुई प्रतिक्रिया दी। चीन ने कहा कि वह आतंकवाद के सभी स्वरूपों के खिलाफ है, लेकिन साथ ही आतंकवाद रोधी अभियान के दोहरे मानक और दूसरे देशों की संप्रभुता की कीमत पर इसे अंजाम देने के खिलाफ है। सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी (सीआईए) द्वारा काबुल में किए गए हमले में अल जवाहिरी के मारे जाने के बारे में पूछे जाने पर चीन की सहायक विदेश मंत्री हुआ चुनयिंग ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, हमने प्रासंगिक खबरें देखी हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता की भी जिम्मेदारी निभा रही हुआ ने कहा, चीन हमेशा से आतंकवाद के खिलाफ रहा है। हम सक्रिय रूप से अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद रोधी अभियानों में शामिल रहे हैं। लेकिन साथ ही हम मानते हैं कि आतंकवाद पर दोहरे मानक नहीं होने चाहिए और सभी तरह के आतंकवाद के खिलाफ लड़ा जाना चाहिए। हुआ ने कहा, आतंकवाद रोधी सहयोग दूसरे देश की संप्रभुता की कीमत पर नहीं किया जाना चाहिए।

## जवाहिरी का मारा जाना इस बात का सुबूत कि युद्ध के बिना भी आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है: ओबामा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने मंगलवार को कहा कि अल कायदा सरगना अयमान अल जवाहिरी का अमेरिकी ड्रोन हमले में मारा जाना इस बात का सुबूत है कि युद्ध के बिना भी आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति ने इसके साथ ही अमेरिका में हुए आतंकवादी हमलों के एक मास्टरमाइंड को सजा देने और इस अभियान में किसी नागरिक के हताहत नहीं होने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की सराहना की। अमेरिका पर 11 सितंबर 2001 को हुए हमलों की साजिश अल-ज़वाहिरी और ओसामा बिन-लादेन ने मिलकर रची थी। ओसामा बिन-लादेन को अमेरिका ने 2011 में पाकिस्तान के ऐबटाबाद में एक अभियान में मार गिराया था। ज़वाहिरी अमेरिकी कार्वाई में ओसामा बिन-लादेन के मारे जाने के बाद अल-कायदा का सरगना बना था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को घोषणा की कि केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) द्वारा काबुल में शनिवार शाम किए गए ड्रोन हमले में ज़वाहिरी मारा गया। ज़वाहिरी काबुल स्थित एक मकान में अपने परिवार के साथ छिपा था। अधिकारियों ने बताया कि जिस वक्त मकान पर ड्रोन हमला हुआ, जवाहिरी बालकनी में खड़ा था। ओबामा ने ट्वीट किया, आज रात की खबर इस बात का भी सुबूत है कि अफगानिस्तान में युद्ध लड़े बिना भी आतंकवाद को समाप्त करना संभव है। और मुझे उम्मीद है कि यह 9111 के हमले में मारे गए लोगों के परिवारों और उन सभी को कुछ राहत पहुंचाएगा, जो अल कायदा के हाथों प्रताड़ित हुए हैं।

गिराया था। ज़वाहिरी अमेरिकी कार्वाई में ओसामा बिन-लादेन के मारे जाने के बाद अल-कायदा का सरगना बना था।

## अमेरिका ने पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर चीन की बयानबाजी की निंदा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान की अपेक्षित यात्रा को लेकर चीन द्वारा की जा रही बयानबाजी की निंदा की है। व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने सोमवार को रेखांकित किया कि स्वशासित द्वीप में यात्रा करने या न करने का अंतिम फैसला पेलोसी का ही है। अमेरिकी सांसद वर्षों से ताइवान की नियमित यात्रा करते रहे हैं। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है। किर्बी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को चिंता है कि बीजिंग इस यात्रा को बहाना बनाकर ताइवान जलडमरूमध्य या ताइवान के आस-पास सैन्य कदम उठाने, ताइवान के हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने और जलडमरूमध्य में बड़े पैमाने पर नौसैनिक अभ्यास करने समेत उकसाने की कार्वाई कर सकता है। चीन ने कहा कि वह पेलोसी की ताइवान की यात्रा करने की योजना से जुड़ी खबरों पर करीबी नजर रख रहा है। उसने साथ ही अमेरिका को आगाह किया कि अगर पेलोसी ताइवान की यात्रा करती हैं तो उसकी सेना कड़ा जवाब देगी और इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। सीएनएन ने ताइवान और अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा कि बाइडन प्रशासन की चेतावनियों के बावजूद पेलोसी के ताइवान की यात्रा करने की संभावना है। पेलोसी मलेशिया की यात्रा करने के बाद ताइपे पहुंचेंगी और रात वहीं बिताएंगी। पेलोसी की ताइवान यात्रा की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने बीजिंग में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हम पेलोसी के कार्यक्रम पर करीबी नजर रख रहे हैं और अगर वह ताइवान की यात्रा करती हैं तो हम कड़ा जवाब देंगे। पेलोसी ने ताइवान यात्रा संबंधी अटकलों के बीच अपने दक्षिण एशिया दौरे की शुरुआत सोमवार को की।

## पाक सेना का हेलीकॉप्टर बलूचिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त लेफ्टिनेंट जनरल सहित छह की मौत

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान में बाढ़ राहत अभियान में तैनात पाकिस्तानी सेना का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) कक्ष से संपर्क टूटने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में सवार लेफ्टिनेंट जनरल और पांच वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई है। हेलीकॉप्टर में12 वीं कोर के कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल सरफराज अली सवार थे, जो बलूचिस्तान प्रांत में बाढ़ राहत कार्यों की निगरानी कर रहे थे। पाकिस्तान के सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार के मुताबिक, बाढ़ राहत कार्यों में तैनात हेलीकॉप्टर का मलबा मूसा गोथ, विंदार, लासबेला में मिला। लेफ्टिनेंट जनरल सरफराज अली सहित सभी छह अधिकारियों और सैनिकों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण खराब मौसम हो सकता है। पाक सैन्य विमानन का हेलीकॉप्टर बलूचिस्तान के लासबेला में बाढ़ राहत अभियान में तैनात था। जब सोमवार को एटीसी से उसका संपर्क टूट गया। जनरल सरफराज़ पिछले साल अक्टूबर में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा महानिदेशक इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के पद के लिए दावेदारों में से एक थे।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Yash Nagpal is the owner of Property bearing No. 27/103/2E-1, area measuring 65 Sq.., Yds., out of Khasra No. 2588/839/741, Situated at Village Chandrawali @ Shahdara, in the abadi of (Jwala Nagar), Shahdara, Delhi by virtue of Gift Deed dated 18.04.2018, doc. no. 3264 read with Rectification Deed dated 04.07.2022, doc. No.6849. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its Sale/ Mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अजीत सिंह खोंसला पुत्र स्वर्गीय श्री विजय मोहन सिंह खोंसला फ्लैट नं०-161, ब्लॉक बी-14, हिमगिरि अपार्टमेंन्ट सेक्टर-34, नोएडा उ०प्र० (एरिया परिमाप 93-03 वर्ग मीटर) न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर उ०प्र० में नोएडा द्वारा दिनांक 07-06-2022 को जारी म्यूटेशन लेटर के आधार पर मालिक एवं कब्जेदार होने का दावा किया है। अब श्री अजीत सिंह खोंसला श्रीमती दीना पत्नी श्री राम कृष्ण को उक्त सम्पत्ति बेच रहें है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति समस्त साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण के भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर दाखिल कर दें।

श्री अजीत सिंह खोंसला पुत्र स्वर्गीय श्री विजय मोहन सिंह खोंसला निवासी फ्लैट नं०-1बी पॉकेट-सी SFS DDA फ्लैट मयूर विहार फेस-3, दिल्ली-96

सार्वजनिक सूचना

यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर-34, ईएचटीपी, गुरुग्राम, हरियाणा-122001
सीआईएन : एल17100एचआर1983पीएलसी033460, फोन : 011-26258237, 49075251
ई-मेल आईडी : investorrelations@ulilltd.com, वेबसाइट : ulilltd.com
तिथि : 02 अगस्त, 2022

कम्पनी सूचना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल की प्रथम/2022-23 बैठक बुधवार, 10 अगस्त, 2022 को दोपहर 12.30 बजे, आर.के. खन्ना टेनिस स्टेडियम अफ्रीका एवेन्यू, नई दिल्ली-110029 में आयोजित की जाएगी, जिसमें 30 जून, 2022 को समाप्त पहली तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर तथा अध्यक्ष की स्वीकृति से किसी अन्य विषय पर विचार, अनुमोदन और अभिलेखबद्ध किया जाएगा।

वास्ते यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
स्थान : नई दिल्ली — शशि शेखर
तिथि : 02-08-2022 — अनुपालन अधिकारी सह कम्पनी सचिव

# शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स लगभग 21 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बिजली, वाहन और ऊर्जा शेयरों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 20.86 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,136.36 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स चार दिन से लगातार जारी तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली के कारण गिरावट के साथ खुला। वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट के साथ सेंसेक्स एक समय 370 अंक नीचे चला गया था। लेकिन बाद में कारोबार समाप्त होने से पहले तेल एवं गैस, बिजली, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों तथा वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार अपने दिन के निचले स्तर से 583 अंक चढ़कर 58,328.41 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 5.40 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 17,345.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सर्वाधिक 2.59 प्रतिशत चढ़ा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, मारुति, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावरग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, एचडीएफसी लि., लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक संकेतक तेजी के अनुकूल नहीं थे। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव को लेकर चिंता के साथ ज्यादातर एशियाई और पश्चिमी बाजार नुकसान में रहे...दुनिया के प्रमुख बाजारों में मंदी की आशंका के साथ कारोबार हो रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में हालांकि मजबूती दिखी। इसका कारण प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मांग तथा अमेरिकी प्रतिभूतियों के प्रतिफल में गिरावट के साथ रुपए में मजबूती तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली है।

कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बाजार में मामूली तेजी रही। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बैंक, वाहन तथा बिजली शेयरों में लिवाली से शेयर बाजार में लगातार पांच कारोबारी सत्रों से तेजी है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को नुकसान में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.31 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 41 पैसे मजबूत होकर 78.65 (अस्थाई) पर बंद हुई।

## यूपीआई के जरिए जुलाई में छह अरब लेन-देन उल्लेखनीय उपलब्धिः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के जरिए जुलाई महीने में रिकॉर्ड छह अरब लेन-देन को उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने तथा अर्थव्यवस्था को स्वच्छ बनाने के लोगों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ट्वीट के जवाब में यह बात कही। सीतारमण ने मीडिया रिपोर्ट टैग करते हुए ट्विटर पर लिखा है, यूपीआई के जरिए जुलाई में रिकॉर्ड छह अरब लेन-देन हुए। यह 2016 से अबतक सर्वाधिक आंकड़ा है। वित्त मंत्री के ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री ने लिखा है, यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने तथा अर्थव्यवस्था को स्वच्छ बनाने के लोगों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा, डिजिटल भुगतान विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान मददगार रहा है।

LANDMARK THE HOMES 81
Sector 81, Gurgaon

लैंडमार्क दि होम्ज 81
सैक्टर-81, गुरुग्राम (हरियाणा)

हरियाणा सरकार एफोर्डेबल हाऊसिंग पॉलिसी 2013 के अधीन स्वीकृत परियोजना

अधिसूचना नं. पीएफ-27/48921 तिथि 19.08.2013 तथा इसमें संशोधन (विभाग वैबसाइट अर्थात् www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध विवरणों) के तहत टाऊन एण्ड कण्ट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित नीति के नियमों और शर्तों के अनुसार, मै. एसआरवी आटोमोटिव्स प्राई. लिमि. द्वारा विकसित की जाने वाली प्रस्तावित ''लैंडमार्क दि होम्ज 81'' के नाम पर अफोर्डेबल हाऊसिंग प्रोजैक्ट में 74 रिहायशी अपार्टमैंटों की बुकिंग तथा अलॉटमैंट के लिए आम जनता से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

परियोजना विवरण :

| | |
|---|---|
| 1. प्रोजैक्ट आईडी : | 113 |
| 2. कालोनाईजर्स / डिवैल्पर्ज : | मै. एसआरवी आटोमोटिव्स प्राई. लिमि. |
| 3. प्रोजैक्ट अप्रूवल्स : | लाईसैंस नं. 4 ऑफ 2021 तिथि 02.03.2021<br>बिल्डिंग प्लान्स मंजूर तहत मीमो नं. ZP-1466/SD (DK)/2021/12887 तिथि 02.06.2021<br>रेरा रजिस्ट्रेशन नं. 36 ऑफ 2021, तिथि 16.07.2021 |
| 4. स्थान : | सैक्टर 81, गुरुग्राम, हरियाणा |
| 5. परियोजना क्षेत्र : | 5.0 एकड़ सम्मिलित कुल 694 अदद अपार्टमैंट्स जिसमें से शेष / परित्यागे 74 अदद अपार्टमैंट्स उपलब्ध हैं। 4 अदद अपार्टमैंट्स मैनेजमैंट कोटा के लिए आरक्षित हैं। कम्युनिटी सुविधाएं : एक कम्युनिटी हाल 2046.83 वर्ग फुट तथा एक आंगनबाड़ी एवं क्रैच 2023.63 वर्ग फुट। |
| 6. सुविधाएं : | गेटिड एण्ट्री, सिक्योरिटी पोस्ट, ड्रॉप ऑफ जोन, विशाल पार्किंग,किड्स प्ले एरिया, वाटर बॉडी, बैडमिंटन कोर्ट, लान टैनिस, कमर्शियल काम्पलैक्स। |

7. जनता के लिए अपार्टमैंट्स पेशकश के ब्यौरे :

| यूनिट किस्म | यूनिट कारपैट एरिया @4200 (वर्ग फुट) | यूनिट बॉलकोनी एरिया @1000 (वर्ग फुट) | यूनिट की कुल कीमत (रु.) | ऑनलाइन आवेदन के समय पर (रु.) | यूनिटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| यूनिट-3 (2 बीएचके) | 559.82 | 179.33 | 2451264 | 117562.20 | 22 |
| यूनिट-4 (2 बीएचके) - (एमक्यू के अधीन 3 यूनिट्स) | 566.61 | 124.16 | 2479746 | 118988.10 | 9 |
| यूनिट-6 (1 बीएचके) | 348.04 | 85.34 | 1547121 | 73088.40 | 37 |
| यूनिट-7 (1 बीएचके) | 398.86 | 85.34 | 1760552 | 83760.60 | 5 |
| यूनिट-2 (3 बीएचके) (एमक्यू) | 644.86 | 152.34 | 2808412 | 135420.60 | 1 |

8. लागू जीएसटी तथा सैसिज, लैविज और फीसें आदि यूनिट की उपरोक्त कथित कुल कीमत से अधिक वसूल की जाएगी।

9. अदायगी नियम :
I. ऑनलाइन आवेदन सहित : बुकिंग राशि अर्थात् यूनिट की कुल कीमत का 5%
II. अलॉटमैंट पर : यूनिट की कुल कीमत का 20%
III. फ्लैट लागत की 75% राशि बिक्री के लिए एग्रीमैंट में निर्धारित अनुसार निर्माण के चरणों के अनुसार वसूली जाएगी। पेमैंट की देय तिथि से पहले देय पर ब्याज नहीं लगेगा। अदायगी में किसी विफलता पर एचआरईआरए के नियम 15, रूल्ज 2017 में बशर्ते कि पीनल इंट्रस्ट वहन करना होगा।

10. पार्किंग : प्रत्येक अपार्टमैंट के साथ दोपहिया वाहन पार्किंग।

11. अपार्टमैंट की ब्रॉड स्पैसीफिकेशन :
फ्लोरिंग : विट्रीफाइड/सैरेमिक टाइल्स, वाल फिनिश : ऑयल बोंड डिस्टैम्पर, किचन विवरण : एसएस एकल बाऊल सिंक, ग्रेनाइट टॉप प्लेटफॉर्म, बालकनी फ्लोरिंग : एंटी स्किड टाइल्स, रेलिंग : एम.एस. स्टील, विंडो / बाहरी दरवाजा : यूपीवीसी / एमएस / एल्यूमीनियम या समकक्ष, डोर : फ्लश डोर्स, बाथरूम फिटिंग्स : चिनावड़े या समकक्ष, सी.पी. फिटिंग्स : मॉडर्न तथा एलिगैंट, इलैक्ट्रिकल : तारों, स्विचों तथा सर्किटों के लिए आईएसआई चिन्हित उत्पाद।

12. एप्लीकेशन टाइमलाइन्स : आवेदन 04 अगस्त 2022 से शुरू https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home पर रजिस्ट्रेशन द्वारा ऑनलाइन भरे जाएंगे और ऑनलाइन आवेदन फार्म की जमा की अन्तिम तिथि 27 अगस्त 2022 है।

13. योग्यता :
1. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है परन्तु एक निर्दिष्ट कालोनी में एक आवेदक केवल एक आवेदन देगा। 2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, हालांकि पीएमएवाई लाभार्थी, जोकि ''प्रधानमंत्री आवास योजना - समूचे प्रोग्राम के लिए हाऊसिंग अलॉटमैंट में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी के अधीन शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा पहचाने गए, उनके दम्पति सहित या निर्भर बच्चे। प्रथम प्राथमिकता हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों को कथित टाऊन का अनुसरण करने वाले पहचाने गए लाभार्थियों को दी जाएगी। इसके बाद, शेष फ्लैटों के लिए, व्यक्तियों जो उनके दम्पति सहित या निर्भर बच्चे जो हरियाणा, यू.टी. चंडीगढ़ में शहरी क्षेत्रों की किसी हुडा की डिवैल्पड कालोनी / सैक्टर या किसी लाइसैंसशुदा कालोनी में फ्लैट / प्लाट कोई खुद का नहीं है और एनसीटी दिल्ली को फ्लैटों की अलॉटमैंट में अगली प्राथमिकता दी जाएगी। इस नीति के अधीन कोई सफल आवेदक किसी दूसरी कालोनी में इस नीति के अधीन किसी अन्य फ्लैट की अलॉटमैंट के लिए योग्य नहीं होगा। यदि पुरुष/महिला एक कालोनी से अधिक में सफल रहता है, पुरुष/महिला को केवल एक फ्लैट रखने के लिए चयन करना पड़ेगा। ऐसे सभी आवेदक इस प्रभाव से एक हल्फिया बयान जमा कराएंगे। 3. पैन कार्ड और आधार कार्ड अनिवार्य है।

14. अलॉटमैंट मापदण्ड :
1. अपार्टमैंटों की अलॉटमैंट कमेटी जिसमें डिप्टी कमिश्नर या उसके प्रतिनिधि (हरियाणा सिविल सर्विसिज के कैडर के कम से कम), सीनियर टाऊन प्लानर (सर्कल कार्यालय), जिला के सम्बन्धित डीपीटी और सम्बन्धित कालोनाइजर के प्रतिनिधि की उपस्थिति में ऑनलाइन ड्रा के जरिए की जाएगी। 2. ऑनलाइन ड्रा के लिए तिथि की फिक्सेशन के बाद, एक विज्ञापन तिथि / समय तथा उक्त समाचार-पत्र में ऑनलाइन ड्रा के स्थान सम्बन्धी विवरणों बारे डिवैल्पर सूचनाकार आवेदक द्वारा जारी किया जाएगा जिस में मूल विज्ञापन जारी किया गया था। जांच और अलॉटमैंट के लिए अपनाए जाने वाले विस्तृत मापदण्ड तथा समय फ्रेम के लिए आवेदक नं. पीएफ-27/48921 तिथि 19.08.2013 (विभाग की वैबसाइट अर्थात्, www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध) द्वारा नोटिफाइड अफोर्डेबल हाऊसिंग पॉलिसी 2013 में विवरणों का संदर्भ भी ले सकते हैं।
2. इवैंट में खरीदार (ों) किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या पुरुष / महिला मालिक से फ्लैट की खरीद की सुविधा के लिए ऋण सुविधा प्राप्त करने के इच्छुक हो डिवैल्पर सुविधा प्रक्रिया देगा परन्तु खरीदार (ों) को ऋण प्रदान करने की इन्कारी या अदायगी में किसी विलम्ब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

मैसर्ज एसआरवी ऑटोमोटिव्स प्राइवेट लिमिटेड, सीआईएन : U70100DL2005PTC134174
संयुक्त कार्यालय : लैंडमार्क हाऊस, प्लाट नं. 65, सैक्टर 44, गुरुग्राम, हरियाणा - 122003
कृपया सम्पर्क करें - 8929887878

## बैंक ऑफ इंडिया का पहली तिमाही का मुनाफा 22 प्रतिशत घटकर 561 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष (2023-23) की जून में समाप्त पहली तिमाही में 22 प्रतिशत घटकर 561 करोड़ रुपए पर आ गया। हालांकि, तिमाही के दौरान बैंक का डूबा कर्ज घटा है, लेकिन परिचालन खर्च उंचा रहने की वजह से उसके मुनाफे में कमी आई है। बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह सूचना दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 720 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। मार्च तिमाही की तुलना में भी बैंक का शुद्ध लाभ 7.4 प्रतिशत कम रहा है। बीओआई की कुल आय भी अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 11,124.36 करोड़ रुपए रह गई। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक की आय 11,641.37 करोड़ रुपए थी। आलोच्य तिमाही में बैंक का परिचालन खर्च 12 प्रतिशत बढ़कर 3,041 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले समान तिमाही में यह 2,715 करोड़ रुपए रहा था।

## आईओसी का 2030 तक कुल ईंधन जरूरत का 10 प्रतिशत हरित हाइड्रोजन से पूरा करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) कार्बन उत्सर्जन में कमी करने के लिए हरित ईंधन को बढ़ावा दे रही है। इसके तहत कंपनी ने 2030 तक अपनी रिफाइनरियों में इस्तेमाल होने वाले कम से कम 10 प्रतिशत जीवाश्म ईंधन को हरित हाइड्रोजन से बदलने का लक्ष्य रखा है। आईओसी ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि वह अपनी पानीपत और मथुरा रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है। वार्षिक रिपोर्ट में लिखा है, कंपनी हरित हाइड्रोजन के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है और कुल हाइड्रोजन में 2027-28 तक पांच प्रतिशत तथा 2029-30 तक 10 प्रतिशत हरित हाइड्रोजन को लक्षित कर रही है। हाइड्रोजन सबसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोत है, लेकिन यह पृथ्वी पर शुद्ध रूप में मुश्किल से मौजूद है। यह पानी में ऑक्सीजन के साथ या कार्बन के साथ जुड़ा होता है।

एक बार अन्य तत्वों से अलग हो जाने पर, हाइड्रोजन की उपयोगिता बढ़ जाती है। इसे ईंधन कोशिकाओं के जरिए बिजली में परिवर्तित किया जा सकता है। इसे कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन के बिना गर्मी या बिजली का उत्पादन करने के लिए दहन किया जा सकता है। आईओसी जीवाश्म ईंधन से बने हाइड्रोजन को हरित हाइड्रोजन से बदलने की कोशिश कर रही है। हरित हाइड्रोजन पानी को ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में तोड़कर तैयार किया जाता है।

## 10 करोड़ रुपए कारोबार वाली कंपनियों को एक अक्टूबर से बीटूबी सौदों के लिए ई-बिल निकालना होगा

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकृत और 10 करोड़ रुपए या इससे अधिक के वार्षिक कारोबार वाली कंपनियों को इस साल एक अक्टूबर से बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) लेनदेन के लिए ई-चालान निकालना अनिवार्य होगा। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वर्तमान में 20 करोड़ रुपए या उससे अधिक का कारोबार वाली कंपनियों को सभी तरह के बी2बी लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक इन्वॉयस बनाना अनिवार्य है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) ने एक अगस्त को जारी अधिसूचना में कहा कि एक अक्टूबर से ई-चालान की सीमा को घटाकर 10 करोड़ रुपए कर दिया गया है। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद ने इलेक्ट्रॉनिक चालान को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का निर्णय किया है। जीएसटी के तहत, एक अक्टूबर, 2020 से 500 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार वाली कंपनियों के लिए बी2बी लेनदेन पर ई-चालान अनिवार्य कर दिया गया था।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 3 अगस्त, 2022



# डीएम की क्लास में अधिकांश बच्चे निकले फिसड्डी

**● जिलाधिकारी ने किया पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गुढ़ाकलां का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित मिले कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब**

संवाददाता। बांदा

**जनपद के** विकास खण्ड नरैनी के कुल 68 प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालयों कम्पोजिट का एक साथ जिलाधिकारी अनुराग पटेल व उनके निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी नरैनी, उपजिलाधिकारी अतर्रा, तहसीलदार अतर्रा, तहसीलदार नरैनी, जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकरी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खण्ड विकास अधिकारी नरैनी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त जिला समन्वयक, बेसिक शिक्षा विभाग व अन्य अधिकारियों द्वारा मंगलवार को औचक निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल ने प्रात: 8.30 बजे पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गुढ़ाकलां का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय देवीशंकर त्रिपाठी परिचारक, अफशा याशमीन, शिवधीर एवं बाल किशन अनुदेशक अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा देवीशंकर त्रिपाठी परिचारक, अफशा याशमीन, शिवधीर एवं बाल किशन अनुदेशक के अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण मांगा गया तथा इनका एक दिवस का मानदेय भी रोका गया। जिलाधिकारी द्वारा छात्र.छात्राओं के उपस्थिति पंजीका का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कक्षा.6 से कक्षा.8 तक कुल पंजीकृत 129 बच्चो के सापेक्ष 41 बच्चे उपस्थित पाए गये।




जिलाधिकारी द्वारा कक्षा.8 के बच्चों को लगभग 2 घण्टा पढ़ाया गया। कक्षा.8 के छात्र छात्राओं से टेंस कितने प्रकार के होते है और बच्चें स्कूल जाते हैं को ट्रान्सलेट कराया गया, परन्तु कोई भी बच्चे न तो टेंस के प्रकार बता पाये और न ही ट्रान्सलेट कर पाये। कक्षा 8 की छात्रा सृष्टि शुक्ला शुद्ध चिल्ड्रेन की स्पेलिंग भी नहीं लिख पाई। 17 व 19 का पहाड़ा सुना गया और गुणा भाग हल करने को दिया गया परन्तु 2 बच्चों को छोड़कर कोई भी बच्चा पहाड़ा नहीं सुना पाये और न ही सवाल हल कर पाये। इसके साथ ही कक्षा.8 के बच्चो से हिन्दी पुस्तक के अध्याय.8 की कविता धानों का गीत के एक पैरा को लिखवाया गया परन्तु 02-03 बच्चों को छोड़कर कोई भी बच्चे शुद्ध हिन्दी नहीं लिख सके एवं कविता भी नहीं सुना पाये। साथ ही कक्षा.8 के कृतिका व विकास को छोड़कर डगरिया, कलगियों का अर्थ भी नहीं बता पाये। इसी प्रकार कक्षा.7 के बच्चों से देश का राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं झण्डा गीत को सुना गया, परन्तु कक्षा.7 की शिवानी को छोड़कर कोई भी बच्चे राष्ट्रगीत व झण्डा गीत तक नहीं सुना सके। विद्यालय की पठन.पाठन की स्थिति अत्यन्त खराब पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अध्यापक दिनेश सिंह, सहायक अध्यापक एवं आफशा याशमीन एवं बाल किशन अनुदेशक का स्पष्टीकरण मांगा गया तथा माह माह अगस्त 2022 का अग्रिम आदेशों तक वेतन-मानदय रोका गया। साथ ही विद्यालय में बच्चों के पठन.पाठन में शिथिल पर्यवेक्षण हेतु राजदुलारी प्रधानाध्यापक से भी स्पष्टीकरण मांगा गया। मौके पर उपस्थित अध्यापकों को 01 माह के अन्दर विद्यालय में पठन पाठन की गुणवत्ता में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये तथा सुधार न होने पर कड़ी कार्यवाही हेतु भविष्य के लिये सचेत किया गया। साथ ही विद्यालय में सफई व्यवस्था संतोषजनक न पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि 03 दिवस में अभियान चलाकर सम्पूर्ण विद्यालय की सफाई कराना सुनिश्चित करें।

## बिजली का करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत

**गाजीपुर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के भांवरकोल थाना इलाके के एक गांव में बिजली के करंट की चपेट में आने से पिता और पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार गाजीपुर जिले के भावरकोल थाने के माढूपुर गांव में सोमवार को आंगन में टंगे अरगनी (कपड़ा सुखाने के लिए लगाए गए तार) में करंट आने से सोमवार की सुबह कपड़ा उतारने गए किसान सतीश नारायण मालवीय (63) छटपटाने लगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बचाने पहुंचा उनका बेटा अंकित मालवीय (28) भी करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से झुलसे दोनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सोमवार की शाम दोनों शवों का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# नगर के पुस्तकालयों का डीएम ने किया निरीक्षण


नगर स्थित पुस्तकालयों का निरीक्षण करते डीएम डॉ. उज्वल कुमार

संवाददाता। गोंडा

**जिलाधिकारी डॉ** उज्वल कुमार ने आज मंगलवार को राजकीय जिला पुस्तकालय तथा महाराजा देवी बक्स सिंह पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय मिश्र को निर्देश देते हुए कहा कि पुस्तकालय में साफ-सफाई की व्यवस्था और ठीक कराई जाय, ताकि पुस्तकालय में तैयारी करने हेतु आने वाले छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। इसके साथ ही उन्होंने पुस्तकालय में साफ-सफाई, लाइट, बैठने आदि सभी व्यवस्थाएं सही कराये जाने के निर्देश दिये। यह भी कहा कि पुस्तकालय में आने वाले छात्र-छात्राओं का विशेष ध्यान रखा जाय। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ उज्वल कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में एआरटीओ बबीता वर्मा के द्वारा प्रस्तुत किये गये विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिले के विभिन्न चौराहों, स्पाट स्थानों आदि जगहों पर सड़क सुरक्षा की व्यवस्था के संबंध में वार्ता की गई। वहीं बैठक में आये हुये रघुकुल विद्यापीठ, रवि चिल्ड्रेन, सरस्वती शिशु मंदिर, महर्षि विद्यापीठ, यशमय स्कूल आदि विद्यालय के प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को निर्देश दिया कि विद्यालयों के द्वारा चलाये जा रहे वाहनों के वाहन चालकों एवं सहायक वाहन चालकों का वेरिफिकेशन अनिवार्य रुप से कराना सुनिश्चित करें। बैठक में डीएम ने यह भी बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर त्रिरंगा के कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी लोग अपने-अपने घरों में संस्थानों में कार्यालयों में त्रिरंगा को सम्मान के साथ जरूर लगायें। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, एआरटीओ बबीता वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम, व्यायाम शिक्षक संजय सिंह प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, ट्रैफिक इंस्पेक्टर सहित संबंधी विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत में लाइब्रेरी की स्थापना के साथ शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर रहेगा जोर: प्रदीप शुक्ला



**रूरा, कानपुर देहात।** प्रतिभावान छात्रों व जिज्ञासुओं की क्षुधा शीघ्र ही शान्त होने की सॅभावना बलवती हो चली है। नवॉगुतक अधिशासी अधिकारी प्रदीप शुक्ला ने पायनियर से बातचीत करते हुये बताया कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ साफ सफाई पर विशेष जोर दे शासन की योजनाओं से लोगों को आच्छादित व लाभान्वित किया जायेगा।

वर्ष 2009 बैच के प्रदीप कुमार शुक्ला जनपद की रूरा नगर पॅचायत में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व गाजियाबाद की निवाडी व संतकबीरनगर की बखेटा सहित अन्य नगर पॅचायतों में अपनी कर्मठ कार्यप्रणाली के चलते खासे लोकप्रिय थे। जमीनी धरातल में विकास का लाभ समाज के ॲतिम व्यक्ति को प्रदान करने के लिये वह कृत संकल्पित दिखे। जनता के सेवक के रूप में वह नगर पॅचायत के सभी लोगों का अपनी सेवायें देकर उनकी समस्याओं को हल करने का प्रयास करेंगे। नगर पॅचायत के रामलीला मैदान व जोगिन डेरा को फण्ड की कमी के बावजूद पूरी तरह से संतृत्व व विकसित करने के लिये हरसॅभव प्रयास किया जायेगा, अधिशासी अधिकारी ने बताया कि विभिन्न करों से प्राप्त लाभॉश में नगर निकायों के कुल बजट में नगर पॅचायतों का मात्र 20 प्रतिशत ही बजट का आवॅटन उसकी आबादी के अनुसार होता है, पिछले वर्षों में प्रदेश में करीब 65 नयी नगर पॅचायतों(जिसमें जनपद की नवसृजित मूसानगर, रनियॉ व कॅचौसी नगर पॅचायतों) एक चलते विकास में फण्ड की भारी कमी देखी गयी। फण्ड की कमी को दूर नगर पॅचायत को विकास से संतृप्त करने का प्रयास किया जायेगा। मूल रूप से लखीमपुर जनपद के निवासी रूरा में स्थानान्तरण के बाद नगर पॅचायत कार्यालय में ही निवास कर रहे है अपनी सादगी, व्यवहारकुशलता व विकास के विजन के चलते थोडे ही दिनों में गहरी छाप छोडी है।

## हाई स्कूल व इंटर मे उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी ने किया पुरस्कृत

**कानपुर देहात।** डीएम नेहा जैन की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय नबीपुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विद्यालय की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ तथा डीएम द्वारा उनको निस्तारण करने के लिये निर्देशित किया गया, बैठक से पूर्व डीएम विद्यालय के कक्षा 10 एवं 12 में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया। वही डीएम को कक्षा 11 के छात्र अनुपम शर्मा द्वारा जिलाधिकारी के स्क्रैच की गई चित्र को जिलाधिकारी को भेंट की , जिसकी सभी ने प्रशंसा की। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी के के पाण्डेय, केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य एके राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद कुमार द्विवेदी ,पीडब्ल्यूडी से आशुतोष चतुर्वेदी, केएस चौहान, सीमा शुक्ला, गोल्डन द्विवेदी आदि अधिकारीगण व अभिभावक सदस्य उपस्थित रहे।

## उपनिरीक्षक से निरीक्षक बनने पर किया सम्मानित

**गोंडा।** थाना कोतवाली करनैलगंज की भंभुआ चौकी प्रभारी रहे वेद प्रकाश शुक्ला के उपनिरीक्षक से निरीक्षक की पदोन्नति पर स्थानीय लोगों ने उन्हें सम्मानित किया है।


उपनिरीक्षक से निरीक्षक बने वेद प्रकाश शुक्ला को सम्मानित करते क्षेत्रीय लोग

सोमवार की शाम को भंभुआ पुलिस चौकी पर आयोजित कार्यक्रम में उपनिरीक्षक से निरीक्षक बने वेद प्रकाश शुक्ला को क्षेत्रीय लोगों ने फूलमाला पहनाकर एंव मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त किया। बता दें कि हाल ही में श्री शुक्ला को पदोन्नति मिली है। उनकी कार्य कुशलता देखते हुए एसपी आकाश तोमर ने उन्हें भंभुआ चौकी प्रभारी से कोतवाली करनैलगंज में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनाती दिया है। इस अवसर पर संतोष मिश्रा, कृष्ण कुमार तिवारी, सूरज अवस्थी, रहमान, अकमल खान, निर्मल शुक्ला, विवेक शुक्ला, ओमकार मिश्रा, परवेश मिश्रा, धरमपाल गुप्ता, शुभम गुप्ता, शिव प्रकाश पाठक, उमेश यादव सहित चौकी के अन्य पुलिसकर्मीगण मौजूद रहे।

## एसपी ने देवराहट एसओ सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ की कार्रवाई

**कानपुर देहात।** एसपी सुनीति ने देवराहट एसओ को निलम्बित कर दिया है, एसपी ने देवराहट थाना पुलिस के दो उपनिरीक्षकों व चालक सहित पॉच आरक्षियों को लाइन हाजिर कर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कडा सॅदेश दे दिया। एसपी की इस कार्यवाही से हडकम्प की स्थिति देखी गयी। पुलिसकर्मी कानून से ऊपर नहीं है अगर वह गैरकानूनी कार्यवाही करते है तो जैसे अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की जाती है वैसी ही कार्यवाही उनके खिलाफ भी की जानी चाहिये, एसपी सुश्री सुनीति ने देवराहट थाना प्रभारी आनन्द शर्मा को कुछ दिन पहले तार बरामदगी के मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध पाये जाने पर निलम्बित कर दिया गया वहीं उपनिरीक्षक, राजीव कुमार, शिशुपाल सिंह, मुख्य आरक्षी प्रभाष कुमार,चालक अनिल कुमार, आरक्षी नरेश कुमार व अजीत कुमार को भी तत्काल रूप से बर्खास्त कर दिया गया।

# दो दिन के भीतर अतिक्रमण न हटाने पर चलेगा बुलडोजर

**● एसडीएम, डिप्टी एसपी, एसओ, ईओ के नेतृत्व में अकबरपुर रोड पर सर्विस लेन पर मौजूद अतिक्रमण हटाने के लिये दी गयी सख्त चेतावनी से मचा हड़कंप**

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात


अतिक्रमण हटाने के लिये चेतावनी देते एसडीएम वागीश शुक्ला, सीओ प्रभात कुमार, एसओ प्रवीण कुमार यादव व न पं. कर्मी सैनूर अहमद


अकबरपुर रोड पर मिठाई दुकानदार को अतिक्रमण हटाने का आदेश देते एसडीएम

**ओआरबी** निर्माण के चलते सर्विस लेन पर हुये बेहताशा अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस प्रशासन तथा नगर पॅचायत ने कमर कस ली है। मॅगलवार को पूरे दल व बल के साथ सदर एसडीएम वागीश कुमार शुक्ला, डिप्टी एसपी प्रभात कुमार, एसओ रूरा प्रवीण कुमार यादव, ईओ प्रदीप कुमार शुक्ला, नगर पॅचायत के याद कुमार यादव, सैनूर अहमद के नेतृत्व अतिक्रमण हटाने से पूर्व अवैध कब्जेधारकों को सख्त चेतावनी दी गयी। अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों से दो दिन के भीतर अतिक्रमण न हटाने पर अतिक्रमण हटाने में होने वाला हर्जा खर्चा अवैध कब्जा धारकों के देने की चेतावनी दी गयी। अधिकारियों ने नगर पॅचायत से दो दिन बाद अतिक्रमण हटाने के लिये बुलडोजर तैयार रखने तथा अवैध अतिक्रमण करने वाले सामान को जब्त करने की चेतावनी दी।

रूरा बस स्टाप तिराहे व अकबरपुर रोड पर टीनशेड डालकर किये गये अस्थाई व पक्का निर्माण कर स्थायी अतिक्रमण से पुल को बने अप्रोच मार्ग के आस पास मर्ा से निकलना दूभर हो गया था वहीं अतिक्रमण से सर्विस रोड का निर्माण करने में घोर अडचने आ रही थी, मॅगलवार को अचानक सदर एसडीएम वागीश शुक्ला, सीओ प्रभात कुमार, रूरा एसओ प्रवीण कुमार यादव पूरे दल-बल के साथ कस्बे के अकबरपुर रोड, निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के दोनों ओर समानान्तर सर्विस रोड पर टीन, स्थायी निर्माण सहित अन्य कब्जे को हटाने के लिये पहुॅचे। सर्विस रोड पर अवैध अतिक्रमण देख प्रशासन तथा पुलिस भी हैरान रह गया, सडक के दोनों किनारों पर आठ से 12 फुट का अवैध अतिक्रमण देख अधिकारियों का पारा चढ गया। मुख्य तिराहे से पैदल ही सडक के दोनों ओर पैदल अधिकारियों ने दुकानदारों सहित मकान मालिकों से स्वत: अतिक्रमण हटाने की अपील की। अवैध अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गयी अगर दो दिनों के भीतर उन्होंने अवैध कब्जा नहीं हटाया तो बुलडोजर से अवैध अतिक्रमण हटाया जायेगा, अवैध अतिक्रमण पक्का हो अथवा अस्थायी सभी तरह का अतिक्रमण को धवस्त किया जायेगा, अगर प्रशासन को अतिक्रमण हटाना पडा तो अतिक्रमण हटाने में होने वाले खर्च को स्वयॅ अवैध कब्जाधारक को भुगतान करना होगा। अतिक्रमण की जद में आने वाले सामान को जब्त भी किया जायेगा। अतिकमण के खिलाफ चेतावनी देने के दौरान प्रमुख से एसडीएम वागीश शुक्ला, सीओ प्रभात कुमार, ईओ प्रदीप शुक्ला, नगर पॅचायकर्मी याद कुमार यादव, सैनूर अहमद सहित भारी सॅख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## क्विक न्यूज

### बुजुर्ग दंपति पर हमला, पति की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले में गंगापार सोरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत जुड़ापुर दांदू गांव में एक बुजुर्ग दंपति पर सोमवार रात हमला किया गया, जिसमें प्रेम प्रकाश मिश्रा (65) की मौत हो गई और उनकी पत्नी नीरजा मिश्रा को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस को मंगलवार सुबह सूचना मिली कि जुड़ापुर दांदू गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला घायल अवस्था में है। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर घर का सामान बिखरा हुआ पाया गया और आलमारी टूटी हुई मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि इससे लूटपाट के दौरान दंपति पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जिला अस्पताल में आग लगाने के मामले में आरोपी पर लगा रासुका

**संभल।** संभल के जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर कथित तौर पर आग लगाने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत आरोप लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि 28 जून को एक व्यक्ति ने जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर आग लगा दी थी। जांच के दौरान और सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर उस व्यक्ति की पहचान राजा अंसारी (21) के रूप में की गई, जो नखासा का निवासी है। उन्होंने बताया कि अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की संस्तुति पर जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने आरोपी पर रासुका लगा दिया है।

### कांवड़ियों के साथ मारपीट के आरोप में 11 लोग गिरफ्तार

**बदायूं।** कांवड़ लेकर जा रहे कुछ लोगों के साथ मारपीट करने के आरोप में बदायूं में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना सोमवार शाम वजीरगंज थाना क्षेत्र के दूगों गांव में उस समय हुई, जब कांवड़िए बरेली से लौट रहे थे, तभी एक समुदाय विशेष के लोगों ने स्पीकर पर गाना बजाए जाने पर ऐतराज किया। इस दौरान कांवड़ियों को कथित तौर पर मारा पीटा गया। पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह ने बताया कि इस घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें ग्राम प्रधान रिहान और पूर्व ग्राम प्रधान बाबू खान शामिल हैं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### पटाखे व बारूद में लगी आग के बाद विस्फोट, दो मंजिला मकान ढहा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के जहानाबाद कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को अपराह्न तीन बजे एक आतिशबाज के मकान में बड़ी मात्रा में रखे पटाखों में अचानक आग लग जाने से दो मंजिला मकान ढह गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिले के जहानाबाद कोतवाली पुलिस के अनुसार मोहल्ला मिश्रन टोला में आतिशबाज अजीम बेग का दो मंजिला मकान है और उसने आतिशबाजी बनाने का लाइसेंस ले रखा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आबादी के दूर गोदाम भी बनाया हुआ है और पटाखों और आतिशबाजी का घर में भी बड़ी मात्रा में स्टाक लगा रखा है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को अपराह्न लगभग तीन बजे घर के अंदर अचानक धमाका होने पर परिवार के लोग बाहर भागे पर आतिशबाज की तीन बेटियां मकान के अंदर ही रह गईं। पुलिस ने दो को लोगों की मदद से मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जबकि एक बेटी अब भी मलबे में दबी है। पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मी बचाव कार्य में लगे हैं।

### पुलिस ने बरामद की 82 बोटा सागौन की लकड़ी



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने मनकापुर क्षेत्र से काटकर बिक्री के लिए जा रही 82 बोटा सागौन की वेश कीमती लकड़ियां बरामद किया किया है। साथ ही लकड़ी ले जाने वाले पांच लोग गिरफ्तार हुए हैं। जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपये आंकी जा रही है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला को मुखबिर से सूचना मिली कि मनकापुर क्षेत्र से अवैध तरीके से काटकर 82 बोटा सागौन की वेश कीमती लकड़ियां लखनऊ बिक्री हेतु जा रही हैं। सूचना के आधार पर जहाँगिरवा रेलवे क्रासिंग के पास वाहन को रोक कर जब चेक किया गया तो उसमे लकड़ी लदी हुई थी। वाहन से लकड़ी को ले जाने वाले अनूप तिवारी निवासी दुर्गापुर थाना छपिया गोंडा, प्रताप चौहान निवासी सुरजापुर थाना मनकापुर गोंडा, सुनील कुमार निवासी करौदी थाना मनकापुर गोंडा, शिव प्रसाद निवासी दुर्गापुर बन्जरवा थाना छपिया गोंडा एवं गौरी शंकर पुत्र तिलक राम निवासी पल्टीपर थाना छपिया गोंडा को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 26 वन अधिनियम व 41/411 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारकर्ता टीम में निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल, दीवान जयनाथ यादव, शिव प्रकाश पाठक, नितेश साव, उमेश यादव व सत्येन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

### ई-श्रम कार्ड बनाने के लिए चलेगा अभियान

**गोंडा।** उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने बताया कि असंगठित क्षेत्र के कर्मकारो के राष्ट्रीय डाटाबेस बनाने तथा ईश्रम कार्ड से वंचित कर्मकारों का ई-श्रम कार्ड बनाने के उद्देश्य से दिनांक 3 व 4 अगस्त 2022 को एक अभियान चलाया जा रहा है। सभी असंगठित क्षेत्र के कर्मकार जिन्होंने अभी तक अपना ईश्रम कार्ड नहीं बनवाया है उनसे अपील की जाती है कि वह अपने निकट स्थित जनसुविधा केंद्र जाकर अपना ई-श्रम कार्ड निरूशुल्क बनवा सकते हैं।

### आज़ादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विकास भवन में मनाया गया पिंगली वेंकैया का जन्मदिवस

**कानपुर देहात।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय के निर्देशन में विकास भवन सभागर कक्ष में राष्ट्रीय ध्वज के अभिकल्पक पिंगली वेंकैया का जन्मदिवस समारोह कार्यक्रम उपायुक्त मनरेगा हरिशचन्द्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर उपायुक्त मनरेगा ने उनके जीवन चरित्र के बारे में सभी को जानकारी दी। इस मौके पर जिला कार्यक्रम विभाग के विजय बहादुर द्वारा उनके जन्म दिवस पर एक गीत प्रस्तुत किया गया, इस मौके पर उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव, पशु चिकित्साधिकारी डा0 देवकी नंदनलावनिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी डा0 उमेश कुमार गुप्ता आदि विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अग्रवाल सभा ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव, पेश किये कार्यक्रम

**पुखरायां, कानपुर देहात।** श्री अग्रवाल सभा रजि पुखरायां की ओर से हरियाली तीज पावन पर्व पर पुखरायां कस्बा स्थित श्री रामकली नन्दकिशोर अग्रवाल धर्मशाला में एक महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें सभी कार्यक्रम हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाये गए। दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया। जिसमें नृत्य, रंगोली, व नीम की छड़ी आदि कार्यक्रम संपन्न कराये गए। इस मौके पर पारंपरिक परिधान हरे रंग की साड़ी पहनकर महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की तादात बच्चे व महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बच्चों ने फिल्मों के पारंपरिक गीतों की धुन में नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं ने फूल-मालाओं से सजे झूले में बैठकर एक दूसरे को झुलाया। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति बहुत ही मनमोहक रही। कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने झूला झूलकर गीत गुनगुनाए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे से मिलकर तीज उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस दौरान अनुभव अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, प्रफुल्ल गोयल, प्रतीक सिंघल, शिखर गोयल, सृजन बंसल, गौरव अग्रवाल, सोनू गोयल, उत्कर्ष गोयल, नवनीत, प्रणय अग्रवाल, रजत गर्ग, मनु अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, दीपक बंसल, ममता अग्रवाल, रुचि गोयल आदि लोग उपस्थित रहे।

### धारदार हथियारों के हमले से मां व दो बेटियां घायल, रेफर

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के सुजगांवा में खड़ंजा पर मवेशी बांधने की विवाद को लेकर दो पक्षों में कुल्हाड़ी और लाठियां चल गईं। जिसमें मां व उसके पुत्र सहित दो बेटियां बुरी तरह लहूलुहान हो गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा है। थाना क्षेत्र के सुजगवां निवासी कन्हैया ने बताया कि उसके जानवर घर के सामने बांधते हैं। जिस पर राजा सिंह व मलखान ने एतराज किया था। वह मवेशियों को खोलकर बाहर गांव ले जाओ। जिस पर कन्हैया ने कहा कि हमारे पास मवेशी बांधने के लिए उचित स्थान नहीं है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज होने लगी थी। मौका पाकर मलखान पुत्र राजा सिंह, भाई सुखराम, हरपाल सिंह व संदीप लाठी डंडा व कुल्हाड़ी लेकर आ गए और मारपीट शुरू कर दी। कुल्हाड़ी लगने से रामसिंह की पत्नी मीरा देवी, उसकी दोनों विवाहिता पुत्रियां नरेश की पत्नी रूपा और सूर्यभान की पत्नी बंदना और कन्हैया का पुत्र रामसिंह बुरी तरह लहूलुहान हो गए हैं।

# धावकों ने भी जमाई धाक : मनप्रीत व अनीस का जलवा

## लंबी कूद में श्रीशंकर और याहिया, गोला फेंक में मनप्रीत फाइनल में, दुती बाहर

**भाषा।** बर्मिंघम

**भारत के** राष्ट्रीय रिकार्डधारक मुरली श्रीशंकर ने मंगलवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में शीर्ष पर रहकर जबकि मोहम्मद अनीस याहिया ने आठवां स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई। गोला फेंक में मनप्रीत कौर ने भी फाइनल में प्रवेश किया। वह उन नौ खिलाड़ियों में शामिल थीं जो 18 मीटर के स्वत: क्वालीफाइंग स्तर को हासिल करने में नाकाम रहीं। मनप्रीत ने हालांकि 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक के रूप में फाइनल में प्रवेश किया। मनप्रीत क्वालीफाइंग दौर में ग्रुप बी में 16.78 मीटर के प्रयास के साथ चौथे और कुल सातवें स्थान पर रहीं। मनप्रीत ने अपने तीसरे और अंतिम प्रयास में सर्वश्रेष्ठ दूरी तय की। उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 18.86 मीटर और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 18.06 मीटर है। भारत की शीर्ष धाविका दुती चंद हालांकि 100 मीटर में शुरुआती हीट रेस में कुल 27वें स्थान पर रहते हुए स्पर्धा से बाहर हो गईं। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक (11.17 सेकेंड) दुती हीट नंबर पांच में 11.55 सेकेंड के निराशाजनक प्रदर्शन से चौथे स्थान पर रहीं। छब्बीस साल की दुती का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11.40 सेकेंड है जो उन्होंने जून में राष्ट्रीय अंतरराज्र्ईय चैंपियनशिप के दौरान हासिल किया था। उन्होंने जून में कजाखस्तान में हवा की मदद के बीच 11.38 सेकेंड में रेस पूरी की थी। स्वर्ण पदक के दावेदार 23 साल के श्रीशंकर आठ मीटर का स्वत: क्वालीफिकेशन स्तर हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे। उन्होंने ग्रुप ए में अपने पहले प्रयास में ही 8.05 मीटर की कूद लगाकर फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने आगे कोई प्रयास नहीं किया। उनकी कूद में हालांकि हवा से भी मदद मिली। तब हवा की गति प्लस 2.7 मीटर प्रति सेकंड की थी। अमेरिका के यूजीन में हाल में संपन्न हुई विश्व चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहने वाले श्रीशंकर का सत्र का और निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.36 मीटर है। दूसरी तरफ याहिया ग्रुप बी क्वालीफिकेशन दौर में तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने अपने तीन प्रयासों में 7.49 मीटर, 7.68 मीटर और 7.49 मीटर की दूरी तय की। उनका सत्र का और निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.15 मीटर है। आठ मीटर का स्वत: क्वालिफिकेशन स्तर हासिल करने वाले खिलाड़ी सहित सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई।


लंबी कूद अनीस


पैडलर साथियान


लानबाल

### पदक तालिका

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ट्रेलिया | 32 | 22 | 25 | 79 |
| 2. | इंग्लैंड | 25 | 27 | 14 | 66 |
| 3. | न्यूजीलैंड | 13 | 7 | 5 | 25 |
| 4. | कनाडा | 8 | 11 | 18 | 37 |
| 5. | द अफ्रीका | 5 | 4 | 4 | 13 |
| 6. | भारत | 5 | 4 | 3 | 12 |

## क्लीन एवं जर्क में नाकामी से अंतिम स्थान पर रही भारोत्तोलक पूनम यादव

**बर्मिंघम।** भारत की तरफ से पदक की प्रबल दावेदार पूनम यादव क्लीन एवं जर्क में तीनों प्रयास में नाकाम रहने के कारण राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में महिलाओं के 76 किग्रा भार वर्ग में मंगलवार को यहां आखिरी स्थान पर रही। पूनम ने स्नैच में 98 किग्रा भार उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया था लेकिन क्लीन एवं जर्क में वह अपने तीनों प्रयास में 116 किग्रा भार नहीं उठा पाई। पूनम 69 किग्रा में राष्ट्रमंडल खेलों की मौजूदा चैंपियन है। पूनम ने स्नैच में अपने पहले प्रयास में नाकाम रहने के बाद दूसरे प्रयास में 95 तथा तीसरे और अंतिम प्रयास में 98 किग्रा भार उठाकर स्वयं को पदक की दौड़ में शामिल कर लिया था। पूनम ने क्लीन एवं जर्क में अपने तीसरे प्रयास के बाद जजों के फैसले को चुनौती दी थी लेकिन उसे नकार दिया गया और इस तरह से वह प्रतियोगिता से बाहर हो गई। कनाडा की माया लेलोर ने कुल 228 किग्रा भार उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 100 और क्लीन एवं जर्क में 128 किग्रा भार उठाया। पूनम स्नैच में उनके बाद दूसरे स्थान पर चल रही थी।

### आईडब्ल्यूएलएफ ने पूनम पर दोष मढ़ा, चोट के बावजूद प्रतिस्पर्धा पेश करने का दावा किया



**बर्मिंघम।** भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने मंगलवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलो मे पूनम यादव के लचर प्रदर्शन के बाद दावा किया कि इस भारोत्तोलक ने पूरी तरह फिट नही होने के बावजूद प्रतिस्पर्धा पेश की। पूनम महिला 76 किग्रा वर्ग के क्लीन एवं जर्क मे अपने तीनो प्रयासो मे नाकाम रही जिसके कारण उन्हे डिस्क्वालीफाई कर दिया गया। महिला 69 किग्रा मे गत राष्ट्रमंडल चैपियन पूनम स्नैच के बाद रजत पदक जीतने की दौड़ मे थी। उन्होंने स्नैच मे अपने तीसरे प्रयास मे 98 किग्रा वजन उठाया था। पूनम के प्रदर्शन से निराश राष्ट्रीय महासंघ के प्रमुख ने कहा कि इस भारोत्तोलक ने घुटने मे चोट के बावजूद प्रतिस्पर्धा पेश की। यादव ने पीटीआई से कहा, एक पदक हाथ से छूट गया- स्पष्ट तौर पर उसने भारोत्तोलन मे एक पदक जाने दिया। यही कारण है कि हमने शुरुआत मे उसका नाम रोककर रखा था लेकिन खिलाड़ी ने दावा किया कि वह फिट है और एक चिकित्सक का फिटनेस प्रमाण पत्र दिखाया। अगर आपने उसके प्रयासो पर गौर किया हो तो क्लीन से जर्क पर भार उठाते हुए वह अपनी सर्वश्रेष्ठ ताकत नही लगा रही थी। पूरी ताकत लगाने के लिए घुटने को मोड़ना पड़ता है।

## पागे और रावत 1500 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में, नटराज 200 मीटर बैकस्ट्रोक से बाहर



**बर्मिंघम।** भारतीय तैराक अद्वैत पागे और कुशाग्र रावत ने मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलो मे अपनी अपनी हीट मे चौथे स्थान पर रहकर पुरूषो की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल मे प्रवेश कर लिया। पागे ने पहली हीट मे 15 : 39 . 25 सेकंड का समय निकाला जबकि रावत ने दूसरी हीट मे 15 : 47 . 77 सेकंड का समय निकाला। दोनो हीट से शीर्ष आठ तैराक फाइनल मे पहुंचे। इससे पहले श्रीहरि नटराज ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक मे सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकाला लेकिन वह हीट दो मे तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई करने मे नाकाम रहे। नटराज ने दो मिनट 00:84 सेकंड का समय लिया और वह इस स्पर्धा के फाइनल मे पहले रिजर्व खिलाड़ी होंगे। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो मिनट 01.70 सेकंड का था, जो उन्होंने 2019 मे एफआईएनए विश्व जूनियर तैराकी चैपियनशिप मे हासिल किया था। तैराकी मे खिलाड़ी के समय को राष्ट्रीय रिकॉर्ड तभी माना जाता है जब इसे राष्ट्रीय तैराकी चैपियनशिप मे हासिल किया गया हो। इसलिए, अन्य मुकाबलो मे इसे सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है। इंग्लैंड के ल्यूक ग्रीनबैक ने एक मिनट 56.33 सेकंड के समय के साथ हीट अपने नाम की, जबकि दक्षिण अफ्रीका के पीटर कोएट्ज़ ने एक मिनट 58.08 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। तीन हीट मे से सर्वश्रेष्ठ आठ तैराको ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नटराज नौवें स्थान पर रहे और उन्हे पहले रिजर्व के रूप मे रखा गया है।

## हरजिंदर के मजबूत हाथों का कारण है भूसा काटने वाली मशीन



**चंडीगढ़।** राष्ट्रमंडल खेलो की कांस्य पदक विजेता भारोत्तोलक हरजिंदर कौर ने कहा है कि मवेशियो के चारे का भूसा काटने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मशीन पर काम करने से उन्हे अपने हाथो को मजबूत करने मे मदद मिली। हरजिंदर ने सोमवार को बर्मिंघम मे महिलाओ के 71 किग्रा वर्ग मे कांस्य पदक जीता। किस्मत हरजिंदर के साथ थी क्योकि नाइजीरिया की स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार जॉय एजे को क्लीन एवं जर्क मे तीन असफल प्रयास के बाद डिस्क्वालीफाई कर दिया गया जिससे हरजिंदर को पोडियम पर जगह बनाने का मौका मिला। हरजिंदर ने बर्मिंघम से फोन पर पीटीआई से कहा, मै अपने पिता के साथ घर और खेतो मे काम करती थी और इसलिए मेरे हाथ मजबूत है। हरजिंदर के बड़े भाई प्रीतपाल सिंह ने कहा कि वह अपने किसान पिता की खेतो मे मदद करती थी और इसने भी वह मजबूत बनी। पटियाला के नाभा इलाके के गांव मेहसा की रहने वाली हरजिंदर ने कहा कि उन्हे राष्ट्रमंडल खेलो मे पदक जीतने का पूरा भरोसा था। हरजिंदर ने कहा, मेरे दिमाग मे यह कभी नही आया कि मै पदक नही जीतूंगी।

### भारत का आज का कार्यक्रम

**एथलेटिक्स** : महिला शॉटपुट फाइनल : मनप्रीत कौर (रात 12 . 35 पर), **मुक्केबाजी** : महिला 45 से 48 किलो क्वार्टर फाइनल : नीतू गंघास (दोपहर 4 . 45 से), 48 से 50 किलो क्वार्टर फाइनल : निकहत जरीन (रात 11.15 से), 66 से 70 किलो क्वार्टर फाइनल : लवलीना बोरगोहेन (रात 12 . 45 से), पुरूष : 54 से 57 किलो क्वार्टर फाइनल : हुसामुद्दीन मोहम्मद (5 . 45 से), 75 से 80 किलो क्वार्टर फाइनल : आशीष कुमार (रात दो बजे से), **क्रिकेट** : महिला टी20 भारत बनाम बारबाडोस ,हॉकी : महिला पूल ए : भारत बनाम कनाडा (दोपहर 3. 30 से), पुरूष पूल बी : भारत बनाम कनाडा (शाम 6 . 30 से), **जूडो** : महिला 78 किलो क्वार्टर फाइनल : तूलिका मान (दोपहर 2 . 30 से), पुरूष 100किलो प्री क्वार्टर फाइनल : दीपक देसवाल (दोपहर 2 . 30 से), **लॉन बॉल्स** : पुरूष एकल : मृदुल बोरगोहेन (दोपहर एक और चार बजे), महिला युगल : भारत बनाम नीयू (दोपहर एक और चार बजे), पुरूष फोर : भारत बनाम कुक आईलैंड्स और इंग्लैंड (शाम 7 . 30 और रात 10 . 30 से), महिला ट्रिपिल : भारत बनाम नीयू (शाम 7 . 30से), **स्क्वाश** : पुरूष युगल अंतिम 32 : भारत बनाम श्रीलंका (दोपहर 3 . 30 से), भारोत्तोलन : लवप्रीत सिंह पुरूष 109 किलो : दोपहर 2 बजे से , पूर्णिमा पांडे महिला 87 किलो : शाम 6 . 30 से , गुरदीप सिंह पुरूष 109 किलो : रात 11 बजे से।

# इंग्लैंड से हारी भारतीय महिला हॉकी टीम



**बर्मिंघम।** भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों में पहली कठिन चुनौती का सामना नहीं कर सकी और पूल ए के मैच में मंगलवार को इंग्लैंड ने उसे 3-1 से हरा दिया। इंग्लैंड के लिए जिसेले एंसले ने तीसरे मिनट में पहला गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। टेस हॉवर्ड ने तीसरे क्वार्टर में 40वें मिनट में दूसरा गोल किया जबकि हन्नाह मार्टिन ने चौथे और आखिरी क्वार्टर में 53वें मिनट में इंग्लैंड का तीसरा गोल दागा। भारत के लिए एकमात्र गोल आखिरी मिनट पर वंदना कटारिया ने किया। भारतीय टीम 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक के मुकाबले में इंग्लैंड से 6-0 से मिली हार का बदला चुकता करने उतरी थी लेकिन उसे नाकामी मिली। इसी इंग्लैंड टीम ने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में भारत को 4-3 से हराकर भारतीय हॉकीप्रेमियों का दिल तोड़ा था। भारत ने पहले मैच में घाना को 5 . 0 से और फिर वेल्स को 3-1 से हराया था। अब उसे कनाडा से खेलना है। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड ने आक्रामक शुरूआत की और गेंद पर नियंत्रण बना लिया। दूसरे ही मिनट में उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर गोल नहीं हो सका लेकिन अगले ही मिनट मिले पेनल्टी कॉर्नर को तब्दील करके उसने बढ़त बनाई। दूसरे क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। भारत ने वापसी की कोशिश की लेकिन इंग्लैड के डिफेंडर काफी मुस्तैद थे। इंग्लैंड की गोलकीपर मेडलीन हिंच ने खास तौर पर जबर्दस्त खेल दिखाते हुए भारत की हर कोशिश को नाकाम किया। तीसरे क्वार्टर में हन्नाह मार्टिन के पास पर हॉवर्ड ने गेंद को भारतीय गोल के भीतर डालकर इंग्लैंड की बढ़त 2-0 की कर दी। चौथे क्वार्टर में मार्टिन ने गोल करके टीम की जीत पर मुहर लगा दी।

### घोषाल सेमीफाइनल में हारे

**बर्मिंघम।** भारत के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल को मंगलवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के पॉल कोल के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी पॉल कोल ने दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी घोषाल को सीधे गेम में 3-0 (11 - 9, 11 - 4, 11 - 1) से हराया। फाइनल में पॉल कोल की भिड़ंत बुधवार को इंग्लैंड के जेम्स विल्सट्रोप और वेल्स के जोएल मेकिन के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगी। घोषाल बुधवार की कांस्य पदक के मुकाबले में दूसरे सेमीफाइनल में हारने वाले खिलाड़ी से भिड़ेंगे।

# पुरुष हॉकी टीम की नजर सेमीफाइनल पर

● कनाडा के खिलाफ जीत के लिए उतरेगी



**बर्मिंघम।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में कनाडा के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए अनुशासित प्रदर्शन करने के साथ अनावश्यक कार्ड (अनुशासनात्मक निलंबन) से बचने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में घाना पर 11-0 की शानदार जीत के बाद भारतीय टीम ने मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ तीन गोल की बढ़त को गंवा दी। पूल बी का यह मुकाबला 4-4 की बराबरी पर छूटा। इस मैच में भारतीय खिलाड़ियों को तीन बार कार्ड दिखाया गया जिसने इंग्लैंड के काम को आसान कर दिया। वरुण कुमार को दो बार कार्ड दिखाया गया जिसमें पहले हाफ में उन्हें पांच मिनट के लिए और दूसरे हाफ में 10 मिनट के लिए मैदान से बाहर बैठना पड़ा। इसके अलावा अंतिम क्वार्टर में खतरनाक खेल के लिए गुरजंत सिंह को 10 मिनट के लिए मैच से निलंबित कर दिया गया। इंग्लैंड ने भारतीय टीम की चूक का पूरा फायदा उठाते हुए रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाया और भारत को अंक साझा करने पर मजबूर कर दिया। भारत के उप-कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने स्वीकार किया कि टीम को टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए अधिक अनुशासित होने की जरूरत है।

### सैयद रफत बने कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष

लखनऊ। भारत में जापानी मार्शल आर्ट कोबुडो अपनी फाइटिंग स्किल व तकनीक के चलते लोकप्रिय हो रही है। इसको देखते हुए कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया का पुर्नगठन लखनऊ में हुई आमसभा की बैठक में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सैयद रफ त जुबैर रिजवी को एसोसिएशन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। एसोसिएशन के चेयरमैन आनंद किशोर पांडेय ने सर्वसम्मति मंजूरी दी।

### सहारा क्लब ने एलडीए क्लब को हराया

**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में सहारा क्लब ने एलडीए क्लब को हराया। पहले मैच में सहारा क्लब ने एल डी ए क्लब ;को 2-0 से हराया। सहारा क्लब की ओर से अंकुर ने 26, 48 वे मिनट में गोल किया। दूसरा मैच युवा क्लब और रेड स्टार क्लब के बीच हुआ जिसमें दोनों टीमे कोई गोल ना कर सकी अतः में यह मैच 0-0 से ड्रा हो गया। ग्रे जर्सी में युवा क्लब की टीम और हरी ओर पीली जर्सी में रेड स्टार क्लब की टीम है।

### वापसी पर पहला एकल मैच हारी वीनस

**वाशिंगटन।** वीनस विलियम्स की एक साल बाद एकल मे वापसी सुखद नही रही और उन्हे यहां सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर मे ही कनाडा की रेबेका मैरिनो से हार का सामना करना पड़ा। मैरिनो ने इस मैच मे सात बार की ग्रैड स्लैम चैपियन वीनस विलियम्स को 4-6, 6-1, 6-4 से हराया। यह पिछले साल अगस्त के बाद वीनस का पहला एकल मैच था। वीनस इस बीच कुछ युगल मैचो मे खेली थी। उन्होंने विबलडन मे ब्रिटेन के जेमी मे के साथ मिश्रित युगल मे भाग लिया था।

## मंधाना ने टी-20 में करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग हासिल की



**भाषा।** दुबई

राष्ट्रमंडल खेलों में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 रन बनाने वाली मंधाना ने पाकिस्तान के खिलाफ 42 गेंद में 63 रन की नाबाद पारी खेली। इस पारी के बाद उन्होंने रैंकिंग में न्यूजीलैंड की सोफी डेवाइन को पीछे छोड़ दिया। वह दूसरे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी से दो रेटिंग अंक पीछे है। मूनी के नाम 707 रेटिंग अंक है जबकि उनकी हमवतन मेग लानिंग 733 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना एकदिवसीय में रैंकिंग में शीर्ष पर रह चुकी है। वह टी20 रैंकिंग में पहले भी तीसरे स्थान पर पहुंच चुकी है। इसी बीच न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स दो स्थान के सुधार के साथ छठे पायदान पर पहुंच गई। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 64 गेंद में 91 रन की शानदार पारी खेली थी। ऑस्ट्रेलिया की तहलिया मैकग्रा (एक स्थान के सुधार के साथ 12वें), भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार स्थान की सुधार के साथ 14वें), पाकिस्तान की निदा डार (तीन पायदान के सुधार के साथ 40वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका की सी. ट्रायोन (पांच पायदान के फायदे से 47वें स्थान पर) ने भी बल्लेबाजों की सूची में सुधार किए हैं।

### एशिया कप क्रिकेट में 28 अगस्त को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप में 28 अगस्त को पाकिस्तान का सामना करेगी दोनों टीमों के बीच चार सितंबर को सुपर फोर चरण में दूसरा मुकाबला हो सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने संयुक्त अरब अमीरात के दुबई और शारजाह में 27 अगस्त से 11 सितंबर तक टी20 प्रारुप में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा ट्विटर पर की। इस बात की काफी संभावना है कि एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम के ज्यादातर सदस्य टी20 विश्व कप की टीम में होंगे। जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा , इंतजार की घड़ियां खत्म हुई। 27 अगस्त से एशियाई क्रिकेट में प्रभुत्व का मुकाबला। फाइनल 11 सितंबर को होगा। एशिया कप का 15वां सत्र टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए आदर्श होगा।

## मैकॉय के छह विकेट से वेस्टइंडीज ने भारत से श्रृंखला बराबर की

● दूसरे टी20 के दूसरे मैच में भारत को पांच विकेट से हराया

**भाषा।** सेंट किट्स एवं नेविस



**बाएं हाथ के** तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय के छह विकेट के बाद ब्रेंडन किंग की अर्धशतकीय पारी से वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां भारत को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों श्रृंखला।-। से बराबर कर ली। मैन ऑफ द मैच मैकॉय ने चार ओवर में 17 रन देकर छह विकेट लेते हुए अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह टी20 अंतराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज के किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। किंग ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंद में आठ चौके और दो छक्कों से सजी पारी में 68 रन बनाए। आखिरी ओवरों में विकेटकीपर डेवन थॉमस ने 19 गेंद में नाबाद 31 रन की पारी खेल वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज ने 19.2 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाकर जीत दर्ज की। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग और काइल मायर्स ने पावरप्ले में 46 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दिलाई। सातवें ओवर में हार्दिक ने हालांकि मायर्स की 14 गेंद में आठ रन की पारी को खत्म किया। किंग ने एक छोर संभाले रखा जबकि दूसरे छोर से कप्तान निकोलस पूरन (14) और शिमरोन हेटमायर (छह रन) को क्रमश: रविचंद्रन अश्विन (32 रन पर एक विकेट) और रविन्द्र जडेजा (16 रन पर एक विकेट) ने चलता किया। आवेश खान (31 रन पर एक विकेट) ने 16वें ओवर में किंग को बोल्ड कर भारत की वापसी कराई तो वहीं 19वें ओवर में अर्शदीप सिंह (26 रन पर एक विकेट) ने रोवमैन पॉवेल (पांच रन) को बोल्ड कर मैच में रोमांच बढ़ा दिया। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को 10 रन की जरूरत थी और कप्तान रोहित शर्मा ने गेंद आवेश खान को थमाई। आवेश की पहली ही गेंद नो बॉल हो गई और फिर फ्री हिट पर थॉमस ने छक्का और फिर दूसरी गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले टीम किट के देर से आने के कारण मैच तीन घंटे की देरी से शुरू हुआ। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारतीय टीम पूरी पारी के दौरान कभी लय हासिल नहीं कर सकी। रोहित (शून्य) मैच की पहली गेंद पर आउट हो गए। भारतीय बल्लेबाजों को यहां के वार्नर पार्क की पिच की गति और उछाल को समझने में काफी परेशानी हुई और मैकॉय ने अपनी विविधता का शानदार इस्तेमाल करते हुए करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी अतिरिक्त उछाल का बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। लगातार दूसरे मैच में पारी का आगाज करते हुए सूर्यकुमार यादव (11) ने मैकॉय के खिलाफ कवर्स के ऊपर से छक्का जड़ा लेकिन इसके तुरंत बाद विकेटकीपर को कैच थमा कर पवेलियन लौट गए।

## शतरंज ओलंपियाडः गुकेश के शानदार खेल से भारत-बी टीम ने दर्ज की लगातार पांचवीं जीत



**मामल्लापुरम (तमिलनाडु)।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने मंगलवार को यहां 44वे शतरंज ओलंपियाड के पांचवें चरण मे बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व चैंपियनशिप के पूर्व चैलेंजर एलेक्सी शिरोव को हरा दिया, जिससे भारत-बी टीम ने चौथी वरीयता प्राप्त स्पेन को 2.5-1.5 के शिकस्त दी। टूर्नामेंट के ओपन वर्ग मे भारत-बी टीम की यह लगातार पांचवी जीत है। इस जीत से गुकेश लाइव रेटिंग मे विदित गुजराती को पछाड़कर विश्वनाथन आनंद और पी. हरिकृष्णा के बाद भारत मे तीसरे सबसे ज्यादा रेटिंग वाले खिलाड़ी बन गए। टीम के अन्य मुकाबलो में बी. अधिबान ने ग्रैड मास्टर एडुआर्डो इटुरिजागा को शिकस्त दी। जबकि निहाल सरीन ने एंटोन गुइजर को ड्रॉ पर रोक दिया। ओपन वर्ग मे भारत-ए और भारत-सी टीमो ने क्रमशः रोमानिया और क्रोएशिया के खिलाफ 2.5-1.5 के समान अंतर की जीत दर्ज की। महिला वर्ग मे भारत-ए टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है जिसने फ्रांस को 2.5-1.5 के अंतर से हरा कर लगातार पांचवी सफलता हासिल की। तानिया सचदेव ने इस टीम के लिए एक बार फिर जीत दर्ज की जबकि कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली हरिका और आर. वैशाली ने ड्रा मुकाबले खेल अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियो से अंक साझा किए। भारत की महिला-बी टीम जॉर्जिया से 0-3 के स्कोर से हार गई, जबकि टीम सी ने ब्राजील को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया।

### डोपिंग मामले में धनलक्ष्मी तीन साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष महिला धावकों मे से एक सेकर धनलक्ष्मी को प्रतियोगिता से इतर डोपिग जांच मे पॉजिटिव पाए जाने पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। धनलक्ष्मी का नमूना दो मई को तुर्की के अंताल्या में लिया गया था। वह तुर्की मे एक अन्य खिलाड़ी के साथ अभ्यास कर रही थी। उनके नमूने मे मेटांडियनोन मिला जो वाडा कोड के तहत प्रतिबंधित सामग्री है।

## सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप के फाइनल में भारत, बांग्लादेश से होगी भिड़ंत



**भुवनेश्वर।** भारत ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मंगलवार को यहां अपने अंतिम लीग मैच मे मालदीव को।-0 से हराकर सैफ अंडर-20 फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल मे जगह बनाई। भारत ने यहां कलिंगा स्टेडियम मे 89वे मिनट मे गुरकीरत सिंह के गोल की बदौलत जीत दर्ज की। शुक्रवार को खिताबी मुकाबले मे भारत की भिड़ंत बांग्लादेश से होगी। बांग्लादेश ने अपने अंतिम मुकाबले मे नेपाल से।-। से ड्रॉ खेला।